वर्ष-31, अंक- 243, पृष्ठ-12 | असाढ़ कृष्ण पक्ष 09, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
शुक्रवार
20 जून 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

पेज 12



## एक नजर

### नीट पेपर लीक केस : रांची और पटना में कई ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

**रांची/पटना (आईएएनएस)।** साल 2024 के नीट पेपर लीक से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार सुबह रांची के बरियातू , बिहार के पटना, और नालंदा में कई ठिकानों पर छापेमारी शुरू की है। जानकारी के अनुसार, पेपर लीक के मास्टरमाइंड बिहार निवासी संजीव मुखिया, उसके कई रिश्तेदार और करीबी इस मामले में ईडी की जांच के दायरे में हैं। पेपर लीक के मामले में चल रही सीबीआई जांच में बड़े पैमाने पर रकम के लेनदेन का मामला उजागर होने के बाद ईडी ने इसीआईआर (इन्फोर्समेंट केस इन्फॉर्मेशन रिपोर्ट) दर्ज कर मनी लॉन्ड्रिंग की जांच शुरू की है। मई 2024 में मेडिकल के यूजी कोर्स में दाखिले के लिए आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश (नीट) परीक्षा के बाद पेपर लीक की खबरें सामने आने के बाद इस मामले की जांच सबसे पहले पटना की आर्थिक अपराध इकाई ने शुरू की थी। बाद में यह मामला सीबीआई को सौंप दिया गया था। जांच में इस मामले के मास्टरमाइंड के रूप में संजीव मुखिया का नाम सामने आया था, जिसे 24-25 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था। वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में जेल में है।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

## महिलाओं के विरुद्ध बढ़ते अपराधों पर नियंत्रण के लिए जिला स्तर पर महिला कोषांग का होगा पुनर्गठन

- **हर महीने दो बैठकें, पुलिस और समाज के प्रतिनिधियों की संयुक्त भागीदारी अनिवार्य**



**मेदिनीनगर।** महिलाओं के विरुद्ध अत्याचार, उत्पीड़न और अपराध की घटनाओं में हो रही चिंताजनक वृद्धि को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने महिला सुरक्षा की दिशा में एक सशक्त पहल की है। पलामू प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक नौशाद आलम ने आदेश में कहा है कि प्रमंडल के तीनों जिला में महिला थाना या जिला मुख्यालय स्तर पर महिला कोषांग का पुनर्गठन किया जाएगा। जारी आदेश में कहा गया है कि घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न, बालिका तस्करी, दहेज प्रताड़ना, डायन प्रथा व वृद्ध महिलाओं पर हो रहे अत्याचार की रोकथाम के लिए केवल पुलिस कार्रवाई पर्याप्त नहीं है, बल्कि इसमें समाज की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।

**नए कोषांग में शामिल रहेंगे ये सदस्य :** महिला कोषांग की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक करेंगे, जबकि सचिव का दायित्व महिला थाना प्रभारी या पुलिस निरीक्षक को सौंपा जाएगा। कोषांग में पुलिस व प्रशासन के पदाधिकारियों के साथ-साथ समाज के विभिन्न क्षेत्रों की सक्रिय महिला प्रतिनिधियों को शामिल किया जाएगा।इनमें महिला उपाधीक्षक, महिला निरीक्षक व हवलदार, जिला कल्याण पदाधिकारी, बाल विकास पदाधिकारी, समाजसेवी महिला, महिला महाविद्यालय की प्राचार्य, महिला चिकित्सक,महिला अधिवक्ता व महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग के अध्यापक को शामिल किया जाएगा। महिला कोषांग की बैठकें हर माह कम से कम दो बार आयोजित की जाएंगी। यदि अध्यक्ष बैठक में उपस्थित नहीं हो सकें तो सचिव की अध्यक्षता में बैठकें संपन्न की जाएंगी। बैठक में कम से कम पाँच सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। बैठक की रिपोर्ट सचिव द्वारा तैयार कर जिला के पुलिस अधीक्षक (अपराध अनुसंधान) को भेजी जाएगी। इस कोषांग की स्थापना से जहां गैर-जरूरी मुकदमों में कमी आएगी, वहीं घरेलू हिंसा और महिला संबंधी अपराधों का त्वरित समाधान हो सकेगा।

शेष पेज 11 पर...

## अनियंत्रित हाईवा ट्रेलर ने बाइक सवारों को रौंदा, दो की मौत, एक गंभीर

**नवीन मेल संवाददाता**



**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र के अररुआ खुर्द मध्य विद्यालय के समीप एनएच-139 पर बुधवार की देर रात करीब 11:30 बजे एक अनियंत्रित हाईवा ट्रेलर ने सड़क के दूसरी ओर जाकर सड़क किनारे खड़े तीन युवकों को रौंद दिया।

मौके पर ही बेलोदर निवासी रंजन कुमार सिंह (पुत्र - अनिल कुमार सिंह, उम्र 25 वर्ष) की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं, दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल बिगहापर टोला निवासी दीपक कुमार यादव (पुत्र - रामजतन उर्फ लालू यादव, उम्र 27 वर्ष) को तत्काल सीएचसी ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद नारायणा मेडिकल कॉलेज, जमुहार रेफर कर दिया गया। लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।

तीसरा युवक सन्नी कुमार पासवान गंभीर रूप से घायल है, जिसका इलाज चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तीनों युवक स्प्लेंडर बाइक पर सवार होकर सड़क किनारे खड़े थे। इसी दौरान छतरपुर की ओर जा रहा हाईवा ट्रेलर अनियंत्रित होकर विपरीत दिशा में जाकर सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि हाईवा ट्रेलर बाइक को रौंदते हुए सड़क किनारे नाले पर चढ़ गया। स्थानीय शेष पेज 11 पर...

### सीएम ने युवक- युवतियों से किया सीधा संवाद, कहा-

# सिकल सेल पर नियंत्रण के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध

- **सिकल सेल के संक्रमितों को बेहतर इलाज और अच्छा जीवन देने का हो रहा प्रयास : मुख्यमंत्री**
- **आने वाली पीढ़ी को स्वस्थ एवं सुरक्षित जीवन देना हमारी प्रतिबद्धता है : हेमंत सोरेन**



**रांची।** सिकल सेल पर नियंत्रण के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। इस दिशा में एक व्यापक दृष्टिकोण अपनाते हुए संक्रमितों को बेहतर जीवन देने का प्रयास कर रहे हैं, क्योंकि इस बीमारी का असर सिर्फ मरीज को ही नहीं बल्कि उसके पूरे परिवार को महसूस होता है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरुवार को विश्व सिकल सेल जागरूकता दिवस पर यूनिसेफ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में इस रोग से प्रभावित युवक-युवतियों से सीधा संवाद कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने सिकल सेल के प्रति जन जागरूकता फैलाने पर जोर दिया ताकि लोगों के बीच इस बीमारी के प्रति समझ बढ़ सके। उन्होंने कहा कि हम सभी के सामूहिक प्रयासों से ही इस बीमारी का उन्मूलन संभव है।

शेष पेज 11 पर...

### सिकल सेल के प्रभावितों को जांच दवा और इलाज में परेशानी नहीं हो

मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग से कहा कि सिकल सेल के संक्रमितों की जांच और इलाज की पुख्ता व्यवस्था होनी चाहिए। सिकल सेल के मरीजों को समय-समय पर रक्त की जरूरत पड़ती है। ऐसे में उनके लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित होनी चाहिए। वही दवाइयां भी समय पर सहजता से मिले, इसकी भी पुख्ता व्यवस्था करें। किसी भी संक्रमित को जांच और इलाज में किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

### हेल्थ काउंसलर की भूमिका काफी अहम है

मुख्यमंत्री ने कहा कि सिकल सेल जैसी कई आनुवांशिक बीमारियों की स्क्रीनिंग और काउंसलिंग में हेल्थ काउंसलर की भूमिका काफी अहम होती है । ऐसे में उन्हें प्रॉपर ट्रेनिंग और किट्स उपलब्ध कराया जाना चाहिए, ताकि वे विभिन्न संक्रमण से जूझ रहे लोगों के लिए और भी बेहतर तरीके से अपनी सेवा दे सकें। हेल्थ काउंसलर के सहयोग से लोगों में आनुवांशिक बीमारियों की पहचान करने में काफी सहूलियत होगी और इसके बाद उनका समुचित इलाज किया जा सकेगा।

### हतोत्साहित नहीं हों, पूरी ताकत और हौसले से दैनिक गतिविधियों अपने कार्यों को करें

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर सिकल सेल से प्रभावित आतिया कौशर, स्नेहा तिर्की, सान्या परवीन, विमला कुमारी और अब्दुल हकीम अंसारी से संवाद कर उनकी बीमारी और उससे होने वाली परेशानियों और चल रहे इलाज की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि वे सिकल सेल को एक बीमारी कहना उचित नहीं मानते हैं । लेकिन, फिर भी इस संक्रमण से प्रभावित लोगों का इलाज और अन्य समस्याओं का समाधान तभी सम्भव होगा जब वे अपनी बातें तथा परेशानियों को खुलकर रखेंगे। उन्होंने सिकल सेल के प्रभावितों से कहा कि उन्हें हतोत्साहित होने की जरूरत नहीं है। वे पूरे हौसले और ताकत के साथ अपने दैनिक गतिविधियों और कार्यों को करते रहें। इस बीमारी से निजात दिलाने की दिशा में सरकार समुचित कदम उठा रही है। इस दौरान सिकल सेल से प्रभावित युवक-युवतियों ने अपनी समस्याओं को मुख्यमंत्री के सामने खुलकर रखा। एक युवती ने कहा कि सिकल सेल की वजह से वे कॉलेज की कक्षाएं कई बार नहीं कर पाती हैं।

## झारखंड पर आफत बनकर बरसा मॉनसून, छीन लीं कई जिंदगियां



- **डीपीएस रांची के शिक्षक भी पानी के तेज बहाव में बहने की खबर है**
- **खूंटी जिले में निर्माणाधीन कुएं के धंस जाने से उसमें दबे दो स्कूली छात्रों ने दम तोड़ दिया**
- **रांची में मिट्टी का एक मकान ढह जाने के कारण 10 वर्षीय लड़की के भी मौत की खबर है**

**रांची ।** मॉनसून की आस लगाए प्रदेशवासियों के लिए बारिश जैसे राहत नहीं आफत बनकर टूट पड़ी है। कहीं कच्चे मकान धराशाई हो गए तो कहीं पानी के तेज बहाव के साथ जानवरों के साथ इंसान भी बह गए। पिछले 24 घंटे से लगातार हो रही बरसात ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। किसी कोने से अच्छी खबर नहीं आ रही है। बांध के अलावा नदी-नाले ऊफान पर हैं। मोर्चे पर राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) को भी तैनात कर दिया गया है। राजधानी रांची सहित कई इलाके ऐसे हैं जो बाढ़ की चपेट में हैं। हर ओर देखने पर सिर्फ पानी ही पानी दिखाई दे रहा है। इस बीच अलग-अलग इलाकों से आई मौत की खबरें भी दिल तोड़ रही हैं। खूंटी जिले में भारी बारिश के कारण निर्माणाधीन कुएं के धंस जाने से उसकी मिट्टी के नीचे 22 घंटे तक दबे रहने के बाद दो स्कूली छात्रों ने दम तोड़ दिया। रांची जिले में मिट्टी का एक मकान ढह जाने के कारण 10 वर्षीय लड़की के भी मौत की खबर है। चक्रधरपुर में बारिश से एक मिट्टी का मकान गिर गया जिससे महिला की मौत हो गई तो वहीं तीन बच्चों के घायल होने की खबर है। डीपीएस रांची के शिक्षक भी पानी के तेज बहाव में बहने की खबर है। अफसोस की बात यह है कि उन्होंने कुछ देर पहले ही एक सेल्फी भी ली थी,लेकिन अगले ही पल उनके साथ यह हादसा हो गया। उनका कुछ पता नहीं चल पाया है। संगीत शिक्षक माइकल घोष अपने दो शिक्षक मित्र पंकज श्रीवास्तव और ऋत्विक सामंता के साथ गुरुवार को एक चार पहिया वाहन से करीब डेढ़ बजे जोन्हा फॉल घूमने पहुंचे थे। भारी बारिश से प्रखंड के जामुदाग पंचायत में 7 से अधिक घर गिर गए हैं। शेष पेज 11 पर...

### आज / कल




### झारखंड में ऊर्जा संक्रमण की दिशा में ऐतिहासिक पहल

## योजना विभाग राज्य की रीढ़, ऊर्जा क्षेत्र में बदलाव समय की मांग : वित्त मंत्री

- **एशिया का पहला राज्य बनेगा झारखंड, जहाँ तैयार होगा 'एनर्जी ट्रांजिशन रेडीनेस इंडेक्स'**

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** राज्य सरकार ने झारखंड को स्वच्छ और सुरक्षित ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाया है। बुधवार को वित्त एवं योजना मंत्री राधाकृष्ण किशोर की उपस्थिति में स्वनिति इनिशिएटिव्स के साथ 'एनर्जी ट्रांजिशन रेडीनेस इंडेक्स फ्रेमवर्क' तैयार करने हेतु एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया। यह कार्यक्रम नेपाल हाउस स्थित योजना भवन में आयोजित हुआ। एमओयू पर सरकार की ओर से संयुक्त सचिव अनिलसन लकड़ा तथा स्वनिति इनिशिएटिव्स की ओर से उमा भट्टाचार्य ने हस्ताक्षर किए। इस फ्रेमवर्क का उद्देश्य झारखंड में कार्बन उत्सर्जन को शून्य स्तर पर लाना और क्लीन एवं सेफ एनर्जी को बढ़ावा देना है।

शेष पेज 11 पर...

## ईरान ने इजरायल के सोरोका अस्पताल पर किया हमला

- **इस हमले के बाद इजरायल ने अमेरिका से हर तरह से युद्ध में साथ आने का आग्रह किया**
- **पुतिन ने दी ट्रंप को चेतावनी, कहा- 'ईरान-इजरायल जंग में अमेरिका कूदा तो बिगड़ेंगे हालात'**

**-ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने वरिष्ठ सहयोगियों से कहा कि उन्होंने ईरान के लिए हमले की योजना को मंजूरी दे दी है, लेकिन यह देखने के लिए रोक रहे हैं कि क्या तेहरान अपने परमाणु कार्यक्रम को छोड़ देगा। मध्य पूर्व में, इजरायल व ईरान के बीच गोलीबारी जारी रही क्योंकि संघर्ष सातवें दिन में प्रवेश कर गया। दक्षिणी इजरायल के सोरोका अस्पताल को ईरानी मिसाइल ने निशाना बनाया, जिसमें बहुत से लोग हताहत हुए , अस्पताल का भी नुकसान हुआ। जिसके बाद इजरायल चाहता है कि अब अमेरिका देरी नहीं करके ईरान पर हमला में सैनिकों, जहाज़ों व बंकर भेदी महा बमों सहित हर तरह से साथ आवे। लेकिन रूस के सर्वोच्च नेता पुतिन ने चेतावनी दिया कि अमेरिका ने यदि ईरान पर हमला किया तो ठीक नहीं होगा।उसको इस मामले से अलग रहना चाहिए। इसके अलावा अमेरिका में भी ट्रम्प के विरोध माहौल बनने लगा है । उनके तरह -तरह के नये - नये एजेंडों के विरोध में लोग सड़कों पर उतरने लगे हैं। उधर इजरायल ने कहा कि उसने ईरान में 100 लक्ष्यों को निशाना बनाया, जिसमें अराक में भारी पानी शेष पेज 11 पर...

**इंडिया**

# नाम हमारा हो भले मिट जाएं पहचान तुम्हारी



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

अपनी जाति धर्म और पहचान के नाम पर अधिकार और हिस्सेदारी के लिए लड़ते वीआइपी नेताओं की भीड़ अब सड़कों फ्लाई ओवर पर नाम लिखाने के लिए दावे कर रही है पर गायब होती नदियों तालाबों नालों के बीच जीवन और रोजगार के लिए जूझते इनके समाज के गरीबों की उनको चिंता नहीं जो गांव छोड़कर शहरों की झुग्गियों में रह रही है इनकी पहचान और भाषाएं मर रही हैं साथ ही मिटने को है कई समूहों की सांस्कृतिक पहचान। झारखंड में भी टाइटल के आधार पर कई सदान और जनजातीय समुदाय विशेष अपनी भाषा नहीं जानते। आज के भारत ही नहीं अखंड भारत यानी भारतीय उपप्रायद्वीप सहित पूरे विश्व में भाषाएं उपेक्षित होकर मर रहीं हैं और इनके साथ जुड़ी जातियों या जनजातियों की पहचान भी मिट रही है । झारखंड भी इससे अछूता नहीं है आप किसी गांव में जाकर उनकी भाषा में बात करें तो वे आपको हिंदी में जवाब देंगे ताकि वे जतला सकें कि वे गंवार नहीं बल्कि पढे लिखे हैं । आधुनिक जीवन शैली सिनेमा,रंगीन टीवी के बाद अब सोशल मीडिया से सुदूर ग्रामीण या जंगल के किनारे तक पहुंच गई है और लोग अपने रीति रिवाज संस्कृति या भारतीय पहचान के प्रति हीन भावना से ग्रस्त हो गए हैं जिसके कारण किसी भी कीमत पर अपने बच्चों को मुहल्ले के सही पर अंग्रेजी माध्यम के स्कूल में पढ़ाना चाहते हैं । कभी एक समय था जब झारखंड की कभी राजभाषा और संपर्क भाषा रही नागपुरी रांची शहर तक की भाषा थी और गुमला,सिमडेगा,लोहरदगा जैसे शहरों में जो भी रहा उसने यह भाषा सीख ली। पर अब नागपुरी मिश्रित हिंदी ने इसका स्थान लेना शुरू कर दिया है और कुछ बड़े परिवारों में तो अंग्रेजी ही बोलचाल की भाषा हो गई है । इसी प्रकार 32 जनजातीय समूह और 9 भाषाओं वाले झारखंड की अनेक जनजातीय भाषाएं भी खतरे में हैं क्योंकि नौकरी या व्यवसाय में ऊपर उठाने के बाद अनेक जनजातीय परिवार न सिर्फ अपने बच्चों को अंग्रेजी शिक्षा दे रहे हैं बल्कि अपनी मातृभाषा बोलना छोड़ते जा रहे हैं इनका सिर्फ टाइटल बचा रह गया है पर जातीय या सांस्कृतिक पहचान खतरे में है। यूनेस्को की ताजा रिपोर्ट बताती है कि हर साल दुनिया से नौ भाषाएं खत्म हो रही हैं। भारत की कोरगा (कर्नाटक), सिरमौरी (हिमाचल प्रदेश) और पारजी (छत्तीसगढ़) भी संकट में हैं। सामूहिक तौर पर भाषाओं के प्रति हीन भावना को हटाकर ही इन मरती हुई भाषाओं को बचाया जा सकता है । बीसवीं सदी के भाषा दार्शनिक ने भाषा को लेकर अनोखी बात कही है, 'मेरी भाषा की सीमा का अर्थ है, मेरी दुनिया की चौहद्दी।' इसका साफ मतलब यह है कि हर व्यक्ति की अपनी भाषा दरअसल उसकी दुनिया होती है। ऐसी दुनिया, जिसमें सिर्फ भूगोल ही शामिल नहीं है, इतिहास भी है और संस्कृति भी, जिसमें परंपरा भी शामिल है और सदियों का अपना एक्सक्लूसिव ज्ञान भी। जिस तरह नदियां अपने उद्गम और अपने प्रवाह वाले इलाकों की पूरी संस्कृति और पर्यावरण के अथाह गुणों को खुद में समाए रहती हैं, भाषाएं भी नदी की भांति ही अपनी परंपरा, अपनी सोच, अपने दर्शन, अपने भूगोल और अपने इतिहास के साथ ही समूची संस्कृति को लेकर प्रवाहित होती रही हैं। यूनेस्को ने भाषाओं को लेकर जो ताजा रिपोर्ट जारी की है, उसमें कहा गया है कि हर दो हफ्ते बाद दुनिया की एक भाषा मर रही है। यूनेस्को के अनुसार, पहले जहां हर तीन महीने के अंतराल पर एक भाषा की मौत की खबर आती थी, वहीं साल 2019 के बाद इसमें तेजी आई है।



इस दर से हर साल दुनिया से करीब नौ भाषाओं का अस्तित्व खत्म होता जा रहा है। साफ है कि अगर एक भाषा मर रही है, तो उस भाषा की अपनी विशिष्ट संस्कृति, उसकी सोच और उसका परिवेशबोध भी मर रहा है। इन अर्थों में देखें, तो भाषाओं का इस तरह मरना दरअसल संस्कृतियों के बहुलवादी स्वरूप का संकुचित होते जाना है।यूनेस्को के अनुसार, साल एक हजार ईस्वी तक दुनिया भर में नौ हजार से कुछ ज्यादा भाषाएं अस्तित्व में थीं, जिनकी संख्या घटते-घटते आज सात हजार के आसपास सिमट गई है। यूनेस्को को आशंका है कि भाषाओं के मरने की यही दर बनी रही, तो 21वीं सदी के अंत तक दुनिया भर की करीब तीन हजार भाषाओं का अस्तित्व खत्म हो जाएगा। जबकि पश्चिम के कई भाषा और मानवशास्त्री मानते हैं कि अगर भाषाओं के मरने की गति ऐसी ही रही, तो 2200 ईस्वी तक दुनिया में महज 100 भाषाएं ही जीवित रह पाएंगी।भाषाओं के लुप्त होने को लेकर भारत में एक और अवधारणा यह है कि जो भाषा क्लिष्ट या कठिन होती है, वह लोक व्यवहार में खत्म होती जाती है। संस्कृत के बारे में भी कहा जाता है कि उसका चलन घट गया है। अंग्रेजी ने दूसरी भाषाओं के नए शब्दों को अपनाया जबकि मृत भाषाओं में ऐसा चलन नहीं था । उदारीकरण और वैश्वीकरण की वजह से पूरी दुनिया तकरीबन एक तरह के खानपान, पहनावे और एक तरह की भाषा की ओर आकर्षित होती जा रही है। पश्चिमी सभ्यता और उसका सलीका ही मानक बनते जा रहे हैं। इस लिहाज से दुनिया भर की बोलियों में भी एकरूपता कभी सायास, तो कभी अनायास ही आती जा रही है। झारखंड सहित भारत की बहुत-सी ऐसी भाषाएं हैं, जो इतने कम लोगों द्वारा बोली जाती हैं कि निकट भविष्य में उनका अस्तित्व ही नहीं रहेगा। इनमें लुप्तप्राय आदिम जनजातियां (पीवीटीजी) शामिल हैं। भाषाओं का सम्मान उन्हें बोलकर ही किया जा सकता है।

## भारत देश के सजग प्रहरी, वीर भूमि के वीर जवानों को यह संदेश है

**राष्ट्रीय नवीन मेल**




**प्रतिभा प्रसाद 'कुमकुम'**

शौर्य की गाथा है राष्ट्र की पुरानी । सदियों से लिखी है हमने यूँ कहानी।।

राम से कृष्ण तक, कृष्ण से गीता तक, गीता से ज्ञान तक फिर विक्रम से विक्रांत तक भूमिका निभाई है राष्ट्र ने । आपके शौर्य को नमन वंदन है । कुछ आतंकी ने मिलकर 14.2.2019 को पुलवामा अटैक किया था । हमारे सेना के चालिस जवान बलिदान हो गए थे । अभी आँसू सूखे भी नहीं थे कि सात वर्षों बाद ही हमारे पर्यटन स्थल पहलगाम के वेसरन घाटी में पहुँचकर 22.4.25.. को इन आतंकियों ने छब्बीस जानें ले ली, कितनों को घायल कर छोड़ दिया। वो भी धर्म पूछकर मारा, महिलाओं के सिंदूर से होली खेली और देश की बेटी को छोड़ दिया यह कहकर कि देश के प्रधानमंत्री को बताना, यह धमकी है । देश को यह बात खल गई । पंद्रह दिनों की खामोशी के बाद देश ने जवाब भी दे ही दिया और आतंकियों के साथ -साथ उनके सहायक और समर्थकों की भी पोल खुल गई। आतंकियों का मूल ठिकाना, ठिकाने लग गया।

मासूम पर्यटकों की निर्मम हत्या का हम विरोध करते हैं। हमारी वीर ललनाओं के सिंदूर को मिटाने वालों के लिए ऑपरेशन सिन्दूर जरूरी था, है और रहेगा। हम ईंट का जवाब पत्थर से देने वाले नहीं हैं लेकिन उन्होंने शेष पेज 11 पर...

# सहार बिहरा गांव में कोयल नदी की बाढ़ का पानी समाया, 120 घर प्रभावित



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** कोयल नदी की बाढ़ ने गुरुवार को सहार बिहरा गांव को पूरी तरह जलमग्न कर दिया। गांव के करीब 120 परिवार बाढ़ से प्रभावित हैं। इस संबंध में ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि हर साल गांव में बाढ़ आती है लेकिन प्रशासन तटबंध निर्माण की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। 'राष्ट्रीय नवीन मेल' ने 18 जून को ही इस संभावित खतरे की खबर प्रकाशित की थी, जो अब सच साबित हुई है। ग्रामीणों ने स्थायी समाधान की मांग की है ताकि हर साल की इस त्रासदी से उन्हें राहत मिल सके।

## डायवर्सन नहीं बनने से बारिश में भजनिया-हैदरनगर पथ पर बढ़ी परेशानी



**हैदरनगर।** मोहम्मदगंज के भजनिया से हैदरनगर तक नए पथ निर्माण का शिलान्यास इसी माह सांसद विष्णु दयाल राम ने किया था। पंसा, रानीदेवा, अधौरा, परता, सजवन, सलेमपुर होते हुए हैदरनगर रेलवे गुमटी तक पथ निर्माण प्रस्तावित है। दो दिनों की रुक-रुक कर हो रही मूसलाधार बारिश ने इस पथ पर आवागमन ठप कर दिया है। मुखिया कमल कुमार पासवान और पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय ने बताया कि संवेदक की लापरवाही का खामियाजा आम जनता भुगत रही है। पुलिया निर्माण की बात कहकर कई जगह कलवर्ट काट दिए गए लेकिन डायवर्सन नहीं बनाया गया। उन्होंने बीडीओ विश्व प्रताप मालवा और जिला प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की। साथ ही बताया कि कबरा खुर्द गांव जाने वाले सुअर फार्म हाउस के पास भी कलवर्ट टूटा हुआ है, जिससे कई मार्गों पर यातायात पूरी तरह बाधित है। मलवरिया गांव के पास भी कलवर्ट काट दिया गया है। इसका असर बीमारों, स्कूली बच्चों और आम ग्रामीणों की आवाजाही पर पड़ा है।

## मुख्य सड़क पर जलजमाव, मिट्टी-बालू की परत से बढ़ा खतरा



**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत जपला-छतरपुर मुख्य सड़क के किनारे मिट्टी और बालू की मोटी परत जमा होने से जलजमाव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। सड़क के दोनों किनारे 4 से 6 इंच की मोटी परत है, जिससे बारिश का पानी नालियों में नहीं जा पा रहा है। इससे सड़क पर जलजमाव और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। लोगों का कहना है कि नल-जल योजना के बाद सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई, जिससे यह समस्या उत्पन्न हुई है। नगर प्रशासन ने शीघ्र सफाई कराने का आश्वासन दिया है।

## अबूआ आवास की दूसरी किस्त नहीं मिलने से बरसात में खुला आसमान बना सहारा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** राजनडीह टोला की लाभुक देवंती देवी का परिवार बरसात में आवास विहीन हो गया है। देवंती देवी ने मुख्यमंत्री अबूआ आवास योजना के तहत नया मकान बनाने के लिए अपनी पुरानी मिट्टी का घर गिरा दिया था, लेकिन दूसरी किस्त की राशि अब तक नहीं मिली है। लगातार बारिश के चलते उनका 7 सदस्यीय परिवार असहाय स्थिति में है। देवंती देवी ने बताया कि जियो टैगिंग कराए दो महीने बीत चुके हैं, लेकिन प्रखंड कार्यालय से केवल फंड खत्म होने की बात कही जा रही है। पंचायत समिति सदस्य ममता देवी और समाजसेवी सुशील कुमार मेहता ने प्रशासन से शीघ्र लाभुक की समस्या का समाधान करने और राशि निर्गत करने की मांग की है ताकि बरसात में खुले आसमान के नीचे गुजर-बसर कर रहे इस परिवार को राहत मिल सके।

## बाढ़ से बचाव के लिए भीमबराज के 38 गेट खोले गए



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** कोयल नदी के जलग्रहण क्षेत्र में भारी बारिश के कारण गुरुवार को बाढ़ की आशंका से भीमबराज के 40 में से 38 गेट खोल दिए गए। डाउन

**▸ कोयल नदी में 2.5 लाख क्यूसेक जलप्रवाह, स्थिति नियंत्रण में: ईई**

स्ट्रीम में 2.5 लाख क्यूसेक जल प्रवाह दर्ज किया गया। कार्यपालक अभियंता विनीत प्रकाश ने बताया कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। उन्होंने कहा कि 24 घंटे नजर रखी जा रही है और गेट खोलने से पहले सायरन बजाकर अलर्ट किया गया। सहार बिहरा गांव पहले ही जलमग्न हो चुका है, जबकि पंसा और अन्य तटीय गांवों में खतरे की आशंका है। कोयल-काशी स्रोत संगम पर भी भारी जलजमाव हो गया है। लोगों ने बताया कि पिछले वर्ष भी 3 अगस्त को इसी तरह की स्थिति बनी थी। तब भी 1.24 लाख क्यूसेक जलप्रवाह पर 38 गेट खोलने पड़े थे।

## पंसा में ग्रामीणों ने बाढ़ में फंसे चरवाहे को बचाया



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** कोयल नदी में गुरुवार को अचानक आई बाढ़ में गाय चराने गए चरवाहा गौतम पाल फंस गया। चरवाहा नदी के बीच में फंस चुका था और बहने की स्थिति में था। तभी ग्रामीणों ने सूझ-बूझ दिखाते हुए चरवाहे को रस्सी फेंककर सुरक्षित बाहर निकाल लिया। चरवाहे ने भी साहस दिखाते हुए खुद को पुल की ओर खींच लिया। उपप्रमुख नगीना सिंह, मुन सिंह, बिट्टू, सनोज, रवि, वीरेंद्र, रामजी, मनोज, रंगू, बजरंगी और अजीत सिंह सहित अन्य ग्रामीणों की तत्परता से बड़ा हादसा टल गया। लोगों ने ग्रामीणों की बहादुरी की सराहना की है।

## बारिश में बिजली आपूर्ति बाधित, लोगों की बढ़ी परेशानी




**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** बारिश होते ही बिजली आपूर्ति ठप हो जाना आम बात हो गई है। गुरुवार को नगर पंचायत अध्यक्ष के आवास के पास ट्रांसफॉर्मर से एलटी तार जलकर गिर गया, इसके बावजूद बिजली आपूर्ति जारी रही। संयोग से उस समय कोई घटना नहीं घटी। स्थानीय लोगों ने बताया कि कई बार बिजली विभाग के कर्मियों को सूचित किया गया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। फोन उठाना तो दूर, कर्मचारी मौके पर भी नहीं पहुंचे। बाद में सोशल मीडिया पर खबर वायरल होने के करीब दो-तीन घंटे बाद बिजली आपूर्ति बंद की गई और गिरे हुए तार को हटाया गया। लोगों ने बिजली विभाग से समय रहते ऐसी घटनाओं पर ध्यान देने और तत्काल मरम्मत की मांग की है।

## पीएमश्री +2 उच्च विद्यालय में योग दिवस पर होगा भव्य आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय राजकीयकृत पीएमश्री प्लस टू उच्च विद्यालय में योग दिवस को भव्य रूप से मनाने की तैयारी पूरी कर ली गई है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि झारखंड सरकार और शिक्षा विभाग के निर्देश पर शनिवार की सुबह 6:30 बजे से 7:45 बजे तक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित होगा। इसमें विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं, उनके अभिभावक, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य और स्थानीय लोग शामिल होंगे। प्रधानाध्यापक ने सभी से कार्यक्रम में समय पर पहुंचने और इसे सफल बनाने की अपील की है।

## कवलपुरा में स्कूली बच्चों को सिखाई गई हाथ धोने की आदत



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** विद्यालय स्वच्छता दिवस के अवसर पर गुरुवार को कवलपुरा में स्कूली बच्चों को हाथ धुलाई का महत्व सिखाया गया। जलसहिया देवंती देवी ने बच्चों को साबुन से हाथ धोने के सही तरीके बताए। उन्होंने खाने से पहले और शौच के बाद हाथ धोने की आदत को अपनाने की सलाह दी। ब्लॉक वाश कॉर्डिनेटर प्रेमतोष पांडेय ने इस कार्यक्रम को सराहनीय बताया और कहा कि हर माह की 19 तारीख को यह कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित होगा।

## विकसित भारत 2047 का संकल्प भाजपा नेताओं ने ली शपथ



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** भाजपा नेताओं ने गुरुवार को मोहम्मदगंज में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ 'विकसित भारत 2047' अभियान में योगदान देने की शपथ ली। कार्यक्रम का नेतृत्व वरिष्ठ नेता अशोक कुमार सिंह ने किया। इस दौरान संकल्प पत्र में वर्णित बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में पूर्व प्रत्याशी कामेश्वर कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष नीरज कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह, डॉ. प्रभु प्रसाद, कन्हाई राम, मुन्ना चौधरी, अजय मेहता, सौरभ कुमार सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

## कोल्हुआ में बाढ़ में फंसे वृद्ध का रेस्क्यू

**मोहम्मदगंज।** कोयल नदी में जलस्तर बढ़ने के कारण कोल्हुआ गांव के पास सरफुद्दीन अंसारी डीला पर फंस गए। सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय गोताखोरों की मदद से उन्हें सुरक्षित रेस्क्यू कर परिजनों को सौंपा गया। एसडीओ गौरांग महतो, अंचलाधिकारी रणवीर कुमार और थाना प्रभारी नारायण सोरेन ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू टीम की सराहना की। पलामू पुलिस ने लोगों से बाढ़ की स्थिति में सतर्क रहने की अपील की है।

## घटिया सड़क निर्माण से नाराज ग्रामीणों ने काम रोकने की मांग की




**नवीन मेल संवाददाता**

**ऊंटारी रोड।** प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत पांडू से नावाबाजार तक बन रही सड़क के कालीकरण कार्य में भारी अनियमितता सामने आई है। अभी आधा किलोमीटर भी नहीं बना है, जहां जगह-जगह से पिच उखड़ने लगा है। ग्रामीणों का आरोप है कि बारिश में ही पिच का काम किया जा रहा है और जीरा गिट्टी की मात्रा अधिक प्रतीत हो रही है। ग्रामीणों ने सांसद और विधायक से जांच कर ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर कार्रवाई नहीं हुई तो वे धरना प्रदर्शन करेंगे।

## नगर पंचायत की मूलभूत समस्याओं के समाधान की जरूरतः शशि कुमार

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं के समाधान की जरूरत को लेकर निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में नालियों की साफ-सफाई, जल निकासी की व्यवस्था, सड़कों पर जलजमाव की समस्या और कचरा प्रबंधन गंभीर मुद्दे बन चुके हैं। शशि कुमार ने कहा कि प्रत्येक वार्ड में नियमित सफाई होना चाहिए, लेकिन हाल के दिनों में नगर प्रशासन की लापरवाही से सफाई व्यवस्था बुरी तरह चरमरा गई है। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में बरसात शुरू होने से पहले ही नालियों की सफाई करा दी जाती थी, लेकिन इस बार नगर प्रशासक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं कर रहे हैं। शशि कुमार ने लोगों से अपील की कि यदि सफाई कर्मी या नगर प्रशासन लापरवाही करते हैं तो तत्काल उन्हें या पूर्व वार्ड पार्षदों को सूचित करें। उन्होंने कहा कि शुद्ध वातावरण और स्वच्छ नगर क्षेत्र ही स्वस्थ जीवन की गारंटी है। इसके लिए नगरवासियों को भी सजग और सहयोगी बनना होगा।

## लगातार बारिश से कोयल नदी का जलस्तर बढ़ा



**ऊंटारी रोड।** लगातार तीन दिनों से हो रही बारिश से कोयल नदी का जलस्तर काफी बढ़ गया है। ऊंटारी रोड प्रखंड के लहरबंजारी गांव के खेतों तक नदी का पानी पहुंच चुका है। कोयल नदी किनारे जाने वाली सड़क भी पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो गई है, जिससे ग्रामीणों को परेशानी हो रही है।

## गड्ढों में तब्दील सड़क बनी राहगीरों के लिए परेशानी



**नवीन मेल संवाददाता**

**ऊंटारी रोड।** करकट्टा रेलवे फाटक से कुल्ही मोड़ तक की सड़क पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो गई है। बारिश में जलजमाव के कारण इस सड़क पर दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना हुआ है। यह सड़क प्रखंड और पंचायत कार्यालय आने-जाने का मुख्य मार्ग है। स्थानीय लोगों ने कहा कि सड़क की मरम्मत नहीं कराए जाने से आमजनों को भारी परेशानी हो रही है।

## हैदरनगर के परता में तीन पीसीसी सड़कों का शिलान्यास

**हैदरनगर।** हैदरनगर प्रखंड के परता पंचायत में गुरुवार को तीन पीसीसी सड़कों और नाली निर्माण का शिलान्यास किया गया। बीडीओ विश्व प्रताप मालवा, प्रखंड प्रमुख कलावती देवी, मुखिया कमल कुमार पासवान, पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय सहित कई जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में शिलान्यास किया गया। निर्माण से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। स्थानीय लोगों ने इस पहल के लिए जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों का आभार जताया।

**स्वच्छ भारत** हुसैनाबाद नगर पंचायत द्वारा विशेष सफाई अभियान, वार्डों में चला व्यापक क्लीनिंग ड्राइव

## नगर प्रबंधक ने की अपीलः स्वच्छता अभियान में आम लोगों की भागीदारी आवश्यक



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** बरसात के मौसम को देखते हुए नगर पंचायत हुसैनाबाद द्वारा विशेष सफाई अभियान की शुरूआत की गई है। कार्यपालक पदाधिकारी तर्निश हंस के निर्देशानुसार यह अभियान शहर में जल जमाव और नालियों की सफाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। गुरुवार को नगर पंचायत के सफाई कर्मियों की टीम ने गांधी चौक, वार्ड संख्या 7, लंबी गली, स्टेशन रोड, पटेल चौक सहित विभिन्न स्थानों पर व्यापक सफाई अभियान चलाया। इस दौरान नगर प्रबंधक हिमानी बाड़ा, कनीय अभियंता बृजलाल यादव, नाजिर रुंजय कुमार, नगर कर्मी धीरज गुप्ता, सोनू कुमार, रवि कुमार, संजीत कुमार आदि ने नगर क्षेत्र का दौरा कर सफाई कार्यों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### अभियान का मुख्य उद्देश्य जल जमाव से राहत दिलाना

नगर प्रबंधक हिमानी बाड़ा ने बताया कि इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य बारिश के मौसम में उत्पन्न होने वाली जल जमाव की समस्या से आम नागरिकों को राहत दिलाना है। उन्होंने नगरवासियों से अपील की कि नालियों में कूड़ा-कचरा न फेंके और सफाई व्यवस्था बनाए रखने में नगर पंचायत का सहयोग करें। वार्ड 7 के पूर्व पार्षद सुहैल आलम ने भी अपने क्षेत्र में चल रहे सफाई अभियान का निरीक्षण किया और सफाई कर्मियों को प्रोत्साहित किया। वहीं, एसडीओ गौरांग महतो ने भी क्षेत्र का भ्रमण कर सफाई की स्थिति का जायजा लिया और नगर पंचायत को जरूरी निर्देश दिए। नगर पंचायत ने बताया कि यह विशेष अभियान आने वाले दिनों में शहर के अन्य वार्डों में भी जारी रहेगा।

## हुसैनाबाद विधायक के प्रदेश अध्यक्ष बनते ही राजद कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर




**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष और देवघर विधायक संजय कुमार सिंह यादव के नेतृत्व की घोषणा के बाद पूरे राज्य में कार्यकताओं के बीच हर्ष का माहौल है। पलामू जिले के हुसैनाबाद सहित विभिन्न क्षेत्रों से नेता और कार्यकर्ता रांची स्थित पार्टी कार्यालय पहुंचकर उन्हें बधाई दे रहे हैं। गुरुवार को रांची में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान हुसैनाबाद की प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने संजय कुमार सिंह को बुके भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर देवघर विधायक सुरेश पासवान, अनुमंडलीय अध्यक्ष खुर्शीद खान, नगर अध्यक्ष शशि कुमार, राज अली, मदन पासवान सहित हुसैनाबाद और पलामू जिले के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी ने अपने लोकप्रिय विधायक को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर प्रसन्नता जताई और उन्हें शुभकामनाएं दीं। प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने दूरभाष पर बताया कि हुसैनाबाद के लोगों के लिए यह गौरव का क्षण है कि उनके विधायक को प्रदेश स्तर पर इतनी बड़ी जिम्मेदारी मिली है। उन्होंने इसके लिए पार्टी के राष्ट्रीय और केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार जताया। साथ ही विश्वास जताया कि संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में राजद झारखंड में मजबूत संगठन बनाकर उभरेगी और आने वाले समय में पहले की तरह एक प्रमुख राजनीतिक ताकत के रूप में स्थापित होगी। राजद प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने के बाद संजय कुमार सिंह लगातार राज्य के विभिन्न इलाकों में बैठकें कर रहे हैं और संगठन को मजबूत करने की दिशा में पुराने और नए कार्यकताओं को एकजुट करने का कार्य कर रहे हैं।

कोयल नदी उफान पर, टूटी रेलिंग से खतरा, प्रशासन नदारद

# रिवर फ्रंट पर हजारों की भीड़, बारिश से किसान खुश, सुरक्षा इंतजाम नहीं

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में लगातार दो दिनों से हो रही बारिश ने कोयल नदी को रौद्र रूप दे दिया है। गुरुवार की सुबह जैसे ही जलस्तर तेजी से बढ़ा, कोयल रिवर फ्रंट पर हजारों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोग परिवार और दोस्तों के साथ नदी किनारे पहुंचे और उफनती नदी का नजारा देखने लगे। सेल्फी और वीडियो बनाने की होड़ मच गई। लेकिन इस दौरान सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं दिखे।

**प्रशासन की लापरवाही से बढ़ा खतरा :** रिवर फ्रंट पर कई स्थानों पर रेलिंग पहले से ही टूटी हुई है। भीड़ के अचानक जमा हो जाने के बावजूद न तो पुलिस बल मौके पर मौजूद था और न ही किसी तरह का चेतावनी बोर्ड या बैरिकेडिंग की गई थी। प्रशासन की लापरवाही से अनहोनी की आशंका बनी हुई है।

**बेखौफ भीड़, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल :** लोग जलस्तर को नजरअंदाज कर मस्ती में डूबे रहे। कई युवाओं ने रेलिंग के किनारे खतरनाक तरीके से खड़े होकर सेल्फी ली। वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुए। कुछ लोग कोयल नदी के उफान को अपनी आंखों से देखने का दावा कर लाइक व व्यूज बटोरने में जुटे दिखे।

**बारिश ने किसानों को दी राहत :** इस बीच, लगातार बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। खेतों में पानी लबालब हो चुका है। आहर-पोखर में जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। किसान अब धान की बुआई की तैयारी में जुट गए हैं। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक और अच्छी बारिश की संभावना जताई है, जिससे कृषि कार्य में तेजी आएगी।

**प्रशासन का सिर्फ अलर्ट, कार्रवाई नहीं :** पुलिस प्रशासन ने नदी किनारे न जाने की सलाह दी है लेकिन मौके पर कोई सख्ती नहीं दिखाई गई। लोगों को सिर्फ दूर से देखने की हिदायत दी गई है, लेकिन अनुपालन कराने के लिए कोई तैनाती नहीं की गई।

## पलामू उपायुक्त ने एमएमसीएच का चार घंटे से अधिक किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं पर जताई नाराज़गी

- गंदगी, लचर जवाब और बिजली व्यवस्था पर जताई गंभीर चिंता, यक्ष्मा विभाग पर फटकार

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू उपायुक्त समीरा एस ने गुरुवार को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एमएमसीएच) का लगभग चार घंटे तक गहन निरीक्षण किया। सुबह करीब 10:30 बजे पहुंचीं उपायुक्त ने अस्पताल के ओपीडी, ब्लड बैंक, मेडिसिन वार्ड, टीबी विभाग समेत विभिन्न चिकित्सा इकाइयों का दौरा किया और व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने अस्पताल परिसर में फैली गंदगी और अव्यवस्था को लेकर नाराज़गी जताई और संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए। अस्पताल निरीक्षण के क्रम में जब उपायुक्त टीबी विभाग पहुँचीं, तो उन्होंने जिला यक्ष्मा पदाधिकारी अनिल श्रीवास्तव से जिले में टीबी मरीजों की स्थिति और इलाज संबंधी जानकारी मांगी। लेकिन यक्ष्मा पदाधिकारी स्पष्ट जानकारी देने में विफल रहे, जिससे उपायुक्त नाराज़ हो गईं और उन्हें फटकार लगाई। उन्होंने पूछा कि टीबी मरीजों को अस्पताल में किस वार्ड में भर्ती किया जाता है, लेकिन पदाधिकारी और उपस्थित चिकित्सक इस प्रश्न का संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके। इसके बाद उपायुक्त ने जिले में कुल टीबी मरीजों की संख्या और अस्पताल में प्रतिदिन इलाज के लिए आने वाले मरीजों के आंकड़े पूछे, जिस पर बताया गया कि वर्तमान में जिले में 2813 टीबी मरीज पंजीकृत हैं। वहीं, एमएमसीएच में भर्ती के लिए अब तक एक भी विशेष डॉक्टर पदस्थापित नहीं है।



### उपायुक्त के निरीक्षण से पहले ही अस्पताल में शॉर्ट सर्किट, बिजली व्यवस्था रही ठप

एमएमसीएच के पुराने भवन में बुधवार की रात से ही बिजली आपूर्ति बाधित है। शॉर्ट सर्किट के कारण पूरा भवन अंधेरे में डूबा हुआ है। मरीजों को मोबाइल की रोशनी में इलाज कराना पड़ रहा है, जिससे उन्हें गंभीर असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। ड्रेसिंग कार्य से लेकर सामान्य उपचार तक सभी सेवाएं बिना पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था के चल रही हैं, लेकिन इसके बावजूद अस्पताल प्रशासन वैकल्पिक बिजली व्यवस्था बहाल करने में अब तक असफल रहा है। स्थिति इतनी दयनीय है कि बैंडेज, इंजेक्शन और अन्य उपचार मोबाइल टॉर्च के सहारे किए जा रहे हैं।

## लगातार बारिश से कचरवा डैम का जीर्णोद्धार कार्य ठप, समय पर पूर्ण होने पर संकट

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत प्रकृति की गोद में बसे कचरवा डैम का जीर्णोद्धार कार्य लगातार हो रही बारिश के कारण प्रभावित हो गया है। 62 एकड़ में फैले इस डैम के सुंदरीकरण और गहरीकरण का कार्य पूरी तरह से ठप हो चुका है।

गर्मी के दिनों में डैम के गहरीकरण के लिए फाटक खोलकर पानी निकाला गया था, लेकिन अब मानसून की शुरुआत और लगातार हो रही बारिश के कारण डैम में फिर से जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इससे न केवल कार्य बाधित हुआ है, बल्कि तय समय सीमा में कार्य पूर्ण होने पर भी संदेह खड़ा हो गया है।

ज्ञात हो कि बीते वर्ष जुलाई में करीब 9.5 करोड़ रुपये की लागत से इस परियोजना की आधारशिला पलामू सांसद वीडी राम द्वारा रखी गई थी। परियोजना के लिए 18 महीने की समयसीमा निर्धारित की गई थी, जिसमें अब तक लगभग 12 महीने बीत चुके हैं, लेकिन कार्य की प्रगति संतोषजनक नहीं है। सूत्रों के अनुसार अब तक 50 प्रतिशत कार्य भी पूरा नहीं हो पाया है।

जीर्णोद्धार परियोजना के अंतर्गत डैम का गहरीकरण, चारों ओर पाथवे निर्माण, लाइटिंग और पार्क का निर्माण प्रस्तावित है। नगर क्षेत्र में बनने वाला यह पार्क अपने ढांचे और सुविधाओं के कारण विशिष्ट होगा और लोगों को सैर-सपाटे के लिए एक बेहतर विकल्प प्रदान करेगा।

हालांकि, वर्तमान स्थिति को देखते हुए तय अवधि में कार्य पूर्ण होना कठिन प्रतीत हो रहा है। इस संबंध में सहायक नगर आयुक्त विश्वजीत महतो ने जानकारी दी कि डैम में जलस्तर बढ़ने की स्थिति में उसे निकालने की वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी और कार्य को समय पर पूर्ण करने का प्रयास जारी रहेगा।

## नावाटोली पंचमुखी मंदिर से मां का चांदी का मुकुट और नथिया चोरी

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के बेलवाटिका स्थित नवकेतन सिनेमा के सामने पंचमुखी मंदिर में अज्ञात चोरों ने बुधवार की रात चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर मंदिर से मां दुर्गा का चांदी का मुकुट और नथिया लेकर फरार हो गए। मंदिर के पुजारी सोमनाथ पाठक ने गुरुवार सुबह मंदिर पहुंचने पर देखा कि मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ है। जब उन्होंने मंदिर के भीतर जाकर देखा तो पाया कि देवी प्रतिमा से चांदी का मुकुट और नथिया गायब है। घटना की जानकारी पुजारी ने तत्काल मंदिर समिति को दी, जिसके बाद शहर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई। शहर थाना प्रभारी ज्योति लाल रजवार ने बताया कि चोरी की घटना को लेकर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है और मंदिर क्षेत्र में चोरों के सुराग की तलाश जारी है।

## लिटिल चैंप फुटबॉल प्रतियोगिता की प्रखंड स्तरीय शुरुआत, 26 जून को जिला स्तरीय मुकाबला

- प्राथमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राएं दिखा रहे हैं जोश, सुब्रतो कप के लिए भी शुरू हुए ट्रायल

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिले में पहली बार आयोजित किए जा रहे लिटिल चैंप फुटबॉल टूर्नामेंट को लेकर सभी प्रखंडों में प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिताएं शुरू हो गई हैं। समग्र शिक्षा अभियान के तहत कक्षा 3 से 5 तक में अध्ययनरत 8 से 12 वर्ष आयु वर्ग के नियमित छात्र-छात्राओं के बीच यह प्रतियोगिता कराई जा रही है। इसके साथ ही अंडर-15 और अंडर-17 वर्ग के सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए भी खिलाड़ियों का ट्रायल विभिन्न प्रखंडों में आरंभ हो गया है। गुरुवार को लेस्लीगंज, पांकी, मनातू सहित अन्य प्रखंडों में ट्रायल प्रक्रिया प्रारंभ की गई, जिसमें खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। लेस्लीगंज प्रखंड में आयोजित मुकाबले में हाई स्कूल लेस्लीगंज ने ओवरऑल चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। जिला शिक्षा कार्यालय की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, इस वर्ष पहली बार सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त तथा जैक से मान्यता प्राप्त सभी प्राथमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को लिटिल चैंप टूर्नामेंट में भाग लेने का अवसर दिया जा रहा है। प्रखंड स्तर की सभी प्रतियोगिताएं 20 जून तक संपन्न कराई जानी हैं। मैच की अवधि कुल 35 मिनट निर्धारित की गई है, जो 15–05–15 मिनट के तीन भागों में खेला जाएगा। समग्र शिक्षा अभियान के एपीओ राजेश कुमार ने बताया कि सभी प्रखंडों से विजेता बनी टीमों के बीच 26 जून को जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। हालांकि वर्षा की स्थिति को देखते हुए आवश्यकतानुसार तारीखों में परिवर्तन भी किया जा सकता है। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता बनी टीम को दो से चार जुलाई तक आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

### नशे में वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई, ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद को मिला प्रशस्ति पत्र और नकद पुरस्कार



**मेदिनीनगर।** यातायात सुरक्षा को लेकर पलामू जिला में चलाए जा रहे वाहन चेकिंग अभियान के तहत एक अहम कार्रवाई सामने आई है। डालटनगंज के ट्रैफिक प्रभारी सह सब इंस्पेक्टर समाल अहमद के नेतृत्व में की गई जांच के दौरान एक वाहन चालक को शराब पीकर वाहन चलाते हुए पकड़ा गया। जांच के दौरान ब्रेथ एनालाइजर से पुष्टि हुई कि चालक ने शराब का सेवन किया था। तत्पश्चात नियमानुसार चालान काटा गया और अर्थदंड की प्रक्रिया के लिए जिला परिवहन कार्यालय को अग्रसारित किया गया। इस कार्रवाई को पुलिस उप-महानिरीक्षक, पलामू क्षेत्र द्वारा सराहनीय मानते हुए ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद को 1000 की पुरस्कार राशि प्रदान की गई है। डीआईजी ने इस कार्य को यातायात नियमों के पालन, सड़क सुरक्षा और जनहित में एक अनुकरणीय प्रयास बताया। डीआईजी ने इस अवसर पर सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों, पुलिस निरीक्षकों, थाना और पिकेट प्रभारियों को निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित वाहन जांच अभियान चलाएं और नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। डीआईजी ने कहा कि इस तरह की कार्यवाही से न केवल लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ेगी, बल्कि दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी। ऐसे उत्कृष्ट कार्यों को पुलिस विभाग उचित मंच पर सम्मानित करता रहेगा।

## विद्यालय व सार्वजनिक स्थलों पर नशीली गतिविधियों के विरुद्ध सख्ती, डीआईजी ने दिए कार्रवाई के निर्देश

- महिलाओं की सुरक्षा और शैक्षणिक माहौल पर खतरे को लेकर सतर्क हुई पुलिस

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) ने क्षेत्र में बढ़ रही असामाजिक व नशीली गतिविधियों को गंभीरता से लेते हुए सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों, थाना प्रभारियों, ओपी एवं पिकेट प्रभारी को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। जारी आदेश में कहा गया है कि स्कूल-कॉलेजों और भीड़-भाड़ वाले इलाकों के पास कुछ असामाजिक तत्व सार्वजनिक रूप से गांजा, शराब, डेंड्राइट, ब्राउन शुगर जैसे नशीले पदार्थों का सेवन करते हुए पाए गए हैं, जो छात्राओं से अभद्र व्यवहार, फब्तियां और मौखिक छेड़छाड़ जैसी घटनाओं में भी लिप्त हैं। डीआईजी ने इसे शैक्षणिक वातावरण और महिला सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बताया है। साथ ही यह भी कहा कि इस तरह की गतिविधियाँ समाज में भय और अराजकता की भावना उत्पन्न कर रही हैं, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

जारी आदेश में कहा गया कि ऐसे असामाजिक तत्वों की पहचान कर उनके विरुद्ध त्वरित और सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों और प्रमुख सार्वजनिक स्थलों के आसपास विशेष निगरानी और गश्ती बढ़ाई जाए।

चिन्हित स्थानों पर नियमित रूप से पुलिस बल की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए ताकि आम नागरिक, खासकर छात्र-छात्राएं सुरक्षित महसूस करें।

की गई कार्रवाई की अद्यतन रिपोर्ट डीआईजी को समय-समय पर उपलब्ध कराई जाए।

इस संबंध में लातेहार, गढ़वा और पलामू जिले के पुलिस अधीक्षकों को भी सूचनार्थ प्रति भेजी गई है। डीआईजी कार्यालय से जारी पत्र संख्या 1087/गो, दिनांक 16 जून 2025 को सभी संबंधित पुलिस पदाधिकारियों तक संप्रेषित किया गया है।

पुलिस प्रबंधन का मानना है कि समय रहते प्रभावी कार्रवाई कर ऐसे तत्वों पर लगाम लगाई जा सकती है, जिससे शिक्षण संस्थानों का वातावरण सुरक्षित और अनुशासित बना रहे।

**परेशानी** शहर में पेयजल आपूर्ति संकट, मानसून पूर्व तैयारी में लापरवाही

# कोयल नदी के उफान से इंटकवेल में गाद भरी, एक लाख लोगों की जलापूर्ति पर संकट

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र में पेयजल संकट की आशंका एक बार फिर गहरा गई है। पंपुकल स्थित इंटकवेल में गंदगी और गाद जमा हो जाने से शहर की पेयजल आपूर्ति बाधित हो सकती है। बीते दो दिनों से जारी बारिश के कारण कोयल नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ा है। इस कारण पंपुकल में लगे फुटबॉल वॉल्व जाम हो गए हैं, जिससे पानी की आपूर्ति रुकने लगी है।



### बगल के कुएं से जलापूर्ति का अस्थायी प्रयास

नगर निगम के सहायक आयुक्त विश्वजीत महतो ने बताया कि पेयजल आपूर्ति को दुरुस्त रखने के लिए इंटकवेल के बगल में स्थित कुएं की सफाई कर वैकल्पिक जलापूर्ति की व्यवस्था की जा रही थी, लेकिन अचानक बारिश ने प्रक्रिया को बाधित कर दिया। हालांकि, उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस बार शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

**बार-बार की समस्या, लेकिन समाधान नहीं :** यह कोई नई परेशानी नहीं है। हर वर्ष बरसात में यह समस्या आती है, लेकिन नगर निगम ने अब तक इससे निपटने के लिए स्थायी इंतजाम नहीं किए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश के दिनों में निगम द्वारा कभी-कभी बिना उचित साफ-सफाई के गंदा पानी ही सप्लाई कर दिया जाता है। लोग वर्षों से इस संकट को झेल रहे हैं।



## 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाएगा भाजपा रंका मंडल

**रंका (गढ़वा)।** भारतीय जनता पार्टी रंका उत्तरी मंडल द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन 21 जून 2025 (शनिवार) को सुबह 6 बजे रंका प्लस टू उच्च विद्यालय मैदान में किया जाएगा। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश दास करेंगे। भाजपा महामंत्री दिनेश प्रसाद चंद्रवंशी ने जानकारी दी कि इस आयोजन में पार्टी के सभी पदाधिकारी, मंच-मोर्चा के अध्यक्ष, महामंत्री, पंचायत अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष सहित कार्यकताओं को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य योग के महत्व को जन-जन तक पहुँचाना और इसे जनआंदोलन बनाना है। आयोजन की तैयारी पूरी कर ली गई है।

## भीषण सड़क हादसा, झामुमो अध्यक्ष गंभीर रूप से घायल

**चिनिया।** बुधवार देर रात चिनिया थाना क्षेत्र के ललसू मोड़ के पास एक भीषण सड़क दुर्घटना में झामुमो के खटट पंचायत अध्यक्ष संजय यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। वे गढ़वा से लौटते समय तेज गति से आ रही एक अपाचे बाइक से टकरा गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि उनका दाहिना हाथ टूट गया और शरीर में कई गंभीर चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें घर पहुंचाया गया, जहां से गुरुवार सुबह गढ़वा सदर अस्पताल रेफर किया गया। यह हादसा क्षेत्र में सड़क सुरक्षा उपायों की कमी को उजागर करता है।

## जिला परिषद की कृषि एवं उद्योग समिति की बैठक सम्पन्न, योजनाओं की समीक्षा कर दिए गए निर्देश

**गढ़वा।** जिला परिषद गढ़वा अंतर्गत कृषि एवं उद्योग समिति की बैठक गुरुवार को समाहरणालय स्थित उप विकास आयुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में आयोजित की गई। समिति के सभापति शंभू राम की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में जिले में संचालित कृषि, उद्यान, सहकारिता, पशुपालन, गव्य विकास, मत्स्य, बाजार समिति, बैंक एवं भूमि संरक्षण विभागों की योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा ने निर्देश दिया कि सभी विभाग सुनिश्चित करें कि सरकार की योजनाओं का लाभ वास्तविक किसानों तक पहुँचे। योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और त्वरित निष्पादन की आवश्यकता पर बल दिया गया। बैठक में जिला परिषद सदस्य, जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं सांसद प्रतिनिधि सहित संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## 21 जून को मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**खरौंधी (गढ़वा)।** प्रखंड विकास पदाधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रातः 6 से 7 बजे तक उच्च विद्यालय मैदान में योग सत्र आयोजित किया जाएगा। उन्होंने जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, पंचायत सहायकों, पुलिसकर्मियों और आम नागरिकों से सहभागिता की अपील की है। बीडीओ ने कहा कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक शांति, एकाग्रता और आत्मबल को भी बढ़ाता है। सभी विभागों को समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने और व्यवस्था में सहयोग का निर्देश दिया गया है।

## गृह कलह के बाद महिला ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या का किया प्रयास

**गढ़वा।** चिनिया थाना क्षेत्र के विलायती गांव निवासी महेंद्र कोरवा की पत्नी सविता देवी ने गुरुवार को कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। घटना के बाद उसे गम्भीर स्थिति में गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। परिजनों के अनुसार, पति-पत्नी के बीच सुबह किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी, जिसके बाद महेंद्र मजदूरी पर चला गया और पत्नी ने गुस्से में आकर कीटनाशक पी लिया। बेटी द्वारा सूचना दिए जाने पर परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। चिकित्सकों के अनुसार फिलहाल सविता देवी की हालत खतरे से बाहर है।

## प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन, बालिका टीम ने दिखाया दमखम

**धुरकी (गढ़वा)।** गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र के अम्बाखोरेया उच्च विद्यालय मैदान में सुब्रतो कप प्रखंड स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन प्रमुख शांति देवी, मुखिया प्रतिनिधि हरिलाल सिंह एवं सांसद प्रतिनिधि सुदर्शन प्रसाद गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया। टूर्नामेंट में धुरकी प्रखंड की कुल छह टीमों ने भाग लिया। पहला मुकाबला कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय धुरकी और पीएम श्री विद्यालय खुटिया के बीच हुआ, जिसमें कस्तूरबा टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए दो गोल से विजय प्राप्त की। प्रमुख शांति देवी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों में प्रतिभा की कमी नहीं है, उन्हें केवल सही मार्गदर्शन और अवसर की आवश्यकता है। बीपीओ विपिन गुप्ता ने कहा कि ऐसे आयोजन स्थानीय प्रतिभाओं को सामने लाने में मददगार साबित होते हैं। कार्यक्रम में शिक्षक बृजेश कुमार यादव, बसंत गुप्ता, सुशील भगत, सरजुल कुमार, वार्ड सदस्य सत्येंद्र राम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## चितविश्राम में संपन्न हुआ प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप लिटिल चैम्प फुटबॉल टूर्नामेंट

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड संसाधन केंद्र के तत्वावधान में गुरुवार को उच्च विद्यालय चितविश्राम के स्टेडियम में प्रखंड स्तरीय 64वीं सुब्रतो कप लिटिल चैम्प फुटबॉल टूनामेंट का भव्य आयोजन किया गया। टूनामेंट का उद्घाटन झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता अमरनाथ पांडेय ने फुटबॉल को किक मारकर किया। उद्घाटन के अवसर पर उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेल अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि खेलों के माध्यम से न केवल बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है, बल्कि आपसी सौहार्द और भाईचारा भी बढ़ता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। फाइनल मुकाबले के परिणाम इस प्रकार रहे, बालक वर्ग में उच्च विद्यालय चितविश्राम ने संघर्षपूर्ण मुकाबले में उच्च विद्यालय पिपरडीह को हराया। बालिका वर्ग में उच्च विद्यालय हलिवंता की टीम ने उच्च विद्यालय चितविश्राम को पराजित किया। टूर्नामेंट के समापन अवसर पर विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण उच्च विद्यालय चितविश्राम के प्रधानाध्यापक द्वारिकानाथ पांडेय और प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी तहमीना परवीन द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। प्रतियोगिता का संचालन जिला खेल प्रतिनिधि शिक्षक कमलेश पांडेय की देखरेख में संपन्न हुआ। आयोजन में खेल शिक्षक अनुराग गिरी, अनुज कुमार शुक्ला, विजयानंद तिवारी, घनश्याम प्रसाद सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## जन्मदिन पर पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**श्री बंशीधर नगर।** समाज कल्याण सेवा संस्थान के केंद्रीय अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय नाई महासभा के प्रदेश मार्गदर्शक सर्वेश कुमार ठाकुर ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का प्रेरणादायक संदेश दिया। गुरुवार को उन्होंने श्री बंशीधर नगर मुख्यपथ के किनारे पौधारोपण कर लोगों को हरियाली और पर्यावरण के महत्व के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर ठाकुर ने कहा कि यदि हमें आने वाली पीढ़ियों को एक स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण देना है तो प्रत्येक व्यक्ति को पौधारोपण को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने समाज के प्रत्येक नागरिक से अपील की कि वे पर्यावरण संरक्षण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। पौधारोपण कार्यक्रम में राष्ट्रीय नाई महासभा के प्रदेश मार्गदर्शक कुंदन कुमार ठाकुर, जिला कार्यसमिति सदस्य सत्येंद्र कुमार ठाकुर, विजय कुमार ठाकुर सहित अन्य पदाधिकारी और स्थानीय नागरिक भी शामिल हुए। सभी ने सर्वेश कुमार ठाकुर को उनके जन्मदिवस की बधाई देते हुए उनके इस सामाजिक कार्य की सराहना की।

# विश्व सिकल सेल दिवस पर डीसी ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**◂◂ जिलेभर में चलेंगे जाँच शिविर, 2047 तक उन्मूलन का लक्ष्य**

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** विश्व सिकल सेल दिवस 2025 के अवसर पर उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने गुरुवार को सदर अस्पताल परिसर से जन जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त ने कहा कि सिकल सेल




एनीमिया एक अनुवांशिक रोग है, जिसके प्रति जन-जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। उपायुक्त ने कहा कि सरकार द्वारा वर्ष 2047 तक इस रोग के उन्मूलन का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत जिले में 0-40 वर्ष की आयु वर्ग के लोगों की जांच हेतु 15 दिनों तक विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार सहित चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी और अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कोयल नदी की बाढ़ में फंसे दो युवक रेस्क्यू कर सुरक्षित निकाले गए

**नवीन मेल संवाददाता**

**कांडी।** कोयल नदी में अचानक आई बाढ़ के कारण खरौंधा गांव के दो युवक गुरुवार को नदी के बीच फंस गए। दोनों युवक – कुश कुमार मेहता (18 वर्ष) और राकेश कुमार मेहता (22 वर्ष, दिव्यांग) – अपने मवेशियों को चराने गए थे, तभी जलस्तर तेजी से बढ़ गया और वे नदी में फंस गए। घटना की सूचना मिलते ही एसडीओ संजय कुमार, सीओ राकेश सहाय, थाना प्रभारी अविनाश राज, मुखिया परिखा राम एवं अन्य अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति की निगरानी करने लगे। तीन गोताखोरों की मदद



से दोनों युवकों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। राकेश को पलामू के मोहम्मदगंज से आए रामचंद्र चौधरी और टाइगर चौधरी ने बचाया, जबकि कुश को गढ़वा से आए मोटर बोट दल ने रेस्क्यू किया। इस सफल अभियान में एसडीओ की अहम भूमिका रही।

## मुखिया ने किया इंडिकैश एटीएम का उद्घाटन

**रमना।** ग्रामीणों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बुधवार को सिलीदाग पंचायत की मुखिया अनीता देवी ने शहीद भगत सिंह चौक के निकट इंडिकैश एटीएम का फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि तकनीक के इस युग में एटीएम ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने का माध्यम बन रहा है। इस अवसर पर विवेक दयाल, दूधनाथ पासवान, संतोष कुमार, आशीष कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे। उद्घाटन के लिए एटीएम के प्रोपराइटर राजकुमार पासवान और राजू मौर्य की सराहना की गई।

## कोयल नदी में बाढ़ से तबाही सब्जी की फसल बर्बाद

**नवीन मेल संवाददाता**

**मझिआंव (गढ़वा)।** क्षेत्र में लगातार दो दिन से जारी भारी बारिश के कारण कोयल नदी उफान पर है। बाढ़ की स्थिति ने खासकर नदी किनारे बसे किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। खेतों में पानी भर जाने से नेनुआ, लौकी, भिंडी, पालक, मूली सहित कई प्रकार की सब्जी की फसलें पूरी तरह नष्ट हो गई हैं। इससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। किसानों की मेहनत बर्बाद हो जाने से जहां एक ओर वे निराश दिखे, वहीं बारिश के कारण धान की खेती को लेकर उनमें थोड़ी राहत और उम्मीद की भावना भी देखी गई। अच्छी वर्षा से अब खेतों में बिचड़ा डालने और बुआई की प्रक्रिया शीघ्र शुरू हो सकेगी। किसानों ने इसे दोहरी स्थिति बताया–एक ओर सब्जी की बबार्दी से नुकसान, दूसरी ओर धान की खेती में नया संबल। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि बारिश से गर्मी और उमस से राहत जरूर मिली है, लेकिन खेतों में जो नुकसान हुआ है, वह चिंताजनक है। प्रशासन से मांग की जा रही है कि किसानों को हुए नुकसान की भरपाई हेतु सर्वे कर राहत प्रदान की जाए।

## 64वीं सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन, प्रतिभा को मिला मंच

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** 64वीं सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट के तहत दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन गुरुवार को आर.के. प्लस टू उच्च विद्यालय भवनाथपुर के मैदान में हुआ। टूर्नामेंट का उद्घाटन बीडीओ नंद जी राम, पंचायत मुखिया बेबी देवी, सांसद प्रतिनिधि इंद्रदेव प्रसाद यादव और झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। प्रतियोगिता में अंडर-17 बालक वर्ग में भवनाथपुर विद्यालय ने झगराखांड को 1-0 से हराया। अंडर-17 बालिका वर्ग में



प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल ने भवनाथपुर को 2-0 से हराया। अंडर-15 बालक वर्ग में बुनियादी विद्यालय भवनाथपुर की टीम विजयी रही। बीडीओ ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्रों में अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना विकसित करती हैं। कार्यक्रम में प्राचार्य दिलीप उपाध्याय, मनोज गुप्ता, राकेश वर्मा, सुरेंद्र यादव, अशोक पाल सहित कई शिक्षक व गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## परती कुशवानी में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत विशेष शिविर आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत गुरुवार को परती कुशवानी पंचायत सचिवालय भवन परिसर में एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ प्रशांत कुमार, जिला पार्षद ज्वाला प्रसाद, मुखिया मुन्नी देवी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन के मौके पर बीडीओ प्रशांत कुमार ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य जनजातीय समुदायों को राज्य सरकार की योजनाओं से जोड़कर उनके समग्र विकास को सुनिश्चित करना है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपनी समस्याएं और संबंधित आवेदन शिविर में प्रस्तुत करें ताकि उनका समाधान ऑन द स्पॉट किया जा सके। शिविर में वृद्धावस्था पेंशन के 55 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 42 को तत्काल स्वीकृति प्रदान की गई। मनरेगा योजना अंतर्गत 20 मजदूरों के लिए नया जॉब कार्ड बनाया गया और आम बागवानी योजना के तहत दो आवेदन भी स्वीकृत किए गए। इस अवसर पर पांच महिला समूह की दीदियों को जेएसएलपीएस के माध्यम से 15 लाख रुपये का ऋण चेक प्रदान किया गया। चेक वितरण बीडीओ प्रशांत कुमार, बीपीएम अरविंद कुमार तथा अन्य पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। शिविर में बीपीओ नीरज पाल, पंचायत सचिव राम सुरेश राम, प्रखंड अध्यक्ष लालेश्वर राम, शंभू सिंह खरवार, सेवक सुधांशु कुमार, रोजगार सेवक धीरेन्द्र विश्वकर्मा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ व सुपरवाइजरों को एसडीएम ने दिया प्रशिक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार श्री बंशीधर नगर के एसडीएम प्रभाकर मिर्धा की अध्यक्षता में गुरुवार को बीएलओ और सुपरवाइजरों की एक बैठक प्रखंड सभागार में आयोजित की गई। बैठक में मतदान केंद्रों की जिओ-फेंसिंग, नजर नक्शा और की-मैप तैयार करने हेतु दिशा-निर्देश एवं प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर बीडीओ नंद जी राम, अंचलाधिकारी शंभू राम, पंचायत राज पदाधिकारी, और तकनीकी स्टाफ उपस्थित रहे।

## 64वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता की तैयारियाँ पूर्ण

**खरौंधी (गढ़वा)।** प्रखंड स्तरीय 64वीं सुब्रतो कप अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता २०२५ङ्म२६ के आयोजन को लेकर सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। बीईईओ विजय पांडेय ने जानकारी दी कि प्रतियोगिता २० से २१ जून तक उच्च विद्यालय खरौंधी के मैदान में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में अंडर-15 एवं अंडर-17 बालक-बालिकाओं की टीमें भाग लेंगी। बीपीएम नवीन प्रकाश ने बताया कि इस आयोजन से बच्चों के व्यक्तित्व, अनुशासन और टीम भावना का विकास होता है।

## मोटरसाइकिल दुर्घटना में चाचा-भतीजा घायल

**गढ़वा।** गढ़वा-नगर ऊंटारी मुख्य मार्ग पर लगमा गांव के पास गुरुवार को एक मोटरसाइकिल दुर्घटना में चाचा और भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान डंडई थाना क्षेत्र के दतमनिया गांव निवासी इशहाक अंसारी एवं उसके भतीजे जमील अंसारी के रूप में हुई है। घटना के बाद दोनों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जमील की स्थिति गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। इशहाक ने बताया कि वे गढ़वा में एक पारिवारिक अंतिम संस्कार हेतु कफन लेने आए थे। लौटते समय मोटरसाइकिल के सामने अचानक एक कुत्ता आ गया, जिससे अनियंत्रित होकर वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड रॉंची।
(उद्यान प्रभाग)
कार्यालय – जिला उद्यान पदाधिकारी, गढ़वा।
E-Mail Id- horticulturegarhwa2021@gmail.com

आम सूचना।

विभागीय राज्यादेश सं0– 17 दिनांक 28.05.2025 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2025-26 में उद्यान विकास की योजना अन्तर्गत उपयोजना "प्रोमोशन ऑफ अरबन फार्मिंग" के प्राप्त लक्ष्य के अनुसार शहर इलाकों एवं उनसे सटे हुए आस–पास के शहरी क्षेत्रों में बसे हुए परिवार के घरों के आवासीय परिसर में खाली पड़े भू–खण्डों सरकारी परिसर जहॉं स्थान उपलब्ध हो एवं Terrace Gardening अन्तर्गत जैविक एवं गुणवत्तायुक्त विभिन्न प्रकार के सब्जियों, फुलों एवं फलों के उत्पादन किये जाने हेतु इच्छुक लाभुकों से आवेदन की मांग की जाती है। इस योजना योजना कार्यान्वयन सरकारी परिसर में शत–प्रतिशत अनुदान पर एवं निजी व्यक्तियों के Terrace Gardening एवं आवासीय परिसर में खाली पड़े भू–खण्डों पर 75 प्रतिशत अनुदान पर किया जायेगा। दिनांक 08-07.2025 तक जिला उद्यान कार्यालय, गढ़वा में जमा कर सकते हैं।
नोटः–
1- ST, SC तथा लघु सीमांत एवं महिला कृषक को प्राथमिकता दी जायेगी।
2. अपूर्ण आवेदन स्वतः रद्द कर दिया जायेगा।
3. योजना के संदर्भ में विशेष जानकारी एवं आवेदन प्रपत्र की प्राप्ति हेतु जिला उद्यान कार्यालय, गढ़वा से कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।
4. शहरी क्षेत्रों में अवस्थित सभी कार्यालय प्रधान से अनुरोध है कि "प्रोमोशन ऑफ अरबन फार्मिंग" योजना के तहत शत–प्रतिशत अनुदान पर सरकारी परिसर में जैविक एवं गुणवत्तायुक्त विभिन्न प्रकार के सब्जियों, फुलों एवं फलों के उत्पादन एवं साज–सज्जा के पौधे हेतु आवेदन जिला उद्यान कार्यालय, गढ़वा में करने की कृपा किया जाय।
जिला उद्यान पदाधिकारी,
गढ़वा।
PR 355418 (Agriculture) 25-26 (D)

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड रॉंची
(उद्यान प्रभाग), कार्यालय – जिला उद्यान पदाधिकारी, गढ़वा
E-Mail Id- horticulturegarhwa2021@gmail.com

आम सूचना

विभागीय राज्यादेश सं0– 18 दिनांक 28.05.2025 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2025-26 में उद्यान विकास की योजना अन्तर्गत उपयोजना "मधुमक्खी पालन की योजना" अन्तर्गत गढ़वा जिला को OSP में 22 एवं SCSP में 07 कुल 29 इकाई का लक्ष्य प्राप्त है। प्राप्त लक्ष्य के अनुसार जिले में लघु/सीमान्त एवं निम्न वर्गीय, छोटे–छोटे कृषकों को उनके आय में दोगुनी वृद्धि के साथ–साथ पौश्णिक एवं पर्यावरण सुरक्षा के उद्देश्य से 80 प्रतिशत अनुदान एवं 20 प्रतिशत कृषक अंशदान पर चयनित योग्य लाभुकों को प्रति 20 इकाई मधुमक्खी बक्सा, 20 इकाई मधुमक्खी छता एवं 01 इकाई मधु निश्कर्षण इकाई का वितरण किया जायेगा। साथ ही चयनित योग्य लाभुकों को जिला स्तर पर मधुमक्खी पालन से संबंधित 03 दिवसीय तकनीकी प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। प्रशिक्षण के उपरांत ही योजना का लाभ दिया जाएगा। इस योजना के लाभ लेने के लिए दिनांक 08.07.2025 तक कार्यालय अवधि में अपने प्रखण्ड के BTM/ATM/BAO/उद्यान मित्रों से या जिला उद्यान कार्यालय, गढ़वा से आवेदन प्राप्त/जमा कर सकते हैं।
नोटः–
1. योजना के चयन में JSLPS के कृषक समूह/महिला स्वंय सहायता समूह के सदस्यों को प्राथमिकता दी जायेगी।
2- JSLPS के कृषक समूह/महिला स्वंय सहायता समूह द्वारा आवेदन/विवरणी उपलब्ध न होने की स्थिति में अन्य कृषक समूहों को योजना से आच्छादित किया जाएगा।
3- PVTG, SC, ST तथा लघु सीमांत एवं महिला कृषक को प्राथमिकता दी जायेगी।
4. चयनित योग्य लाभुकों द्वारा प्रशिक्षण में भाग नहीं लेने पर उक्त योजना का लाभ नहीं दिया जाएगा उनके स्थान पर अन्य योग्य लाभुकों का चयन कर दिया जाएगा।
5. आवेदन पूर्ण रूप से भरा होना चाहिए अपूर्ण आवेदन स्वतः रद्द कर दिया जायेगा।
6. योजना के संदर्भ में विशेष जानकारी हेतु जिला उद्यान कार्यालय, गढ़वा से कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।
जिला उद्यान पदाधिकारी,
गढ़वा
PR 355419 Agriculture(25-26)#D

पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय,
चतरा(झारखण्ड)
आम सूचना

पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, चतरा में सत्र 2025–26 कक्षा– एकादश (विज्ञान एवं कला संकाय) में रिक्त स्थानों में नामांकन हेतु ऑफलाइन आवेदन–पत्र आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक अभ्यर्थी ज0न0वि0,चतरा के कार्यालय से समय पूर्वाह्न 10.00 बजे से 05.00 अपराह्न तक किसी भी कार्य दिवस में आवेदन पत्र, निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन पत्र कार्यालय में दिनांक 09.07.2025 समय 05.00 बजे तक जमा किया जा सकता है।
प्रवेश परीक्षा की तिथि :–12/07/2025 (शनिवार) समय 10:00 पूर्वा0 से 1:30 अप0 तक ।
परीक्षा केन्द्र – जवाहर नवोदय विद्यालय, चतरा।
अधिक जानकारी विद्यालय की वेबसाइट–
https://www.navodaya.gov.in/nvs/nvs-school/Chatra/en/home/ अथवा मोबाइल नं0 7903894849 पर संपर्क करें।
अथवा प्राचार्य ज.न.वि. से प्राप्त की जा सकता है ।
प्राचार्य
ज0न0वि0,चतरा ।
PR 355455 School Education and Literacy(25-26)D

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकार, पलामू।
(आपदा प्रबंधन शाखा)

अपील

पलामू जिला एक अत्यधिक वज्रपात प्रभावित क्षेत्र है। वज्रपात के कारण प्रत्येक वर्ष यहां अधिक संख्या मे लोगों की मृत्यु, घायल एवं सम्पत्ति का नुकसान होता है। वज्रपात एक जानलेवा प्रहार है, जिसके प्रभाव को कम करने तथा बचाव के लिए निम्नलिखित सावधानियाँ बरतें:–

- यदि घर में हों, तो पानी का नल, फ्रिज, टेलीफोन आदि को न छुएं और उससे दूर रहें तथा बिजली से चलने वाले यंत्रो को बन्द कर दें।
- यदि दोपहिया वाहन, साईकिल, ट्रक, ट्रैक्टर, नौका आदि पर सवार हों, तो तुरन्त उतर कर सुरक्षित स्थानों पर चलें जाएं, वज्रपात के दौरान वाहनों पर सवारी न करें।
- धातु की डण्डी वाले छाते का उपयोग न करें।
- टेलीफोन व बिजली के पोल तथा टेलीफोन व टेलीविजन टावर से दूर रहें।
- कपड़े सुखाने के लिए तार का प्रयोग न कर जूट या सूत की रस्सी का प्रयोग करें।
- बिजली की चमक देख तथा गड़गड़ाहट की आवाज सुनकर ऊँचे एवं एकल पेड़ों के नीचे न जाएं।
- यदि आप जंगल में हों तो बौने एवं घने पेड़ों की शरण में चले जाएं।
- वृक्षों, दलदल वाले स्थानों तथा जल श्रोतों से यथासम्भव दूर रहें, परन्तु खुले आकाश में रहने से अच्छा है कि छोटे पेड़ों के नीचे रहें।
- खुले आकाश में रहने को बाध्य हों, तो नीचे के स्थानों को चुनें। एक साथ कई आदमी इकट्ठे न हों। दो लोगों के बीच की दूरी कम से कम 15 फीट हो।
- तैराकी कर रहे लोग, मछुआरे आदि अविलम्ब पानी से बाहर निकल जायें।
- गीले खेतों में हल चलाते, रोपनी या अन्य कार्य कर रहे किसानों तथा मजदूर या तालाब में कार्य कर रहे व्यक्ति तुरन्त सूखे एवं सुरक्षित स्थान पर जायें।
- धातु से बने कृषि यंत्र, डण्डा आदि से अपने को दूर कर लें।
- यदि आप खेत–खलिहान में काम कर रहे हों तथा किसी सुरक्षित स्थान की शरण न ले पाये हों, तो–
  (क) जहां हैं वहीं रहें, हो सके तो पैरों के नीचे सूखी चीजें जैसे लकड़ी, प्लास्टिक, बोरा या सूखे पत्ते रख लें।
  (ख) दोनों पैरो को आपस में सटा लें एवं दोनों हाथों को घुटनों पर रखकर अपने सिर को जमीन की तरफ यथासम्भव झुका लें तथा सिर को जमीन से न छुवाएं।
  (ग) जमीन पर कदापि न लेटें।
- अपने घरों तथा खेत खलिहानों के आस–पास कम ऊँचाई वाले उन्नत किस्म के फलदार वृक्ष समूह लगाएं।
- ऊँचें पेड़ के तनों या टहनियों में तांबे का तार स्थापित कर जमीन में काफी गहराई तक दबा दें, ताकि पेड़ सुरक्षित हो जाएं।
- मजबूत छत वाला पक्का मकान सबसे सुरक्षित स्थल है।
- यदि सम्भव हो, तो सरकारी भवनों एवं अपने घरों में तड़ित चालक लगवा लें।

किसी भी इमरजेंसी की स्थिति में पुलिस सहायता के लिये 100 एवं पुलिस कन्ट्रोल रुम के लिये 06562–231589 नम्बर पर सम्पर्क करें।
जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार, पलामू द्वारा जनहित में जारी।
ह0/–
उपायुक्त,
पलामू।
PR 355453 (Palamu) 25-26 (D)

# मूसलाधार बारिश बनी आफत दर्जनों कच्चे घरों में घुसा पानी

● बालूमाथ में जलजमाव से जनजीवन अस्त-व्यस्त, गरीब परिवारों को आवास योजना का इंतजार

नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ (लातेहार)।** झारखंड में मानसून की शुरुआत इस बार मूसलाधार बारिश के साथ हुई है। 16 जून से शुरू हुई बारिश 19 जून तक लगातार जारी रही। जहां एक ओर बारिश ने गर्मी से राहत दी और किसानों के चेहरों पर मुस्कान लायी, वहीं दूसरी ओर यह बारिश कई परिवारों के लिए आफत बन गई। बालूमाथ प्रखंड के विभिन्न गांवों में दर्जनों कच्चे घरों में पानी घुस गया। कई घरों की दीवारें ढह गईं, जिससे प्रभावित परिवारों को रहने और दैनिक जीवन की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बालूमाथ पंचायत में करीब एक दर्जन घरों को भारी नुकसान हुआ है। सड़कों पर जगह-जगह जलजमाव हो गया है। बालूमाथ बुनियादी विद्यालय परिसर स्थित बीआरसी भवन के गेट के पास भी पानी भर गया है, जिससे बच्चों का स्कूल आना-जाना मुश्किल हो गया है। बालूमाथ पंचायत के मुखिया नरेश लोहरा ने प्रभावित गांवों का दौरा किया। उन्होंने बताया कि दिवाकर नगर, कसियाडीह, बड़का बालूमाथ और हरिजन टोला के कई परिवारों के घरों में पानी घुस गया है। इनमें रिंकी देवी, शांति देवी, उमा देवी, गीता देवी, बुधनी देवी, संगीता देवी, कुंती देवी, बबीता देवी, रेखा देवी और तरनुम खातून के नाम प्रमुख हैं। मुखिया ने पीड़ित परिवारों को जल्द राहत दिलाने का आश्वासन दिया है और कहा है कि इन्हें आवास योजना में प्राथमिकता दी जाएगी।

**अधिकार से वंचित गरीब :** झारखंड में पिछले 10 वर्षों से गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने की बात कही जा रही है, लेकिन बालूमाथ के कई जरूरतमंद परिवार आज भी कच्चे घरों में रहने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों ने सवाल उठाया है कि जब गरीबों को योजना का लाभ नहीं मिल रहा है, तो आखिर ये लाभ किन्हें दिया जा रहा है?

पीड़ित परिवारों ने उपायुक्त लातेहार से त्वरित सहायता की मांग की है। बालूमाथ बीडीओ सोमा उरांव ने कहा है कि सभी प्रभावित परिवारों का सर्वे किया जा चुका है, शीघ्र ही मुआवजा और आवास योजना का लाभ दिया जाएगा।



## मूसलाधार बारिश ने मचाई तबाही, गरीबों के घर गिरे

● वज्रपात से बैल की मौत, प्रशासन से मुआवजे की मांग



**कुंदा (चतरा)।** पिछले दो दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश ने कई गांवों में तबाही मचा दी है। भारी बारिश से कुसुम्भा, मेदवाडीह, इचातु, मांझीपारा समेत कई गांवों में गरीबों के घर गिर गए हैं। कुसुम्भा निवासी कामदेव यादव, मेदवाडीह निवासी धीरेन्द्र भारती, इचातु निवासी उदय यादव और मांझीपारा निवासी उमाशंकर प्रसाद समेत कई ग्रामीणों के आशियाने ध्वस्त हो गए हैं। वज्रपात से कमाल गांव निवासी विजय सिंह भोक्ता का बैल मर गया है। पीड़ित ने बताया कि खेती के समय बैल की मौत उनके लिए बड़ी आर्थिक क्षति है। पीड़ित परिवारों ने प्रशासन से आर्थिक सहायता और मुआवजे की गुहार लगाई है।

## लगातार बारिश से सब्जी की फसल चौपट

**गिद्धौर/पत्थलगड़ा (चतरा)।** बीते दो दिनों से हो रही लगातार बारिश ने सब्जी उत्पादक किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। जहां बारिश धान की फसल के लिए शुभ संकेत मानी जा रही है, वहीं गोभी, बैंगन, टमाटर, मिर्च आदि की फसल और रोपाई बर्बाद हो गई है। कई खेतों में पानी भर जाने से बीज भी खराब हो गए हैं। किसान मुनाफे की उम्मीद में लगे थे लेकिन बारिश से लाखों रुपये की सब्जी फसल चौपट हो गई है। किसानों ने प्रशासन से मदद की मांग की है।

## शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी में लिए गए कई निर्णय

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड अंतर्गत प्लस टू उच्च विद्यालय बारिसाखी में गुरुवार को शिक्षक एवं अभिभावकों की गोष्ठी आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता परमेश्वर रविदास ने की, जबकि संचालन प्रधानाध्यापक राजकुमार यादव ने किया। गोष्ठी में पंचायत उपमुखिया विकास कुमार पांडेय भी मौजूद रहे। इस दौरान विद्यालय में संचालित गतिविधियों की जानकारी दी गई और अभिभावकों से आग्रह किया गया कि वे नियमित रूप से अपने बच्चों को विद्यालय भेजें। साथ ही गुणवत्तापूर्ण पठन-पाठन व मध्याह्न भोजन की व्यवस्था पर विचार-विमर्श किया गया। गोष्ठी में पोषक क्षेत्र के सभी बच्चों के शत-प्रतिशत नामांकन व उपस्थिति को लेकर सहमति बनी। बैठक में संगीता देवी, कौशल्या देवी, नीलम कुमारी, ममता देवी, पार्वती देवी सहित अनेक अभिभावक उपस्थित थे।

## बज्रपात से मवेशी की मौत

**बालूमाथ।** प्रखंड के पिंडारकोम गांव में गुरुवार को हुई बारिश और तेज आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक मवेशी की मौत हो गई। पशुपालक पारसनाथ यादव के अनुसार, बिजली गिरने के समय मवेशी घर के सामने खुले स्थान पर खड़ी थी। तेज गर्जना के साथ बिजली गिरते ही मवेशी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पशुपालन विभाग के संजय राणा मौके पर पहुंचे और जांच कर रिपोर्ट तैयार की। उन्होंने बताया कि मवेशी की मौत की जानकारी वरीय अधिकारियों को भेजी जा रही है ताकि पशुपालक को मुआवजा दिया जा सके। गौरतलब है कि क्षेत्र में बीते कुछ दिनों से लगातार बारिश और आकाशीय बिजली गिरने की घटनाएं हो रही हैं, जिससे जनजीवन के साथ-साथ पशुपालकों को भी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

## विधायक प्रतिनिधि ने दौरा कर क्षतिग्रस्त पुल-पुलिया की ली जानकारी

**चंदवा। क्षेत्र में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है। नदियां, नाले, तालाब** एवं खेत जलमग्न हो गए हैं। विधायक प्रकाश राम के निर्देश पर उनके प्रतिनिधि आदर्श रविराज ने बारिश से प्रभावित गांवों का दौरा कर क्षतिग्रस्त सड़कों, पुलों और ग्रामीण पथों की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि जल्द ही इन सभी क्षतिग्रस्त संरचनाओं की मरम्मत कराई जाएगी। रिपोर्ट तैयार कर विभाग को सौंपी जाएगी ताकि कार्य प्रारंभ हो सके। बोरसीदाग के पास पुलिया, तुपी-कुसुमटोला पथ पर कलभट्ट और चीरो गांव के तुरी टोला व गड़गांवा में ग्रामीण पथ बह गया है, जिससे स्कूली बच्चों और ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही है। इस दौरान युवा मोर्चा के सदस्य अंकित कुमार, सौरभ साहू, सेठी सिंह, सकिंद्र लोहरा, रंजन कुमार साहू सहित कई लोग मौजूद थे।

## राहुल गांधी का जन्मदिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया

**लातेहार।** अखिल भारतीय जिला कांग्रेस कमिटी लातेहार के तत्वावधान में गुरुवार को कांग्रेस कार्यालय में राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केक काटकर बधाई दी और उनके दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। जिला कार्यकारी अध्यक्ष गूंजर उरांव ने कहा कि राहुल गांधी युवाओं के प्रेरणा स्रोत हैं और उन्होंने देश में मोहब्बत का संदेश दिया है। कार्यक्रम में युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष आफताब आलम, मीडिया प्रभारी पंकज तिवारी, मनिका विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, महिला जिलाध्यक्ष अनिता देवी समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## किसानों के बीच अनुदानित दर पर धान, मक्का उड़द और अरहर बीज का वितरण शुरू

**चंदवा।** राज्य सरकार की ओर से संचालित बिरसा बीज उत्पादन विनिमय वितरण योजना और फसल विस्तार योजना के अंतर्गत गुरुवार को बुध बाजार स्थित अन्नपूर्णा बीज भंडार परिसर में 50 प्रतिशत अनुदान पर बीज वितरण कार्यक्रम शुरू हुआ। कार्यक्रम के तहत 'पहले आओ, पहले पाओ' योजना के अनुसार किसानों को धान, मक्का, उड़द और अरहर की बीजें उपलब्ध कराई जा रही हैं। अन्नपूर्णा बीज भंडार के प्रो. अंकित कुमार ने जानकारी दी कि इस योजना का उद्देश्य किसानों के आर्थिक बोझ को कम करना है। उन्होंने बताया कि किसान योजना का लाभ लेने के लिए अपने आधार कार्ड के साथ बीज भंडार पर पहुंचकर बीज खरीद सकते हैं। योजना के प्रचार-प्रसार के लिए संबंधित विभाग की ओर से भी प्रयास किए जा रहे हैं ताकि अधिक से अधिक किसान इसका लाभ उठा सकें।

## चंदवा के खैनी व्यवसायी ओम साहू और अनु देवी का निधन

**चंदवा।** शहर के खैनी व्यवसायी ओम प्रसाद साहू (55), पिता हरिचरण साहू का बुधवार रात दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। गुरुवार को उनका अंतिम संस्कार देवनद तट पर किया गया। परिजनों के अनुसार वह स्वस्थ थे, लेकिन रात में अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्होंने दम तोड़ दिया। वे अपने पीछे दो पुत्र और एक पुत्री छोड़ गए हैं। इसी दिन थाना टोली निवासी अनु देवी (40), पति विकास कुमार का निधन रिम्स, रांची में इलाज के दौरान हो गया। वह कुछ दिनों से बीमार चल रही थीं। उनका अंतिम संस्कार भी दोपहर बाद देवनद तट पर किया गया। दोनों व्यक्तियों के निधन पर शौंडिक जायसवाल समाज, तैलिक साहू समाज सहित स्थानीय सामाजिक संगठनों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। शोक व्यक्त करने वालों में अनिल साहू, हरिनंदन दुबे, प्रमोद दुबे, प्रमोद साहू, महेंद्र प्रसाद साहू, राजकुमार साहू, सतेंद्र प्रसाद साहू, मुरली प्रसाद, शशिकांत पाठक, सुधीर प्रसाद, अजय साहू, मनीष कुमार चांदो सहित कई स्थानीय लोग शामिल हैं।

## मूसलाधार बारिश ने खोली विकास की पोल, सड़कें और पुल बहने से आवागमन प्रभावित

**चतरा/गिद्धौर/पत्थलगड़ा।** जिले में लगातार तीसरे दिन भी मूसलाधार बारिश से आम जनजीवन प्रभावित है। तेज बारिश से गिद्धौर प्रखंड की ब्रह्मपुर पहाड़ी से तरी जाने वाली कालीकरण सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई है, जिससे बच्चों सहित राहगीरों को परेशानी हो रही है। रोहमर गांव से आगे पुल के पास सड़क बह गई है। इसके चलते गिद्धौर व पत्थलगड़ा प्रखंड के कई गांवों का संपर्क टूट गया है। सड़क किनारे बना गार्डवाल भी तेज बहाव में टूटकर बह गया है। जिला प्रशासन ने मौसम की गंभीरता को देखते हुए रविवार तक सभी धरती आबा, आयुष्मान कार्ड कैंप और पीएम जन मन शिविर स्थगित कर दिए हैं। शिविरों की नई तिथि मौसम सुधार के बाद घोषित की जाएगी।

## मनरेगा में बिना काम के 2.08 लाख रुपये का फर्जी भुगतान

**लातेहार।** सदर प्रखंड के पांडेयपुरा पंचायत में मनरेगा योजना में बड़े फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है। जनसुनवाई और सामाजिक अंकेक्षण के दौरान पता चला कि पंचायत में पांच योजनाओं का काम धरातल पर नहीं हुआ है, फिर भी कुल 2,08,924 का भुगतान कर दिया गया। ग्रामीणों ने पंचायत मुखिया, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक और बिचौलियों की मिलीभगत से सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप लगाया है।

## विकास कुमार बने आजसू पार्टी लातेहार के नगर अध्यक्ष

**लातेहार।** आजसू पार्टी लातेहार इकाई ने संगठन को मजबूत करने की दिशा में अहम फैसला लेते हुए गुरुवार को चांदनडीह आजसू जिला कार्यालय में विकास कुमार को नगर अध्यक्ष नियुक्त किया है। इसकी औपचारिक घोषणा आजसू जिला अध्यक्ष अमित पाण्डेय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर की है। इस अवसर पर पार्टी के केंद्रीय सदस्य राकेश सिंह, श्रवण पाण्डेय, रवि वर्मा, आनंद कुमार, नितेश जयसवाल एवं विकास वर्मा ने विकास कुमार को शुभकामनाएं दीं और विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में नगर क्षेत्र में संगठन की गतिविधियां और भी प्रभावशाली होंगी। मौके पर पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि यह नियुक्ति संगठन को नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करेगी।

## धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कृष्ट अभियान से जुड़ रहे ग्रामीण

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने कहा कि जनजातीय समाज के उत्थान के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाएं गांव-गांव तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कृष्ट अभियान के तहत जिले के सुदूर पंचायतों में जनकल्याणकारी शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। 15 जून से 18 जून तक जिले भर से अब तक 15,803 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, मनरेगा, आयुष्मान भारत कार्ड, जनधन खाता, श्रमिक कार्ड समेत अनेक योजनाएं शामिल हैं। लातेहार, सरयू, गारू, बरवाडीह, मनिका, बालूमाथ, बरियातू, हेरहंज, चंदवा और महुआडांड़ प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में आयोजित शिविरों में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। शिविरों में ऑन द स्पॉट आवेदन स्वीकृति का कार्य तेजी से चल रहा है। परियोजना निदेशक प्रवीण गगराई लगातार शिविरों का निरीक्षण और पर्यवेक्षण कर रहे हैं। उपायुक्त ने कहा कि कोई भी पात्र लाभुक योजना से वंचित न रहे, यही प्रशासन की प्राथमिकता है।

## द्वारी पंचायत में समन्वय समिति की बैठक

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड अंतर्गत द्वारी पंचायत सचिवालय में गुरुवार को पंचायत स्तरीय समन्वय समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता मुखिया जगदीश यादव ने की। बैठक में पंचायत में संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई और जनप्रतिनिधियों से समन्वय बनाकर पंचायत विकास में गति देने पर बल दिया गया। इसके अलावा द्वारी उच्च विद्यालय, मध्य विद्यालय तिलैया, आंगनवाड़ी, स्वास्थ्य उपकेंद्र, जल सहिया, जन वितरण प्रणाली आदि के सुचारू संचालन के निर्देश दिए गए। बैठक में सभी वार्ड सदस्य भी उपस्थित थे।

## बेतला पंचायत में मनरेगा घोटाला, उप मुखिया के परिवार को मिला लाभ

● ग्रामीणों ने उपायुक्त से जांच की मांग की

नवीन मेल संवाददाता

**बेतला (लातेहार)।** बरवाडीह प्रखंड के बेतला पंचायत में उप मुखिया बसंती देवी के परिवार के नाम पर मनरेगा योजना का लाभ उठाने का मामला प्रकाश में आया है।

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार, उप मुखिया के देवर शंभू कुमार के खेत में मेंढ़बंदी निर्माण, चाचा ससुर कमेश बैठा के खेत में ट्रेंच कम बंड निर्माण, चाची सास बेंदिया देवी के खेत में मेंढ़बंदी निर्माण, और बेंदिया देवी के पुत्र उत्तम कुमार रजक के खेत में मेंढ़बंदी निर्माण कार्य कर कागजों पर लाभ दिखाया गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि सरकार की गारंटी योजना मनरेगा भ्रष्टाचारियों के लिए लूट का साधन बनती जा रही है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से मामले की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है।

इस संबंध में बीडीओ से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुआ।

## न्यूज बॉक्स

### लगातार बारिश से मिट्टी के मकान ढहे, सड़कों का बहाव, बिजली खंभे गिरे

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र में लगातार चार दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित हो गया है। कई गांवों में मिट्टी व खपरैल के घर गिर गए हैं, वहीं कई कच्ची सड़कें बह गई हैं। सिबला पंचायत के भाटचतरा में धोबीयाही कुआं का एप्रोच मार्ग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। देवी मंडप परिसर की चारदीवारी भी ढह गई है। फूलवारिया गांव में टिभर तुरी के घर के पास चार बिजली पोल गिर जाने से बिजली आपूर्ति ठप हो गई है। वहीं, पैसरा गांव में प्रभु गंझु के घर के पास 11 हजार वोल्ट का बिजली खंभा गिरने से गांव अंधेरे में डूब गया है। डाढ़ा के बचरा स्थित गोखुलाबाजी क्षेत्र में मिट्टी-मोरम की सड़क पानी के तेज बहाव से बह गई है, जिससे लोगों का आवागमन ठप हो गया है। प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासन द्वारा नुकसान का आंकलन अभी नहीं किया गया है। समाचार लिखे जाने तक स्थानीय प्रशासन की ओर से राहत कार्य की जानकारी नहीं मिली थी।

### स्टेट हाइवे पर बहाल हुआ आवागमन लवरबंधा पुलिया की मरम्मत पूरी

**महुआडांड़।** लगातार बारिश से क्षतिग्रस्त हुए लवरबंधा नाला पुलिया की अप्रोच पथ की मरम्मत युद्धस्तर पर की गई। गुरुवार को महुआडांड़-डालटनगंज मुख्य मार्ग पर आंशिक रूप से आवागमन बहाल कर दिया गया है। तेज बहाव से पुलिया का संपर्क मार्ग कट गया था, जिससे भारी वाहनों की आवाजाही बंद हो गई थी। फिलहाल छोटे वाहनों और बसों का आंशिक परिचालन शुरू हो गया है। गारू थाना प्रभारी पारस मणि ने बताया कि मौसम अनुकूल रहा तो स्थायी मरम्मत के बाद आवागमन पूरी तरह सामान्य हो जाएगा। ग्रामीणों ने त्वरित मरम्मत कार्य के लिए प्रशासन की सराहना की, लेकिन पुलिया का स्थायी निर्माण शीघ्र कराने की मांग की है।

### पारिवारिक कलह में जहर खाई, महिला की स्थिति गंभीर

**बालूमाथ।** प्रखंड क्षेत्र के माकईयाटाड़ गांव में गुरुवार की सुबह 22 वर्षीय महिला जसोदा देवी, पति अमित यादव ने पारिवारिक विवाद से परेशान होकर घर में ज़हरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों ने बताया कि जसोदा देवी कुछ दिनों से मानसिक तनाव में थीं और घरेलू विवाद को लेकर बेहद परेशान थीं। गुरुवार सुबह जब परिजनों को उनके जहर खाने की जानकारी हुई, तो वे उन्हें तुरंत अचेत अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बालूमाथ लेकर पहुंचे। स्वास्थ्य केंद्र में मौजूद प्रभारी चिकित्सक डॉ. प्रकाश बड़ाइक ने प्राथमिक जांच के बाद बताया कि महिला की हालत चिंताजनक है। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए लातेहार सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में चर्चा का माहौल बन गया है और परिजन काफी दुखी हैं।

### गेंहू लदा ट्रक पलटा, चालक-खलासी सुरक्षित निकाले गए

**लातेहार।** मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-39 पर दोमुहान पुल के समीप गुरुवार को गेंहू लदा ट्रक पलट गया। हादसे में चालक और खलासी बाल-बाल बच गए। ट्रक रांची की ओर जा रहा था, लेकिन भारी बारिश के कारण डायवर्सन टूटने से असंतुलित होकर पलट गया। मनिका पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंच कर दोनों को सुरक्षित निकाला और एनएच कर्मियों की मदद से नया डायवर्सन तैयार कराया। प्रशासन ने वाहन चालकों से सतर्कता बरतने की अपील की है क्योंकि बारिश के कारण डायवर्सन और सड़कों पर जलजमाव की स्थिति बनी हुई है।

### किसानों के बीच बीज का वितरण, शामिल हुए सांसद, विधायक और डीडीसी

**चतरा।** जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट के प्रशिक्षण हॉल में गुरुवार को बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सांसद कालीचरण सिंह, विधायक जनार्दन पासवान, जिप अध्यक्ष ममता कुमारी, डीडीसी अमरेंद्र कुमार सिन्हा सहित कई अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। किसानों के बीच मडुआ मिनी किट 100% अनुदान पर और धान के बीज 50% अनुदान पर वितरित किए गए। सांसद ने किसानों से अपील की कि वे सरकारी बीजों का दुरुपयोग न करें। विधायक ने मोटे अनाज की खेती पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन आत्मा के उप परियोजना निदेशक ने किया।

### बीएलओ के साथ बैठक में बीडीओ ने दिए दिशा-निर्देश

**इटखोरी (चतरा)।** प्रखंड कार्यालय सभागार में बीडीओ सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सोमनाथ बांकीरा की अध्यक्षता में बीएलओ के साथ बैठक सह प्रशिक्षण आयोजित किया गया। बैठक में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की गई। बीडीओ ने कहा कि मतदान केंद्र का जियो टैगिंग और नक्शा 23 से 28 जून तक तैयार कर 7 जुलाई को सूची जिला निर्वाचन को सौंपनी है।


झारखण्ड सरकार
कार्यालयः जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कायपालक पदाधिकारी, लोहरदगा

आवश्यक सूचना

कार्यालय पत्रांक 399 दिनांक 12.06.2025 द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–26 में तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना अंतर्गत **जाल/हापा** की आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रण की सूचना PR No. 354945 Lohardaga(25-26):D के द्वारा जाल/हापा की निविदा प्रकाशित की गई थी जिसमें निविदा की निर्धारित तिथि 20.06.2025 को अपरिहार्य कारणवश स्थगित की जाती है। निदेशानुसार दिनांक 24.06.2025 को निविदा डालने का समय 11:30 बजे पूर्वा0 एवं निविदा खुलने का समय 12:00 बजे अपराह्न निर्धारित की जाती है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
लोहरदगा

PR 355504 Lohardaga(25-26)#D



झारखण्ड सरकार
कार्यालयः जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कायपालक पदाधिकारी, लोहरदगा

आवश्यक सूचना

कार्यालय पत्रांक 398 दिनांक 12.06.2025 द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–26 में तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना अंतर्गत **मैश फीड** की आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रण की सूचना PR No. 354943 Lohardaga(25-26).D मैश फीड की निविदा प्रकाशित की गई थी जिसमें निविदा की निर्धारित तिथि 20.06.2025 को अपरिहार्य कारणवश स्थगित की जाती है। निदेशानुसार दिनांक 24.06.2025 को निविदा डालने का समय 11:30 बजे पूर्वा0 एवं निविदा खुलने का समय 12:00 बजे अपराह्न निर्धारित की जाती है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
लोहरदगा

PR 355494 (Lohardaga)25-26*D


**पहल**

## सिकल सेल दिवस पर विशेष जांच अभियान शुरू

# 25 जून तक मुफ्त जांच की सुविधा

नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ।** विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बालूमाथ परिसर में विशेष जांच अभियान की शुरुआत की गई। यह अभियान 25 जून तक चलेगा।

कार्यक्रम का उद्घाटन प्रभारी चिकित्सक डॉ. प्रकाश बड़ाइक ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सिकल सेल एक गंभीर वंशानुगत रक्त विकार है, जिससे समय पर पहचान और इलाज अत्यंत आवश्यक है।

अभियान के अंतर्गत बालूमाथ के सीएचसी, पीएचसी व अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में निःशुल्क जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

इस अवसर पर डॉ. अलीशा टोप्पो, डॉ. सुरेंद्र कुमार, डॉ. सुरभी, डॉ. रवि रंजन, बीपीएम मृत्युंजय कुमार सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।



### क्या है सिकल सेल रोग

यह एक अनुवांशिक रक्त विकार है जिसमें लाल रक्त कोशिकाएं अर्धचंद्राकार हो जाती हैं। इससे रक्त प्रवाह बाधित होता है और अंगों तक ऑक्सीजन नहीं पहुंच पाती। रोगी को बार-बार दर्द, कमजोरी और संक्रमण का खतरा रहता है। यह बीमारी जनजातीय क्षेत्रों में अधिक पाई जाती है। डॉ. सुरभी ने बताया कि इस बीमारी के प्रति ग्रामीण क्षेत्रों में जानकारी की कमी है, इसीलिए यह जांच अभियान अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे खुद और अपने परिवार की जांच अवश्य कराएं।


प्रपत्र VII
समाहरणालय, गढ़वा
(जिला भू-अर्जन शाखा, गढ़वा), या, समाहर्त्ता या समुचित सरकार

अधिघोषणा
(अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)

अधिघोषणा संख्या 673/भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 16/06/2025

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना **केतार–राजी पथ के किमी0 24 वें में अवस्थित पंडा नदी पर उच्च स्तरीय सेतु निर्माण कार्य के पहुँच पथ योजना** हेतु ग्राम–राजी, थाना–खरौंधी, थाना सं0–08, अंचल–खरौंधी, जिला–गढ़वा में कुल :– **0.700** एकड़ भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश **0.700** एकड़ है और जो ग्राम–राजी, थाना–खरौंधी, थाना सं0–08, अंचल–खरौंधी, जिला–गढ़वा में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है :–

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे प्लॉट संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | पूरा पता सहित वर्तमान रैयत का नाम | सीमा (भूखंड से) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 115 | 942 | रैयती | टॉड 2 | 0.08 | राजेश महतो, विरेन्द्र महतो, रविन्द्र महतो, पिता–बालचन्द महतो | तुलसी महतो | रास्ता | नदी | रोड़ रास्ता |
| 2 | 76 | 1268 | रैयती | टॉड 2 | 0.14 | छकु मेहता, पिता–स्व0 हंसराज मेहता | सतन रविदास | रास्ता | प्लॉट नं0 1270 | प्लॉट नं0–944 नदी। |
| 3 | 214 | 1270 | रैयती | टॉड 2 | 0.40 | राजकुंवर देवी, पति–नरेश राम | सतन रविदास | रास्ता | गोपी चौधरी | तुलसी महतो |
| 4 | 29 | 1271 | रैयती | टॉड 2 | 0.08 | नन्हकु राम वगै0, पिता–स्व0 यदु राम | विजय कुमार | रास्ता | प्लॉट 276 | रामाधार सिंह |
| | | | | कुल :– | 0.700 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या :– शून्य,

जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है :– ग्राम–राजी, थाना–खरौंधी, थाना सं0–08, अंचल–खरौंधी, जिला–गढ़वा, क्षेत्रफल– 0, एकड़– 0, जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये है :– शून्य

उपायुक्त, गढ़वा

PR 355493 Land Reforms(25-26)#D

# लगातार बारिश से दो मकान धराशायी, परिजनों को हो रही रहने में परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा।** प्रखंड क्षेत्र में लगातार दो दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण कई जगहों पर जनजीवन प्रभावित हुआ है। इसी क्रम में मुर्की तोड़ार पंचायत अंतर्गत बाजार डांडू और सेन्हा अमन चौक में दो कच्चे मकान बारिश के कारण धराशायी हो गए, जिससे प्रभावित परिवारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बाजार डांडू निवासी स्व. अवधेश मिश्रा के पुत्र योगेंद्र मिश्रा का मकान अचानक गिरकर पूरी तरह छतिग्रस्त हो गया। सौभाग्य से इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन घर में रखा जरूरी सामान पूरी तरह नष्ट हो गया। परिवार अब खुले आसमान के नीचे या अस्थायी जगहों पर रहने को मजबूर है। वहीं दूसरी ओर, सेन्हा अमन चौक निवासी शरीफ अंसारी (पिता-स्व. जहम अंसारी) का भी मकान बारिश के कारण गिर गया। इस हादसे में हजारों रुपये का एस्बेस्टस, खपड़ा,



अनाज व अन्य घरेलू सामान बर्बाद हो गया। घटना के समय परिवार के सभी सदस्य बगल के कमरे में बैठे थे। अचानक दीवार गिरने की आवाज सुनकर सभी लोग समय रहते बाहर निकल गए, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। दोनों प्रभावित परिवारों ने प्रखंड प्रशासन और जिला प्रशासन से तत्काल राहत और आवासीय सहायता की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश से और भी कई कच्चे मकानों को खतरा है, ऐसे में तुरंत सर्वे कराकर उचित राहत उपाय किए जाएं।

## भारी बारिश के कारण घर पर गिरा पेड़, विधवा महिला को नुकसान



**कैरो (लोहरदगा)।** लगातार हो रही बारिश के कारण कैरो प्रखंड के नरौली बांधटोली में एक बड़ा हादसा हो गया। कैरो-नरौली मुख्य पथ के बगल में स्थित एक सुखा हुआ पेड़, जो पहले से ही गिरने की स्थिति में था, अचानक गिर गया। यह पेड़ एक अन्य छोटे पेड़ के सहारे अटका हुआ था, लेकिन बारिश और तेज हवा के कारण दोनों पेड़ टूटकर गिर पड़े। गिरा हुआ पेड़ वहीं पास में स्थित मंगरी उरांव, पति स्व. माडू उरांव, के घर पर जा गिरा, जिससे उनका कच्चा मकान बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। मंगरी उरांव एक असहाय और आर्थिक रूप से कमजोर विधवा हैं। इस हादसे ने उनके लिए विकट परिस्थिति खड़ी कर दी है। घर में रखा खाने-पीने का सामान भी पूरी तरह नष्ट हो गया है। मंगरी उरांव ने बताया कि यह पेड़ बहुत पहले से ही सूख चुका था और गिरने की स्थिति में था, लेकिन किसी ने इसे हटवाने की पहल नहीं की। उन्होंने प्रखंड अंचल कार्यालय जाकर क्षतिपूर्ति की मांग करने की बात कही है। उनका कहना है कि आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वे स्वयं मकान की मरम्मत कराने में असमर्थ हैं। स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से अपेक्षा की जा रही है कि वे जल्द से जल्द मंगरी उरांव की सहायता करें और उचित मुआवजा प्रदान कर उन्हें राहत पहुंचाएं।

## धीरज प्रसाद साहू ने राज्यपाल से की शिष्टाचार मुलाकात



**लोहरदगा।** झारखंड कांग्रेस के कद्दावर नेता व पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार से औपचारिक मुलाकात की। इस मौके पर दोनों के बीच झारखंड में विकास की सभी पहलुओं के साथ साथ सरकार की जन लाभकारी योजनाओं पर चर्चा हुई। श्री साहू ने जानकारी देते हुए कहा कि महामहिम के साथ उनकी लगभग आधे घंटे की मुलाकात में उन्होंने झारखंड के सभी विश्वविद्यालयों,महाविद्यालय एवं विद्यालयों की क्रियाकलाप के ऊपर प्रकाश डाला। मौके पर महामहिम ने कहा कि भविष्य में हमारे झारखण्ड राज्य के सभी विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, विद्यालयों में और भी बेहतर व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने तकनीकी शिक्षा के ऊपर चर्चा करते हुए कहा कि तकनीकी शिक्षा के माध्यम से छात्रों को विशिष्ट तकनीकी क्षेत्रों में काम करने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान किया जाएगा। जिसके तहत छात्र विज्ञान, प्रौद्योगिकी , इंजीनियरिंग, गणित एवं व्यवसायों के प्रशिक्षण में सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी । श्री साहू का भी मानना है कि व्यावसायिक प्रशिक्षण छात्रों को विशिष्ट व्यवसायों एवं उद्योगों में काम करने के लिए आवश्यक कौशल सिखाती है, तकनीकी शिक्षा छात्रों को विभिन्न प्रकार के करियर के लिए तैयार करती है और उन्हें उच्च शिक्षा या नौकरी बाजार में मदद मिलेगी।

## जिला के पर्यटन स्थलों को करें विकसित : डॉ ताराचंद



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में पर्यटन कार्यकारिणी संवर्धन समिति की बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त ने बैठक में जिला के सभी अधिसूचित पर्यटन स्थलों में सुरक्षाकर्मी व सफाईकर्मी की नियुक्ति करने का निदेश जिला पर्यटन पदाधिकारी को दिया।

उपायुक्त ने जिले के पर्यटन स्थलो तक पहुंचने के लिए पथ प्रदर्शक व पर्यटन स्थल की विशेषता बताने वाला सूचना पटट् जल्द से जल्द अधिष्ठापित कराने का भी निर्देश संबंधित कार्यान्वयन एजेंसी को दिया। सेन्हा प्रखण्ड के अधिसूचित पर्यटन स्थल धरधरिया जलप्रपात के पास शहीद जवानों का शहादत स्थल जल्द से जल्द तैयार कराने का निर्देश संबंधित कार्यान्वयन एजेंसी को दिया गया। टिको ग्राम स्थित शहीद रूनिया झुनिया के शहादत स्थल को अधिसूचित पर्यटन स्थल की सूची में शामिल करने हेतु अग्रेत्तर कारवाई करने का निर्देश उपायुक्त ने दिया। अधिसूचित पर्यटकीय क्षेत्र नमोदाग जो 27 नम्बर पुल के नाम से विख्यात है उसमें पर्यटकीय सुविधा अन्तर्गत सोलर लाईटिंग, कुड़ेदान, कैफेटेरिया, बेंच, सीसीटीवी, आदि की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। अधिसूचित पर्यटन स्थलो की प्रसिद्धी के लिए नियमित अंतराल में कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया गया, साथ ही लोहरदगा जिला अन्तर्गत होटलो में पर्यटन स्थलों की जानकारी से संबंधित बुकलेट उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी, वन प्रमण्डल पदाधिकारी अभिषेक कुमार, जिला खेल पदाधिकारी उपवन बाड़ा, प्रशासक नगर परिषद मुक्ति किड़ों समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### भारी वर्षा से राहत व बचाव कार्य के लिए उपायुक्त ने पदाधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

# आमजनों की सुरक्षा व राहत कार्य के लिए रहें तैयार : उपायुक्त

- लोगों की संपर्क में रहें पदाधिकारी और सूचना मिलते ही करें त्वरित कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद ने विभिन्न जिलास्तरीय विभागों के पदाधिकारियों व प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एंव अंचल अधिकारी के साथ वर्चुअल बैठक कर भारी बारिश, वज्रपात व अन्य प्राकृतिक आपदाओं लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अक्षरशः पालन करें। जिला में दो दिनों से भारी बारिश हो रही है जिससे नदी-नाले उफान पर हैं, इस वजह से आवश्यक सावधानी नहीं बरतने से जान-माल का नुकासान का खतरा बना रहता है। सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी व अंचल अधिकारी अपने अपने क्षेत्र में ऐसे खतरा वाले स्थान को चिन्हित कर उसकी मार्किंग कर वहां सूचना पटट् व बैरिकेटिंग लगाये। किसी तरह के अफ़वाहों को तुरंत दूर करें। लोगो में भ्रम की स्थिति नहीं पैदा होने दें। अत्यधिक बहाव वाले नदी-नालों, पुल-पुलिया आदि स्थानों पर लोगो को आगाह करने व आवश्यक कार्रवाई करने हेतु कर्मियों की प्रतिनियुक्ति करें। आस-पास के ग्रामीणों के सम्पर्क में रहें ताकि किसी प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर त्वरित कार्रवाई की जा सके। संभव हो तो उस समय जब किसी नदी नाले में बहाव अत्यधिक हो तो उसमें बने पुल-पुलिया के जरिये होने वाले आवागमन को तुरंत रोक दे। लोगो से अपील करें कि अत्यधिक बारिश होने की स्थिति में बिना कारण घरों से ना निकलें। किसी प्रकार की सूचना तुरंत पंचायत स्तर तक पहुंचाएं। सिविल सर्जन लोहरदगा को किसी प्रकार की अप्रिय घटना होने की स्थिति में चिकित्सीय सहायता प्रदान करने के लिए जिला व प्रखण्ड स्तर पर क्विक रिस्पॉन्स टीम गठित करने का निर्देश दिया गया। कार्यपालक अभियंता, पीएचईडी को लोगो के बीच साफ पानी पीने का दिशा निर्देश जारी करने, कुआं व चापाकल से पानी का इस्तेमाल करने वालो को पानी साफ करने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली दवाईयों की जानकारी का प्रचार-प्रसार कराये जाने का निर्देश दिया गया। आपदा प्रबंधन पदाधिकारी को जिला में किसी प्रकार की आपदा से निबटने और इसके लिए अपने कार्यबल को तैयार रहने का निर्देश दिया।



### उपायुक्त ने की आम लोगों से अपील

उपायुक्त ने आम लोगों से अपील की है कि अतिवृष्टि से जिन लोगों का घर क्षतिग्रस्त हुआ है वे अपने संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी व जनप्रतिनिधि के माध्यम से जिला प्रशासन को सूचित कर सकते हैं। साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारियों व अंचल अधिकारियों को निदेश दिया कि पीड़ित परिवार के अस्थायी आवासन व अन्य मूलभूत सुविधाएं तत्काल राहत अंतर्गत उन्हें मुहैया करायी जाए।

## नगर परिषद ने चलाया नशा उन्मूलन जागरूकता अभियान



**लोहरदगा।** जिले में निषिद्ध मादक पदार्थों और नशीली दवाओं के दुरुपयोग को रोकने के उद्देश्य से नगर परिषद, लोहरदगा द्वारा गुरुवार को जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान वनवासी कल्याण, मिशन चौक, ईस्टगोला रोड एवं नया नगर परिषद कार्यालय के आसपास के क्षेत्रों में संचालित हुआ। इस दौरान नगर परिषद के प्रचार वाहन के माध्यम से ऑडियो संदेशों के जरिए लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया। संदेशों में विशेष रूप से बताया गया कि मादक पदार्थों और नशीली दवाओं के सेवन से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ता है, बल्कि इससे आर्थिक और सामाजिक समस्याएं भी उत्पन्न होती हैं। अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखना और समाज में नशा के खिलाफ जागरूकता फैलाना था। नगर परिषद द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार के अभियान को विभिन्न इलाकों में जारी रखने की बात कही गई है।

### हिंडाल्को सीएसआर से नेशनल साइक्लिस्ट सीता को मिला रेसिंग साइकिल

## सीता अपनी प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर लोहरदगा का नाम करेंगी रोशन : शत्रुजीत कुमार

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड, खान प्रभाग लोहरदगा द्वारा सीएसआर कार्यक्रम के तहत स्थानीय खेल प्रतिभा को बढ़ावा देते हुए राष्ट्रीय स्तर की साइक्लिस्ट सीता कुमारी को रेसिंग साईकिल मैरिडा रैक्टो 4000 प्रदान किया गया। हिंडालको परिसर में हिंडाल्को के उपाध्यक्ष (खान) शत्रुजीत कुमार के नेतृत्व में राष्ट्रीय स्तर की साइक्लिस्ट सीता कुमारी को रेसिंग साइकित प्रदान किए गए। मौके पर उन्होंने नेशनल साइक्लिस्ट सीता को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सीता आने वाले समय में आगामी प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर लोहरदगा का नाम रोशन करेंगी।



सीएसआर प्रमुख नीरज कुमार ने बताया कि इससे पूर्व भी हिंडाल्को सीएसआर द्वारा प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को बोसिया बॉल किट एवं तीरंदाजी के लिए उच्च श्रेणी के किट प्रदान किए गए हैं। मौके पर सहायक महाप्रबंधक (मानव संसाधन) चिन्मय दास, लेखा विभाग प्रमुख अरविंद बोचीवाल, प्रबंधक (एचआर) श्वेता सिंह, सीएसआर अधिकारी अनन्या डे, सीएसआर विभाग के भास्कर दास गुप्ता आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सीता ने हिंडाल्को सीएसआर को आभार प्रकट किया।

22 वर्षीय सीता अपने कोच दीपक हेंब्रम के निगरानी में अभ्यास करती हैं। मौजूदा समय वह लोहरदगा के बीएस कॉलेज में चौथे सेमेस्टर की छात्रा है। मां गृहिणी हैं, जबकि पिता पेशे से किसान हैं। सीता 2022-23 में गढ़वा में आयोजित स्टेट मीट में शामिल हुई, 2023-24, 2024-25 में खेलो इंडिया प्रतियोगिता में शामिल हुई। संसाधन के अभाव के बावजूद श्रेष्ठतम प्रदर्शन करते हुए 2024-25 में राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ, पर प्रतियोगिता के लिए उच्च कोटि के साइकिल नहीं होने कारण शामिल नहीं हो सकी। अब सीता को हिंडाल्को से मदद मिलने के बाद आश्वस्त है कि वह श्रेष्ठतम प्रदर्शन कर नाम रौशन करेंगी।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन कल महिला कॉलेज में

**लोहरदगा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के अवसर पर आगामी 21 जून को शहर के प्रतिष्ठित मधुसूदन लाल अग्रवाल महिला महाविद्यालय में योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन बड़े धूमधाम से किया जाएगा। इस वर्ष योग दिवस का थीम "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग" निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व योग कोच मुकेश कुमार शास्त्री शिरकत करेंगे। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. गणेश प्रसाद एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय पंकज उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुधीर अग्रवाल जी करेंगे, जबकि महाविद्यालय के प्राचार्य सनेह कुमार कार्यक्रम का संचालन करेंगे। योग दिवस के मौके पर योग प्रोटोकॉल अभ्यास का संचालन डॉ. अशोक आचार्य द्वारा किया जाएगा। डॉ. आचार्य को एम्स दिल्ली, इग्नू यूनिवर्सिटी, डीडीए सहित कई राष्ट्रीय संस्थानों और सेलिब्रिटी को योग सिखाने का 15 वर्षों का अनुभव प्राप्त है। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के लिए विशेष योग सत्र आयोजित किया जाएगा।

## कांग्रेस कार्यालय में हर्षोल्लास से मनाया गया राहुल गांधी का जन्मदिन



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के 55वें जन्मदिवस पर गुरुवार को कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन, लोहरदगा में हर्षोल्लास का माहौल देखने को मिला। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुखेर भगत के नेतृत्व में केक काटकर जन्मदिन मनाया गया और राहुल गांधी को शुभकामनाएं दी गईं। इस दौरान उनके दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना भी की गई। जिला अध्यक्ष सुखेर भगत ने कहा कि "राहुल गांधी देश के शोषितों, वंचितों, दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों एवं सामान्य वर्ग के गरीबों के अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष कर रहे हैं, जो सच्चे सामाजिक न्याय का प्रतीक है।" उन्होंने विश्वास जताया कि "राहुल जी के नेतृत्व में देश में शांति, प्रेम और संविधान की रक्षा का सपना अवश्य साकार होगा।" वहीं प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद ने अपने वक्तव्य में कहा कि "आज देश को राहुल गांधी जैसे निडर और संवेदनशील नेता की आवश्यकता है। "राहुल जी का यह प्रयास सामाजिक परिवर्तन की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है, जिससे आज देश का हर जागरूक नागरिक जुड़ता जा रहा है। कार्यक्रम में मौजूद कार्यकर्ताओं ने नारा दिया – "नफरत पर प्यार की जीत होगी, राहुल जी के मिशन में हर कांग्रेसी साथ खड़ा रहेगा। कार्यक्रम के अंत में सभी ने राहुल गांधी के विचारों पर चलने और उनके मिशन को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। मौके पर मोहन दुबे (जिला उपाध्यक्ष), प्रकाश उरांव (सोशल मीडिया प्रभारी), सोनू कुरैशी (सांसद स्वास्थ्य प्रतिनिधि), परवेज सिद्दीकी, मुजम्मिल अंसारी, राजू कुरैशी, रुस्तम अंसारी, असलम अंसारी, मदन प्रसाद, मन्नू कुमार, मोहम्मद अमन, परवेज आलम सहित कई कांग्रेसी नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# खतरे के निशान से ऊपर बह रहा सीठियो और कोयल नदी का पानी

- बरसात में खतरे के बीच रोमांच, कोयल नदी का पुराना पुल बना 'सेल्फी पॉइंट'

**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** बरसात के मौसम में जहां नदी-नालों में उफान आम जीवन के लिए खतरा बन जाता है, वहीं सेन्हा प्रखंड क्षेत्र में कोयल नदी का पुराना पुल इन दिनों लोगों के लिए 'सेल्फी पॉइंट' बन गया है। नव-निर्मित पुल से यातायात आरंभ होने के बावजूद, स्थानीय ग्रामीण और युवाओं की भीड़ पुराने पुल पर चहल-पहल करती नजर आ रही है, जो कि न केवल खतरनाक है, बल्कि प्रशासन



की चिंता भी बढ़ा रहा है। प्रशासन द्वारा बनाए गए नए पुल के उपयोग से जहां लोगों की जान सुरक्षित रह सकती है, वहीं पुराने पुल पर खड़े होकर सेल्फी लेना एक खतरनाक खेल है, जिसकी कीमत कोई अनमोल जान भी हो सकती है।

वही लगातार दो दिनों से हो रही बारिश के कारण प्रखंड क्षेत्र की नदियों का जलस्तर बढ़ चुका है। सीठियो और कोयल नदी का पानी खतरे के निशान से ऊपर बह रहा है। इसी कोयल नदी पर स्थित पुराना पुल, जो पहले आवागमन के लिए प्रयोग में लाया जाता था, अब बारिश के समय जलमग्न हो जाता है। बावजूद इसके, स्थानीय लोग उसी पुल पर खड़े होकर बाढ़ का दृश्य देखने और सेल्फी लेने के लिए पहुंच रहे हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों ने समाचार माध्यमों के ज़रिए प्रशासन से अपील की है कि सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुराने पुल पर आवाजाही को प्रतिबंधित किया जाए, ताकि किसी भी संभावित दुर्घटना से बचा जा सके।

### पुराने हादसों की यादें अब भी ताजा

वर्ष 2017 की एक भयावह दुर्घटना अब भी लोगों के ज़ेहन में ताजा है, जब इसी पुल पर पानी के तेज बहाव में एक ही परिवार के चार सदस्य (माता-पिता व दो बच्चे) एम्बुलेंस सहित बह गए थे। प्रशासन को शवों और वाहन को खोजने में काफी मशक्कत करनी पड़ी थी। इस हादसे के बाद ही नया ऊंचा पुल निर्माण कराया गया था, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हो।

### प्रशासन की अपील: पुराने पुल से दूरी बनाएं

हालात को देखते हुए प्रखंड प्रशासन और जिला प्रशासन द्वारा लोगों से पुराने पुल पर न जाने और सेल्फी न लेने की अपील की गई है। प्रशासन का मानना है कि जलस्तर में और बढ़ोतरी की आशंका है, ऐसे में पुराने पुल को तत्काल प्रभाव से बंद कर देना चाहिए।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार**
Email- rdsd.latehar@rediffmail.com

**निविदा रद्द करने संबंधी सूचना**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित अति अल्पकालिन ई निविदा सं0. EE/RDSD/LATEHAR/5/2025-26 जिसका PR NO- 352223 (Rural Development)25-26*D दिनांक –14-05-2025 को प्रकाशित हुई थी। इस निविदा को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
लातेहार।

PR.NO.355511 Rural Development(25-26):D

**कार्यालय, असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा**
**(राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम, जिला स्वास्थ्य समिति, गढ़वा)**

**रद्द पत्र**

जिला स्वास्थ्य समिति, राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम गढ़वा के द्वारा स्वास्थ्य विभाग में संविदा आधारित नियुक्ति हेतु विज्ञापन संख्या–09/2024–25 दिनांक–07.03.2025 जिसका PR NO.-348075 है, को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा

PR 355507 Health Med Edu and Family Welfare(25-26).D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार**
Email- rdsd.latehar@rediffmail.com

**निविदा रद्द करने संबंधी सूचना**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित अति अल्पकालिन निविदा सं0.EE/RDSD / LATEHAR/13 /2025-26 जिसका PR NO-355002 Rural Development(25-26).D दिनांक–14-06-2025 को प्रकाशित हुई थी। इस निविदा को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
लातेहार

PR 355420 (Rural Development)25-26*D

**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
CIN: U40108JH2013SGC001704
Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH
Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in
Office of the: General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj) Address-Sudna, Daltonganj/ e-mail : gmtzdal@gmail.com

**e-Tender Cancellation Notice**

e-NIT No. **581/PR/JUSNL/2024-25** for the work **"Provision of deep boring with complete water supply system for all quarters at colony campus of 132/33 kV GSS, Garhwa Road"** is hereby cancelled due to unavoidable reasons.

Sd/-
General Manager,
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR No. 349213

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

PR.NO.355475 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(25-26):D

# लगातार हो रहे मूसलाधार बारिश से जनजीवन हुआ अस्त-व्यस्त



**सिसई(गुमला)।** प्रखंड क्षेत्र में पिछले 48 घंटे से हो रही मुसला धार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बारिश में लोग घरों में ही दुबके रहे। क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से क्षेत्र की छोटी बड़ी सभी नदी-नाले उफान पर है।

बीडीओ रमेश कुमार यादव ने गुरुवार को प्रखंड स्थित कंस नदी डाड़हा-छारदा पर बने क्षतिग्रस्त पुल का निरीक्षण करने पहुंचे जहां भारी बारिश से पुल का चार पिलर क्षतिग्रस्त देख संबंधित पंचायत के मुखिया प्रकाश उरांव को पुल की दयनीय स्थिति व खतरें को देखते हुए पुल के दोनों ओर बैरिकेडिंग लगाकर आवागमन रोकने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने आम जनता से सुरक्षित स्थान पर रहने और अकारण घरों से बाहर नहीं निकलने की अपील की। भारी बारिश होने से ग्रामीण इलाकों के कच्चे मकानों, पेड़ पौधों, खेती-किसानी को भारी नुकसान होने की संभावना बढ़ गई है। वहीं प्रखंड मुख्यालय में गुरुवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों व रोजमर्रा की जरूरत वाले व्यवसाय, यातायात सहित जन जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

## आठ दिन में धंसने लगी नई सड़क ग्रामीणों ने लगाया अनियमितता का आरोप



**जारी।** जारी प्रखंड में हाल ही में बनी एक सड़क, जो परमवीर अल्बर्ट एक्का के क्षेत्र अंतर्गत बेतरी मोड़ से बेतरी गांव तक जाती है, निर्माण के महज 8 दिनों के भीतर ही धंसने लगी है। इस घटना ने स्थानीय ग्रामीणों में भारी रोष उत्पन्न कर दिया है, जिन्होंने निर्माण कार्य में बड़े पैमाने पर अनियमितता का आरोप लगाया है और उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।लगभग 2.5 किलोमीटर लंबी यह सड़क बिहारी कंस्ट्रक्शन द्वारा बनाई गई थी। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क के कालीकरण में घोर लापरवाही बरती गई है। पहली ही बारिश में सड़क पर दरारें पड़ने लगी हैं और कई जगहों से डामर भी उखड़ने लगा है, जिससे सरकारी पैसे की बर्बादी स्पष्ट दिख रही है।सरकारी पैसे की बर्बादीः विभाग या ठेकेदार, कौन दोषी ?स्थानीय लोगों के अनुसार, सड़क निर्माण के दौरान रोलर का ठीक से उपयोग नहीं किया गया, जिससे मिट्टी में पर्याप्त वाइब्रेशन नहीं हुआ और सड़क की सतह मजबूत नहीं हो सकी। इसी का परिणाम है कि भारी वाहनों के गुजरने से सड़क की मिट्टी दबने लगी है और जगह-जगह सड़क धंसने लगी है। यह सीधा-सीधा ठेकेदार की अनियमितता को उजागर करता है। सड़क के कई स्थानों पर किनारे की मिट्टी धंसने से बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा मंडरा रहा है।

## केंद्रीय मंत्री का विकास भारती बिशुनपुर परिसर में हुआ भव्य स्वागत



**गुमला।** भारत सरकार के केंद्रीय कपड़ा उद्योग मंत्री गिरिराज सिंह का आज विकास भारती बिशुनपुर के रांची स्थित कार्यालय परिसर में आगमन हुआ। इस अवसर पर उन्हें झारखंड की पारंपरिक पगड़ी पहनाकर एवं गमछा ओढ़ाकर गरिमामय स्वागत किया गया। स्वागत समारोह के दौरान मंत्री को स्वलिखित पुस्तक "परंपरा और प्रयोग" भेंट की गई, जो भारतीय संस्कृति, विरासत और नवाचारों पर आधारित है। कार्यक्रम में भारत सरकार के रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ भी विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने भी इस सम्मान समारोह में सहभागिता की। यह अवसर विकास भारती परिवार के लिए गौरवपूर्ण रहा, जहां दोनों केंद्रीय मंत्रियों की उपस्थिति ने संस्था के कार्यों को और भी ऊर्जा प्रदान की।

## न्यूज बॉक्स

### अवैध शराब के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी



**चैनपुर।** गुमला पुलिस अधीक्षक हारीश बिन ज़मां के निर्देश पर चैनपुर मुख्यालय एवं बेंदोरा में अवैध शराब के खिलाफ सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत अल्बर्ट एक्का चौक, सोहन चौक, पीपल चौक और विभिन्न दुकानों व होटलों के साथ-साथ घरों में भी तलाशी ली गई।पुलिस ने शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाली भारी मात्रा में महुआ को नष्ट किया। हालांकि, कई होटलों में छापेमारी के बावजूद एक भी शराब की बोतल नहीं मिली। इस अभियान में चैनपुर थाना प्रभारी कुन्दन चौधरी, एएसआई नंदकिशोर कुमार और थाना के सशस्त्र बल शामिल रहे।गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही उत्पाद विभाग ने भी चैनपुर थाना क्षेत्र में अवैध शराब बेचने वाली महिलाओं को गिरफ्तार किया था। क्षेत्र में लगातार चल रहे इस तरह के अभियानों से अवैध शराब विक्रेताओं में हड़कंप मचा हुआ है।

### युवा खिलाड़ियों को नशा मुक्ति की शपथ

**गुमला।** गुमला जिला प्रशासन के नेतृत्व में मादक पदार्थों की रोकथाम और नशा उन्मूलन के उद्देश्य से चलाए जा रहे जन-जागरूकता अभियान के तहत आज इनडोर स्टेडियम गुमला में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खेल प्रशिक्षकों – बीना केरकेट्टा, मनोज कुमार पॉल एवं इमरान अली – द्वारा युवा खिलाड़ियों को नशे के दुष्प्रभावों और इससे होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर खिलाड़ियों को पंपलेट वितरित कर बताया गया कि मादक पदार्थों का सेवन न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि खेल जीवन और भविष्य को भी अंधकारमय बना देता है। उन्हें ड्रग्स, डोपिंग, और नशीली दवाओं के दुरुपयोग जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों ने खिलाड़ियों से अपील की कि वे "नशा मुक्त खेल परिसर" की स्थापना में योगदान दें और खेलों को शुद्ध, स्वच्छ और प्रतिस्पर्धात्मक बनाए रखें।

### थाना प्रभारी ने बस व ऑटो संचालन पर कसी लगाम, दिया सख्त निर्देश

**गुमला।** शहर में दिनों-दिन बढ़ रही जाम की समस्या से आमजन त्रस्त हैं। विशेष रूप से मंगलवार और शनिवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार के दौरान मुख्य मार्गों पर भारी जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। बस स्टैंड से निकलने वाली बसों की धीमी गति, मनमाने ढंग से सवारियों को चढ़ाने और उतारने की प्रवृत्ति ने जाम को और भी गंभीर बना दिया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सदर थाना प्रभारी महेंद्र करमाली ने बस एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ थाना परिसर में विशेष बैठक की। बैठक में शहर को जाम मुक्त बनाने के उपायों पर विस्तार से चर्चा हुई। थाना प्रभारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि बस स्टैंड से निकलने के बाद केवल निर्धारित स्थानों पर ही स्टॉपेज होगा और सवारियों की चढ़ाई–उताराई की जाएगी। उन्होंने बताया कि आगामी रविवार को अपराह्न 4 बजे बस स्टैंड परिसर में बस संचालकों, एजेंटों और चालकों के साथ एक विस्तृत बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाएगा। थाना प्रभारी ने ऑटो चालकों को भी चेतावनी दी कि शहर में बेतरतीब तरीके से ऑटो खड़ा करने और अनियंत्रित रूप से सवारियां चढ़ाने–उतारने की प्रवृत्ति पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। नियम तोड़ने वालों से जुर्माना वसूला जाएगा। यह पहल शहर को जाममुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है, जिससे आम लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है।

### तीन दिनों से हो रही बारिश के कारण सकरौली में हुआ जल जमाव



**सिसई (गुमला)।** प्रखंड के भदौली पंचायत अंतर्गत राजस्व ग्राम सकरौली में तीन दिनों से हो रहे भारी बारिश के कारण जल जमा हो गया है। जिससे मिट्टी के दीवार गिरने के कगार पर हैं। वहीं कच्ची सड़क में कीचड़ भी जम गया है। गांव के वार्ड सदस्य कृष्णा कुमार साहु, ग्राम प्रधान सुमन पहान, सहित ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव में चारों तरफ कच्ची सड़क है और पानी निकासी के लिए कोई नाली नहीं है जिसके कारण गांव में जल जमाव की स्थिति पहले बारिश में ही उत्पन्न हो गई है जिससे ग्रामीणों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं उन्होंने बताया कि गांव में शौचालय भी नहीं है जिसके कारण वृद्ध महिला पुरुषों को शौच करने जाने के लिए भी दिक्कत हो रहा है।

### 64वीं सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता का शानदार आगाज़

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड में 64वीं सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2025-26 का गुरुवार भव्य शुभारंभ हुआ, जिसमें अंडर-15 बालक, अंडर-17 बालक और अंडर-17 बालिका वर्ग के खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया।इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा, उप प्रमुख प्रमोद खलखो, मुखिया शोभा देवी, पंचायत समिति सदस्य आशा लकड़ा, बीपीओ सतेंद्र प्रसाद, और स्कूली छात्रों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर और फुटबॉल को किक मारकर किया।प्रतियोगिता का पहला रोमांचक मुकाबला अंडर-17 बालिका वर्ग में आवासीय विद्यालय चैनपुर और राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय, तबेला के बीच हुआ, जिसमें उत्क्रमित उच्च विद्यालय, तबेला ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की।

## हाथी के आतंक ने मचाया कोहराम, तीन परिवार हुए बेघर



नवीन मेल संवाददाता

**बसिया(गुमला)।** मुसलाधार बारिश से परेशान ग्रामीणों के लिए अब यहां भटका हुआ एक हाथी परेशानी का नया सबब बनकर सामने आ गया है। ताजा खबर बसिया अनुमंडल मुख्यालय से सटे जगजोर व लोटवा पतराटोली गांव से है जहां बुधवार की रात इस हांथी ने मुख्य आबादी पर जमकर धमाल मचाने का कारनामा कर दिखाया है। मिली जानकारी के अनुसार यह हांथी अपने झुंड से भटक गया है और इस गुस्से में उसने माघो सिंह, मुकुल सिंह व सोनिया उराँव के घरों पर हमला कर इनके घरों को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया है। ग्रामीणों के अनुसार इस हाथी का आतंक कुछ ऐसा है कि इसके गाँव में घुसते ही पूरी आबादी के बीच अफरातफरी मच गई। शुकून इस बात का है कि समय रहते वन विभाग ने मामले का संज्ञान लिया और देर रात वनपाल लिबनुस कुल्लू के नेतृत्व में उस हांथी को जंगल का रास्ता दिखाया जा सका। इधर ग्रामीणों ने बरसात में हो रही झमाझम बारिश को देखते हुए अविलंब तमाम भुक्तभोगियों के लिए पुनर्वास, त्वरित गति से मुआवजे के भुगतान और भटक कर बिछुड़ गये हांथी को उसके साथियों तक पहुंचाने के लिए तकनीकी सहयोग की मांग की है।

### तीन दिनों से लगातार बारिश से जनजीवन प्रभावित

**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड में बीते तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। ग्रामीण क्षेत्रों में कच्ची सड़कों पर कीचड़ और जलजमाव, बहते नालों और उफनती नदियों-नालों ने लोगों का घर से निकलना मुश्किल बना दिया है। आताकोरा पंचायत के मकरा गांव में रहने वाले कपिलदेव उरांव का कच्चा मिट्टी का मकान बारिश की वजह से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कपिलदेव हाल ही में ईंट भट्ठे से वापस गांव लौटे थे। वहीं कुम्हरो भगतटोली गांव में कच्ची सड़क पूरी तरह कीचड़ से भर गई है, जिससे ग्रामीणों को पैदल चलना तक दूभर हो गया है।


## झारखण्ड सरकार,गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
## झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

74वीं औपबंधिक सूची जिला–पलामू (पार्ट–2)

| क्र0 | आवेदनकर्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी दाउद केरकेट्टा एवं विरेन्द्र ठाकुर द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | |
| 63. | 1. आवेदन क्र0–219/25<br>2. आवेदक–मो0 नासिर , पिता–स्व0 अजीमुल मियाँ<br>3. ग्राम–सरायडीह, पोस्ट–सरायडीह , थाना–बरवाडीह , प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–55वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 64. | 1. आवेदन क्र0–220/25<br>2. आवेदक–आशा देवी उर्फउषा देवी , पति–सुर्यदेव सिंह<br>3. ग्राम–मनिका, पोस्ट–मनिका , थाना–मनिका , प्रखण्ड–मनिका<br>4. लिंग–महिला, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 65. | 1. आवेदन क्र0–221/25<br>2. आवेदक–राजेश्वर पासवान , पिता–स्व0 महावीर पासवान<br>3. ग्राम–मनिका, पोस्ट–मनिका , थाना–मनिका , प्रखण्ड–मनिका<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 66. | 1. आवेदन क्र0–222/25<br>2. आवेदक–शंभु मिस्त्री , पिता–स्व0सुखलाल मिस्त्री<br>3. ग्राम–कुटमु , पोस्ट–सरईडीह , थाना–बखाडीह , प्रखण्ड–बखाडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 67. | 1. आवेदन क्र0–223/25<br>2. आवेदक–अब्दुल रसीद , पिता–नवीजान मियां<br>3. ग्राम–सरईडीह , पोस्ट–सरईडीह , थाना–बखाडीह , प्रखण्ड–बखाडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथा में चोट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 68. | 1. आवेदन क्र0–224/25<br>2. आवेदक–मोखतार अहमद , पिता–सकुर मियां<br>3. ग्राम–सरईडीह , पोस्ट–सरईडीह , थाना–बखाडीह , प्रखण्ड–बखाडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें ललाट के साइड में चोट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 69. | 1. आवेदन क्र0–225/25<br>2. आवेदक–आफताब आलम , पिता–करीमउद्दीन अंसारी<br>3. ग्राम–सरईडीह , पोस्ट–सरईडीह , थाना–बखाडीह , प्रखण्ड–बखाडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आँख के पास चोट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 70. | 1. आवेदन क्र0–226/25<br>2. आवेदक–हनान अंसारी , पिता–मुस्तकीम मियां<br>3. ग्राम–कलां सरईडीह पोखरी , पोस्ट–सरईडीह , थाना–बखाडीह , प्रखण्ड–बखाडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल के पास जख्म का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी दाउद केरकेट्टा एंव सतीश कुमार द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | |
| 71. | 1. आवेदन क्र0–250/25<br>2. आवेदक–मनोज कुमार अम्बस्टा , पिता–स्व0 परमानंद प्रसाद<br>3. ग्राम–हमीदगंज , पोस्ट–हमीदगंज , थाना–मेदिनीनगर , प्रखण्ड–मेदिनीनगर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ आँख पर कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 72. | 1. आवेदन क्र0–251/25<br>2. आवेदक–संजय पाठक , पिता–स्व0 सुबोध पाठक<br>3. ग्राम–कठौधा , पोस्ट–हुसैनाबाद , थाना–हुसैनाबाद , प्रखण्ड–हुसैनाबाद<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना छाती में मासा का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 73. | 1. आवेदन क्र0–252/25<br>2. आवेदक–अरबिन्द कुमार सिन्हा , पिता–स्व0 अमरेश्वर प्रसाद<br>3. ग्राम–कुशा नारायणपुर , पोस्ट–हुसैनाबाद , थाना–हुसैनाबाद , प्रखण्ड–हुसैनाबाद<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में ऑपरेशन का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 74. | 1. आवेदन क्र0–253/25<br>2. आवेदक–बीजय कुमार सिन्हा , पिता–स्व0 अमरेश्वर प्रसाद<br>3. ग्राम–कुशा नारायणपुर , पोस्ट–हुसैनाबाद , थाना–हुसैनाबाद , प्रखण्ड–हुसैनाबाद<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–61वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट पर मासा का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 75. | 1. आवेदन क्र0–254/25<br>2. आवेदक–लवकेश कुमार सिन्हा , पिता–स्व0 आनंद सिंह<br>3. ग्राम–कामगारपुर , पोस्ट–हुसैनाबाद , थाना–हुसैनाबाद , प्रखण्ड–हुसैनाबाद<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां हाथ में कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 76. | 1. आवेदन क्र0–255/25<br>2. आवेदक–संतोष प्रसाद गुप्ता , पिता–जागेस्वर साव<br>3. ग्राम–रबादा , पोस्ट–कंडारब्दा , थाना–सतबरवा , प्रखण्ड–सतबरवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना गर्दन में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 77. | 1. आवेदन क्र0–256/25<br>2. आवेदक–बिनोद कुमार , पिता–स्व0 हरिहर प्रसाद<br>3. ग्राम–धोबी मोहल्ला वार्ड न0–13 , पोस्ट–डालटनगंज , थाना–डालटनगंज , प्रखण्ड–डालटनगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक पर जख्म का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 78. | 1. आवेदन क्र0–257/25<br>2. आवेदक–शत्रुघ्न कुमार शत्रु , पिता–स्व0 शिव शरण राम<br>3. ग्राम–रबदा , पोस्ट–कंडा , थाना–नावाबाजार , प्रखण्ड–नावाबाजार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना तलह पर तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 79. | 1. आवेदन क्र0–258/25<br>2. आवेदक–अशोक कुमार , पिता–स्व0 खदेरन राम<br>3. ग्राम–बर्मा चौक कांदु मोहल्ला वार्डन0–18, पोस्ट–मेदिनीनगर , थाना–मेदिनीनगर , प्रखण्ड–मेदिनीनगर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक पर कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी चन्द्रधन मेहता एवं भरदुल भुईया द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | |
| 80. | 1. आवेदन क्र0–259/25 2. आवेदक–श्रवण रजक , पिता–स्व0 रामधारी रजक<br>3. ग्राम–करार , पोस्ट–पाँकी , थाना–पाँकी , प्रखण्ड–पाँकी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| 81. | 1. आवेदन क्र0–260/25 2. आवेदक–सुरेन्द्र राम , पिता–बेद राम<br>3. ग्राम–पुर्णाडीह , पोस्ट–लेस्लीगंज , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायाँ गर्दन पर तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 82. | 1. आवेदन क्र0–261/25 2. आवेदक–उमेश राम , पिता–मुख देव राम<br>3. ग्राम–कला तिसिवार, पोस्ट–तिसिवार , थाना–तिसिवार , प्रखण्ड– पांडु<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–57वर्ष, पहचान चिन्ह–दायाँ हाथ पर तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 83. | 1. आवेदन क्र0–262/25 2. आवेदक–सिकंदर सिंह , पिता–युगेश्वर सिंह<br>3. ग्राम–हरतुआ , पोस्ट–सांगबार , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 84. | 1. आवेदन क्र0–263/25 2. आवेदक–रेखा चौहान , पति–प्रदीप चौहान<br>3. ग्राम–सूरजौन , पोस्ट–डंडार काला , थाना–पाँकी , प्रखण्ड–पाँकी<br>4. लिंग–महिला, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गर्दन पर तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 85. | 1. आवेदन क्र0–264/25 2. आवेदक–अनिता देवी , पति– विजय कुमार कुशवाहा<br>3. ग्राम–दारूडीह , पोस्ट–सांगबार , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–महिला, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ तरफ में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 86. | 1. आवेदन क्र0–265/25 2. आवेदक–दिनेश बैठा , पिता–तपेश्वर बैठा<br>3. ग्राम–डबरा , पोस्ट–डबरा , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–54वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें पैर में कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 87. | 1. आवेदन क्र0–266/25 2. आवेदक–बिन्देसवर मेहता , पिता–स्व0 धनी महतो<br>3. ग्राम–बनुआ , पोस्ट–सांगबार , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गर्दन पर तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 88. | 1. आवेदन क्र0–267/25 2. आवेदक–जयपति देवी , पति–दिनेश बैठा<br>3. ग्राम–डबरा , पोस्ट–डबरा , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–महिला , आयु–50वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गर्दन पर तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 89. | 1. आवेदन क्र0–268/25 2. आवेदक–बालेश्वर साह , पिता–सोमारू साह<br>3. ग्राम–कठौन्धा , पोस्ट–सांगबार , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–72 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गर्दन पर तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 90. | 1. आवेदन क्र0–227/25 2. आवेदक–देवन्ती देवी , पति–लालजी महतो<br>3. ग्राम–धर्मपुर वार्ड न0– 12 , पोस्ट–लातेहार, थाना–लातेहार , प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–महिला, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 91. | 1. आवेदन क्र0–269/25 2. आवेदक–अवधेश सिंह , पिता–पति सिंह<br>3. ग्राम–कसमार , पोस्ट–कसमार , थाना–तरहसी , प्रखण्ड–तरहसी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गर्दन पर तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 92. | 1. आवेदन क्र0–270/25 2. आवेदक–बिन्दु देवी , पति–बिनोद राम<br>3. ग्राम–ओरिया , पोस्ट–गुरूवा , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–महिला , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गाल पर तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 93. | 1. आवेदन क्र0–271/25 2. आवेदक–मीना देवी , पति–अम्बिका राम<br>3. ग्राम–सांगबार, पोस्ट–सांगबार , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–महिला, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गर्दन पर तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 94. | 1. आवेदन क्र0–272/25 2. आवेदक–सरस्वती देवी , पति–स्व0 गणेश भुईया<br>3. ग्राम–जंघासी , पोस्ट–सिरमा , थाना–पाटन , प्रखण्ड–पाटन<br>4. लिंग–महिला, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 95. | 1. आवेदन क्र0–273/25 2. आवेदक–कलाबती देवी , पति–शंकर मोची<br>3. ग्राम–खैराट , पोस्ट–गुरूवा , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–महिला , आयु–51वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गाल पर तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 96. | 1. आवेदन क्र0–274/25 2. आवेदक–परमदेव महतो , पिता–केदार महतो<br>3. ग्राम–डन्डार कला , पोस्ट–डन्डार कला , थाना–पाँकी , प्रखण्ड–पाँकी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 97. | 1. आवेदन क्र0–275/25 2. आवेदक–शंकर मोची , पिता–गुरधारी मोची<br>3. ग्राम–खैराट , पोस्ट–गुरूवा , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गर्दन पर तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 98. | 1. आवेदन क्र0–276/25 2. आवेदक–प्रतिमा देवी , पति–रविन्द्र कुमार<br>3. ग्राम–सांगबार, पोस्ट–सांगबार , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–महिला, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल पर तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 99. | 1. आवेदन क्र0–277/25 2. आवेदक–विजय कुमार कुशवाहा , पिता–राजेश्वर कुशवाहा<br>3. ग्राम–दारूडीह , पोस्ट–सांगबार , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 100. | 1. आवेदन क्र0–278/25 2. आवेदक–सुनील कुमार , पिता–बच्चु प्रसाद सिंह<br>3. ग्राम–बारालोटा , पोस्ट–मेदिनीनगर , थाना–मेदिनीनगर , प्रखण्ड–मेदिनीनगर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें पैर में कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 101. | 1. आवेदन क्र0–279/25 2. आवेदक–संतोष राम रवि , पिता–रामकिसन राम<br>3. ग्राम–दारूडीह , पोस्ट–सांगबार , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरुष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गर्दन पर तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 102. | 1. आवेदन क्र0–280/25 2. आवेदक–ललिता देवी , पति–मनोज भुईयाँ<br>3. ग्राम–मंझौली, पोस्ट–पाँकी, थाना–पाँकी , प्रखण्ड–पाँकी<br>4. लिंग–महिला, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गर्दन पर तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 103. | 1. आवेदन क्र0–281/25 2. आवेदक–विदेशी राम , पिता–स्व0 मितरू राम<br>3. ग्राम–दारूडीह , पोस्ट–सांगबार , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 104. | 1. आवेदन क्र0–282/25 2. आवेदक–मनमोहन राम , पिता–स्व0 शिवराम राम<br>3. ग्राम–दारूडीह , पोस्ट–सांगबार , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गाल पर तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 105. | 1. आवेदन क्र0–283/25 2. आवेदक–बसन्त कुमार सिंह , पिता–स्व0 बिगन सिंह<br>3. ग्राम–सड़मा , पोस्ट–छतरपुर , थाना–छतरपुर , प्रखण्ड–छतरपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 106. | 1. आवेदन क्र0–284/25 2. आवेदक–दिलेश्वर साव , पिता–स्व0 तपेश्वर साव<br>3. ग्राम–अखौरी , पोस्ट–अखौरी दुमी , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गाल पर मासा का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 107. | 1. आवेदन क्र0–285/25 2. आवेदक–अशोक कुमार सिंह , पिता–युगेश्वर सिंह<br>3. ग्राम–हरतुआ , पोस्ट–सांगबार , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ अंगुठा में कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 108. | 1. आवेदन क्र0–286/25 2. आवेदक–भूखदयाल भुइयाँ , पिता–गुलाईची भुइयाँ<br>3. ग्राम–जंघासी , पोस्ट–जंगहसी , थाना–पाटन , प्रखण्ड–पाटन<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें पैर में कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 109. | 1. आवेदन क्र0–287/25 2. आवेदक–कृष्णा भुइयाँ , पिता–मूखदयाल भुइयाँ<br>3. ग्राम–जंघासी , पोस्ट–सिरमा , थाना–पाटन , प्रखण्ड–पाटन<br>4. लिंग–पुरुष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 110. | 1. आवेदन क्र0–288/25 2. आवेदक–जीतेन्द्र कुमार सिंह , पिता–अम्बिका सिंह<br>3. ग्राम–सांगबार, पोस्ट–सांगबार , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें तरफ सिर पर मासा का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 111. | 1. आवेदन क्र0–289/25 2. आवेदक–हरिदेव महतो , पिता–विसुन महतो<br>3. ग्राम–दारूडीह , पोस्ट–सांगबार , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–75 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 112. | 1. आवेदन क्र0–290/25 2. आवेदक–रामू कुमार , पिता–जनेश्वर साव<br>3. ग्राम–बैरिया, पोस्ट–बसौरा , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 113. | 1. आवेदन क्र0–291/25 2. आवेदक–पुनिता देवी , पति–संतोष राम रवि<br>3. ग्राम–दारूडीह , पोस्ट–सांगबार , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–महिला, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल पर तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 114. | 1. आवेदन क्र0–292/25 2. आवेदक–विनोद राम , पिता–स्व0 प्यारी राम<br>3. ग्राम–ओरिया , पोस्ट–गुरूवा , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गर्दन पर तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 115. | 1. आवेदन क्र0–228/25 2. आवेदक–अलबीना लकड़ा , पति–प्रभुदास कुजूर<br>3. ग्राम–असनारी , पोस्ट–महुआडांड़ , थाना–महुआडांड़ , प्रखण्ड–महुआडांड़<br>4. लिंग–महिला, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल पर तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 116. | 1. आवेदन क्र0–229/25 2. आवेदक–जीवन्ती बखला , पति–भलेरियानुस लकड़ा<br>3. ग्राम–सुगी, पोस्ट–महुआडांड़ , थाना–महुआडांड़ , प्रखण्ड–महुआडांड़<br>4. लिंग–महिला, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें बाहं पर काला तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 117. | 1. आवेदन क्र0–230/25 2. आवेदक–निर्मला कुजूर , पति–विनोद कुजूर<br>3. ग्राम–असनारी , पोस्ट–महुआडांड़ , थाना–महुआडांड़ , प्रखण्ड–महुआडांड़<br>4. लिंग–महिला, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल पर तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 118. | 1. आवेदन क्र0–231/25 2. आवेदक–रीता टोप्पो , पति–जेम्स कुजूर<br>3. ग्राम–असनारी , पोस्ट–महुआडांड़ , थाना–महुआडांड़ , प्रखण्ड–महुआडांड़<br>4. लिंग–महिला, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–गाल के नीचे तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 119. | 1. आवेदन क्र0–232/25 2. आवेदक–अलीसा मिंज , पति–बिरेन्द्र पन्ना<br>3. ग्राम–असनारी , पोस्ट–महुआडांड़ , थाना–महुआडांड़ , प्रखण्ड–महुआडांड़<br>4. लिंग–महिला, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आँख के भौ में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 120. | 1. आवेदन क्र0–233/25 2. आवेदक–मंजू कुजूर , पति–कमलचन्द्र कुजूर<br>3. ग्राम–असनारी , पोस्ट–महुआडांड़ , थाना–महुआडांड़ , प्रखण्ड–महुआडांड़<br>4. लिंग–महिला, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना गाल में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 121. | 1. आवेदन क्र0–25/293 2. आवेदक–नागो देवी , पति–स्व0 प्रफुल राम<br>3. ग्राम–सांगबार, पोस्ट–सांगबार ,थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–महिला, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 122. | 1. आवेदन क्र0–25/294 2. आवेदक–शिवशंकर राम, पिता–महजार राम<br>3. ग्राम–सांगबार ,पोस्ट–सांगबार ,थाना–लेस्लीगंज ,प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह– दायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 123. | 1. आवेदन क्र0–25/295 2. आवेदक–नीरा देवी , पति– शिवशंकर राम<br>3. ग्राम–सांगबार, पोस्ट–सांगबार ,थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–महिला, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गर्दन में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 124. | 1. आवेदन क्र0–25/296 2. आवेदक–शांति देवी , पति– रघुनी भुइयां<br>3. ग्राम–सांगबार, पोस्ट–सांगबार ,थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–महिला, आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 125. | 1. आवेदन क्र0–25/297 2. आवेदक–बाबुलाल सिंह , पिता–रघुवीर सिंह<br>3. ग्राम–उडहुलिया ,पोस्ट–बसौरा ,थाना–लेस्लीगंज ,प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आँख खराब का निशान। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

PR 355450 (Home)25-26*D

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

सुप्रभात

विचार प्रवाह

सामाजिक न्याय, समानता, और मानवीय मूल्यों पर आधारित थे। उन्होंने अपने लेखन में गरीबी, किसानों की दुर्दशा, और सामाजिक कुरीतियों पर प्रकाश डाला। उनका मानना था कि साहित्य का उद्देश्य मनोरंजन के साथ-साथ समाज को जागरूक करना और उसे बेहतर बनाना भी है। **- मुंशी प्रेमचंद**

## संपादकीय

# वैश्विक पहचान बदलता भारत


संपेरे और भिखमंगों के देश के रूप में जाने जानेवाला भारत एक बड़ी अर्थव्यवस्था और सामरिक शक्ति संपन्न देश के रूप में वैश्विक स्तर पर पहचान बना रहा है जिसे ध्वस्त करने में विदेशी के साथ कथित बुद्धिजीवी और राजनीतिबाज लगे हैं। सोशल मीडिया पर भारत मूल के बच्चों की पीएम मोदी की फोटो और तिरंगे पर लात मारनेवाले वीडियो चल रही है और लोग भूल रहे हैं कि इस रास्ते पर चलते वाले पाकिस्तान या तालिबान की क्या स्थिति है।भारत की कहानी फिर से कहने का समय ताकि हमारे गौरव को बेहतर तरीके से समझा जा सके। जैसा हमने पहलगाम आतंकी हमले पर भारत की प्रतिक्रिया के वक्त देखा, जब अंतरराष्ट्रीय मीडिया ऐतिहासिक तथ्यों की अनदेखी करते हुए भारत और पाकिस्तान को एक ही पलड़े पर दिखाने के लिए उतारू हो, यह जरूरी हो जाता है कि हम दुनिया को उस भारत की कहानी याद दिलाएं, जिसका आरंभ सैकड़ों ईसा पूर्व हुआ था। भारत को अपनी कहानी दुनिया को बताने की आवश्यकता महसूस हो रही है, जो प्रचलित ज्ञान को जटिलताओं से चुनौती देते वक्त रूढ़िबद्ध धारणाओं और कुछ मामलों में तो आदर्शों पर वापस आ जाती है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत की प्रभावी सैन्य प्रतिक्रिया, अंतरराष्ट्रीय मीडिया में कुछ लोगों के लिए एक और अवसर था, जिससे धार्मिक आतंकवाद के सबसे मुखर प्रवर्तक (पाकिस्तान) द्वारा शुरू किए गए संघर्ष को घृणा और अविवेक से प्रेरित दो परमाणु शक्तियों के बीच अपरिहार्य निकट-युद्ध परिदृश्य में बदल दिया गया, तथा इस ऐतिहासिक तथ्य को कम महत्व दिया गया कि यह असमानों के बीच संघर्ष था।

> *सोशल मीडिया पर भारत मूल के बच्चों की पीएम मोदी की फोटो और तिरंगे पर लात मारनेवाले वीडियो चल रही है और लोग भूल रहे हैं कि इस रास्ते पर चलते वाले पाकिस्तान या तालिबान की क्या स्थिति है*

एक तरफ एक सैन्य-इस्लामी शासन है, जिसका लोकतांत्रिक आवरण कमजोर है। दूसरी तरफ एक लोकतांत्रिक देश है, जिसके पास वह सब कुछ है, जो एक लोकतंत्र ऐसे समाज में प्राप्त कर सकता है, जो एकरूपता और वैचारिक द्वैधता को चुनौती देता है। इसने उन विश्लेषणों को नहीं रोका है, जो क्षेत्र पर एक 'प्रामाणिक' विवाद में भयावहता की उत्पत्ति की तलाश करते हैं-जब कोई विवाद नहीं होता है, लेकिन केवल एक आधे-अधूरे राज्य के दावे होते हैं। कभी-कभी राष्ट्रों को रूढ़िवाद से छनकर आई सच्चाई से भरी दुनिया को अपनी कहानियां बताने की जरूरत होती है। भारतीय कहानी बताने का सही समय आ गया है। शायद उक्त अनुच्छेद का जिक्र किए बगैर भी मैं ब्रिटिश संग्रहालय की महत्वाकांक्षी प्रदर्शनी में प्रवेश कर सकता था। कई बार सुर्खियों को इतिहास के दूर के छोर से स्पष्ट किया जाता है। एनसिएंट इंडियाः लिविंग ट्रेडिशंस सभ्यतागत स्मृति के माध्यम से पवित्र भूमि की एक विस्तृत और उत्कृष्ट खोज है।

200 ईसा पूर्व से 600 ईसवी तक फैले हिंदू धर्म, बौद्ध धर्म और जैन धर्म के प्राचीन स्वरूप का पता लगाते हुए यह जीवंतता सामने आती है कि कैसे मूल रूप से प्रकृति से प्रेरित और तात्विक परिशुद्धता के साथ गढ़े गए रूपांकनों और रूपकों ने उस दुनिया के द्वार खोल दिए, जो कहती थी : भक्ति ही नियति है। सर्वाधिक दयालु यक्ष और यक्षी, अपनी टेराकोटा अभिव्यक्तियों में क्रूर हैं।

# मोदी युग में सांस्कृतिक पुनर्जागरण का एक दशक



जनवरी 2024 में, जब पावन नगरी अयोध्या में सूर्योदय हुआ। सदियों से लुप्त हो चुकी प्रार्थना अब आखिरकार गुंजायमान होने लगी थी। श्री राम की अपने राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महज एक धार्मिक उपलब्धि नहीं थी। यह सभ्यता के उद्धार का क्षण था। सदियों के आक्रमण, औपनिवेशिक विकृति और राजनीतिक देरी के बाद, मंत्रों से गूंजता हुआ और इतिहास के स्पंदन सहित, बलुआ पत्थर में उकेरा गया यह मंदिर शान से खड़ा था। यह सिर्फ वास्तुकला के बारे में नहीं था, यह एक घायल आत्मा के उपचार के बारे में था। श्री राम की अपनी जन्मभूमि पर वापसी ने उस राष्ट्र की आस्था को फिर से जागृत कर दिया, जिसने लंबे समय तक अपने दिल में निर्वासन की खामोशी को समेटे रखा था।
कुछ महीने पहले, भारत की प्राचीन आस्था का एक और प्रतीक चुपचाप अपने सही स्थान पर लौट आया। नई संसद के उद्घाटन के दौरान, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सेंगोल को स्थापित किया। यह एक पवित्र राजदंड है, जिसे 1947 में तमिल अधीनमों ने सत्ता के धार्मिक हस्तांतरण को चिह्नित करने के लिए जवाहरलाल नेहरू को भेंट किया था। दशकों से, इसे भुला दिया गया था, समुचित स्थान से वंचित किया गया, और एक प्रचलित राजदंड के तौर पर खारिज कर दिया गया था। इसकी स्थापना केवल स्मरण का कार्य नहीं था - यह एक शक्तिशाली घोषणा थी कि भारत अब खुद को उधार की आंखों से नहीं देखेगा। सेंगोल ने साम्राज्य के अवशेषों का नहीं, बल्कि धार्मिकता पर आधारित शासन का प्रतिनिधित्व किया। यह भारत की अपनी राज्य कला और आध्यात्मिक परंपराओं का एक महत्वपूर्ण आलिंगन था, जिसे उपनिवेशवाद के बाद के क्रम में लंबे समय तक नजरअंदाज किया गया था। इतना ही नहीं, इन क्षणों ने एक गहरे सांस्कृतिक पुनर्जागरण का संकेत दिया। यह एक सभ्यतागत गतिविधि के तौर पर ग्यारह परिवर्तनकारी वर्षों में सामने आएगी।
2014 में शुरू से ही यह स्पष्ट था कि मोदी सरकार के तहत संस्कृति अब सजावटी नहीं रहेगी, बल्कि यह मूलभूत होगी। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पहली बार 2015 में मनाया गया था। अब दुनिया भर में लाखों लोगों को एक प्राचीन भारतीय परंपरा का जश्न मनाते देखा जा रहा है, जो शरीर, मन और आत्मा को आपस में जोड़ता है। योग केवल एक स्वास्थ्य संबंधी दिनचर्या भर नहीं है, बल्कि यह पिछले कुछ वर्षों में भारत का सबसे बड़ा सांस्कृतिक निर्यात भी बन गया है। आयुष मंत्रालय के माध्यम से पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों के पुनरुद्धार को संस्थागत बल दिया गया। इसके परिणामस्वरूप आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी को राष्ट्रीय और वैश्विक मंचों पर पहुंचने में मदद मिली। समानांतर रूप से, सरकार ने संस्कृत, तमिल, पाली और प्राकृत जैसी शास्त्रीय भाषाओं को संरक्षित करने, पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने और उस्ताद एवं हमारी धरोहर जैसी योजनाओं के तहत लुप्तप्राय लोक कलाओं और शिल्पों का समर्थन करने के लिए मिशन शुरू किए। भारत की ऐतिहासिकों इमारतों में भी नई जान आ गई। 2018 में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का अनावरण केवल व्यापकता के बारे में नहीं था, बल्कि एक गाथा को पुनः प्रतिष्ठित करने जैसा था। सरदार वल्लभभाई पटेल लंबे समय से ओझल हो रहे थे। उनको राष्ट्रीय स्मृति में सबसे आगे रखा गया। राजपथ का नाम बदलकर कर्तव्य पथ करना एक निर्णायक बदलाव का प्रतीक था। यह औपनिवेशिक प्रतीकवाद से देशी जवाबदेही की ओर बदलाव का भी प्रतीक था।

### आज की बात



**श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत**
केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री, भारत सरकार

तमिलनाडु के महाबलीपुरम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति श्री शी जिनपिंग के बीच 2019 की अनौपचारिक शिखर वार्ता की तुलना में शायद कोई भी कूटनीतिक वार्ता इस बदलाव को बेहतर तरीके से नहीं दर्शाती है। दिल्ली के गलियारों से दूर, प्राचीन बंदरगाह का नगर, जो कभी पल्लव राजवंश और भारत-चीनी समुद्री संबंधों का एक संपन्न केंद्र होने के साथ-साथ दो सभ्यताओं के बीच वार्ता की पृष्ठभूमि बन गया। जब नेता चट्टानों को काटकर बनाए गए मंदिरों और पत्थर के रथों के बीच चले, तो भारत ने न केवल भूगोल, बल्कि इतिहास और न केवल प्रोटोकॉल, बल्कि विरासत को भी प्रस्तुत किया। यह अपने सबसे सूक्ष्म और सबसे मजबूत रूप में सॉफ्ट पावर था। यह सांस्कृतिक लोकाचार अन्य तरीकों से भी भारत की वैश्विक कूटनीति में प्रवाहित हुआ। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विश्व के नेताओं को राजकीय उपहार के तौर पर पट्टचित्र पेंटिंग से लेकर बच्चों के लिए लाख के खिलौने भेंट किए गए, जो अपने साथ भारत के कारीगरों और कालातीत परंपराओं के संदेश लेकर गए।

2023 में जी-20 की अध्यक्षता एक और सांस्कृतिक उपलब्धि साबित हुई। दिल्ली के डिप्लोमेटिक हॉल तक सीमित न रहकर, यह शिखर सम्मेलन सांस्कृतिक पहचान का अखिल भारतीय उत्सव बन गया। आदिवासी कला प्रदर्शनों से लेकर शास्त्रीय प्रदर्शनों तक, भारत ने न केवल अपनी नीतिगत गहराई, बल्कि अपनी आत्मा का भी प्रदर्शन किया। हर प्रतिनिधिमंडल भारत के रंगों, व्यंजनों, शिल्प और चेतना में डूबा हुआ था। संदेश स्पष्ट थाः भारत भूतकाल की सभ्यता नहीं है - यह जीवंत, सशक्त और आत्मविश्वास से परिपूर्ण वैश्विक सभ्यता है। इन वर्षों के दौरान, 600 से अधिक चोरी की गई कलाकृतियां विदेशी संग्रहालयों और संग्रहकर्ताओं से वापस लाई गईं, जिनमें मूर्तियां, शिलालेख और पांडुलिपियां शामिल हैं। इनमें से प्रत्येक की वापसी न केवल कला की बल्कि सम्मान की बहाली थी। इसी तरह, गुरु गोविंद सिंह के वीर शहजादों की शहादत को याद करने के लिए वीर बाल दिवस की स्थापना की गई, जबकि जनजातीय गौरव दिवस ने आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों को राष्ट्रीय केन्द्र में लाया।

महामारी भी सांस्कृतिक लौ को मद्धिम नहीं कर पाई। वर्चुअल कॉन्सर्ट, डिजिटल म्यूजियम टूर और "मन की बात" के माध्यम से, प्रधानमंत्री ने सुनिश्चित किया कि कला, कहानियां और सांस्कृतिक गौरव लॉकडाउन के एकांत में भी पुष्पित-पल्लवित होते रहें। "विकास भी, विरासत भी" के नारे जैसे अभियान में ये सभी समाहित हो गए। यह एक आह्वान है जो आर्थिक विकास को सांस्कृतिक गौरव के साथ-साथ चलने पर जोर देता है। मोदी सरकार के तहत, यह नारा केवल बयानबाजी नहीं था। इसने एक नई दृष्टि को परिभाषित किया। एक दृष्टि, जिसमें जीडीपी वृद्धि, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और रक्षा आधुनिकीकरण, मंदिर जीर्णोद्धार, आदिवासी गौरव और सभ्यता की गाथा समाहित थे। भारत आज अपनी पहचान के इर्द-गिर्द नहीं घूमता। बिना किसी पछतावें और आत्मविश्वास से परिपूर्ण होकर यह आगे बढ़ता है। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद प्रगति की बाध्यकारी शक्ति के रूप में उभरा है, जिसे कभी प्रतिगामी के रूप में खारिज कर दिया गया था। भाजपा के वैचारिक कम्पास में, संस्कृति केवल एक सहायक भर नहीं है, बल्कि धुरी है। इन ग्यारह सालों में मोदी युग ने केवल सांस्कृतिक नीति को ही ध्यान में नहीं रखा है, बल्कि इसने सांस्कृतिक चेतना को भी जागृत किया है। जो पुनर्स्थापना के तौर पर शुरू हुआ था, वह पुनरुत्थान बन गया। जिन्हें कभी अतीत की स्मृतियों के तौर पर उपेक्षित किया जाता था, वे सभी अब राष्ट्रीय पहचान के केंद्र बन गए हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# विशेष नहीं सक्षम बनाएं

हर वर्ष 18 जून को ऑटिज़्म जागरूकता दिवस के रूप में मनाया जाता है, जो उन लाखों बच्चों और परिवारों के जीवन से जुड़ा है जो इस विशेष न्यूरो-विकासात्मक स्थिति से प्रभावित होते हैं। एक वैश्विक रिपोर्ट के अनुसार, प्रत्येक 100 बच्चों में से एक बच्चा ऑटिज़्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर से पीड़ित होता है। भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश में यह संख्या चिंताजनक रूप से अधिक है। यह दिवस हमें ऑटिज़्म के लक्षणों, कारणों, निदान, इलाज और उससे जुड़ी सामाजिक जिम्मेदारियों पर विचार करने और व्यापक जनजागरूकता फैलाने का अवसर देता है। ऑटिज़्म क्या है? ऑटिज़्म एक न्यूरो-डवलपमेंटल विकार है जो व्यक्ति की सामाजिक, भाषाई, व्यवहारिक और संवेदी क्षमताओं को प्रभावित करता है। इसे ऑटिज़्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर (ASD) भी कहा जाता है क्योंकि इसके लक्षण और प्रभाव अलग-अलग बच्चों में अलग-अलग प्रकार से प्रकट होते हैं। कुछ बच्चे पूरी तरह संवाद नहीं कर पाते, तो कुछ सामाजिक संकेतों को समझने में असमर्थ होते हैं। अधिकांश मामलों में यह समस्या बाल्यावस्था में ही स्पष्ट होने लगती है।

इसके मुख्य लक्षण होते हैं- सामाजिक संपर्क में कठिनाईः जैसे आँखों में आंखें डालकर बात न करना, दूसरों से भावनात्मक जुड़ाव की कमी। भाषा और संवाद की समस्याएंः देर से बोलना, एक ही शब्द या वाक्य बार-बार दोहराना। रूढ़िवादी व्यवहारः जैसे एक ही गतिविधि बार-बार करना, परिवर्तन को स्वीकार न करना। संवेदी संवेदनशीलताः तेज आवाज़, रोशनी या कपड़ों से असामान्य प्रतिक्रिया। ध्यान की कमी या अत्यधिक एकाग्रताः किसी एक वस्तु या विषय में अत्यधिक रुचि लेना।

### देश की बात



**डॉ दीपक प्रसाद**
सहायक आचार्य
रंगकर्मी, निर्देशक

अब प्रश्न यह है कि ऑटिज़्म के संभावित कारण क्या हो सकते हैं? तो आज तक ऑटिज़्म का कोई एक निश्चित कारण स्पष्ट नहीं हुआ है, परंतु शोध के अनुसार इसके पीछे कई जैविक, आनुवंशिक और पर्यावरणीय कारक जिम्मेदार हो सकते हैंः 1. आनुवंशिक कारणः परिवार में किसी को ऑटिज़्म होने की स्थिति में बच्चों को यह विकार होने की संभावना अधिक होती है। 2. गर्भावस्था के दौरान संक्रमण या विषैले रसायनों का संपर्क। 3. मस्तिष्क के विकास में असामान्यताएं। 4. प्रारंभिक जन्म या जन्म के समय वजन का कम होना।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# सरकार की सजगता और पुलिस की संवेदनशील से पहले अपने अंदर झांके

सिस्टम को कोसना और दोष देना बहुत अधिक आसान है। लेकिन अफसोस की बात तो यही है कि जितना अधिक ध्यान हम दूसरों की नकारात्मकता ढूंढ़ने और दूसरों के ऊपर उंगली उठाने में लगाते हैं उसका एक प्रतिशत भी यदि स्वयं को संवेदनशील, सजग बनाकर सतर्क होकर दूसरों की जरूरतों को समझें तो उत्साहजनक परिणाम नजर आयेगा।

17 जून की रात मैंने एक छोटा-सा कदम बढ़ाया और खुशी की बात यह रही कि घटनास्थल पर उपस्थित कुछ युवाओं का साथ मिला। साथ ही इसे संयोग कहें या पुलिस की सजगता कि 100 नंबर पर कॉल करने के चार-साढ़े चार मिनट के अन्दर नामकुम पुलिस आ पहुँची और बुरी तरह घायल युवक को तत्काल अस्पताल पहुँचाकर उसकी जान को बचाना संभव हो सका। 17 जून की रात 9 बजे नामकुम से मोरहाबादी स्थित अपने आवास लौटते हुए जैसे ही नामकुम रेलवे ब्रिज को क्रॉस किया वैसे ही हाईटेंसन इंसुलेटर फैक्ट्री के पास सड़क किनारे अचेत पड़े एक युवक पर नजर पड़ी। चेहरा पूरी तरीके से लहूलुहान था जबकि पास में वह दुर्घटनाग्रस्त बाइक थी जिसपर वह युवक सवार था। उक्त युवक ने हेलमेट तो लगाया था पर शायद बेल्ट नहीं लगा था क्योंकि वह हेलमेट दूर पड़ा था। वहाँ आसपास 15-20 लोगों की भीड़ इकट्ठी थी तमाशाई बनकर। वहाँ से गुजरते हुए सभी बाइक, स्कूटी, फोर व्हीलर के साथ ही अन्य वाहनों को भी बहुत जल्दी थी। सभी तेजी से गुजरते जा रहे थे लेकिन किसी के पास भी इतनी फुर्सत नहीं कि वहाँ रुककर स्थिति देखे और मदद करे। सभी जैसे बेजुबान और तमाशा देखनेवाले।

### आपकी बात



**डॉ. प्रणव कुमार बब्बू**

लेकिन ऐसी घटनायें मुझे शुरू से ही विचलित करती है क्योंकि बहुत सारे अपनों-परायों को मैंने इसी हाल में इस दुनिया को छोड़ते हुए देखा है जब उन्हें किसी की मदद नहीं मिली। ऐसी स्थिति में मैंने अपनी सीमित समझ के अनुसार तत्काल बुरी तरह घायल युवक के पल्स को चेक किया लेकिन कुछ पता नहीं चला। फिर मैंने स्वतः स्फूर्त उसकी छाती पर अपना कान रखा और इतना तो पता चल ही गया कि उसकी धड़कनें चल रही है अर्थात जीवन की आस अभी बाकी है। तब मैंने वहाँ सभी को मदद करने के लिये डांटा, पुकारा या पुचकारा।।। अब आप इसे जैसा भी समझ लें। दो-चार युवक सामने आये और उन्होंने घायल युवक को उठाकर डिवाइडर के ऊपर रख दिया। इधर मैंने तत्काल 100 नंबर पर डायल कर पुलिस को घटना की सूचना दी और संयोग ऐसा बढ़िया साथ ही पुलिस की संवेदनशीलता भी कि बमुश्किल चार-साढ़े चार मिनट के अंदर नामकुम थाना की पुलिस आ गयी और उसने तेजी से कार्रवाई करते हुए घायल युवक को टेंपो में डालकर अस्पताल भेज दिया। यहाँ यह बताना भी बहुत आवश्यक है कि इस दौरान वहाँ से दो एंबुलेंस ऐसा गुजरा जो पूरी तरीके से खाली था लेकिन फिर भी ड्राइवर ने पुलिस का मामला बताते हुए मना कर दिया।

इस घटना को बताने का उद्देश्य ना तो उस प्रशंसा को बटोरना है जिसकी कोई भी कीमत नहीं और वह कौड़ियों के भाव मिलता है। मक़सद है तो बस इतना कि हम अपनी जिम्मेदारी समझें खासकर जब जान बचाने की बात हो। हम ना तो सरकार को बवजह दोष दें ना ही उसे नाकाम कहने-सुनने को फैशन बना दें। खासकर ऐसे संवेदनशीलता एवं मानवीयता जैसे मामले पर पुलिस को कोसना भी बंद करें क्योंकि पुलिस कोई देवदूत या भगवान नहीं है। लेकिन समय आने पर वह इससे कम काम भी नहीं करती। यदि कल पुलिस को सूचना ही नहीं मिलती तो संभव है कि पुलिस की ओर से ऐसी मदद भी नहीं मिलती। यहाँ हर किसी को एक बात हमेशा याद रखनी चाहिये। यदि सड़क दुर्घटना में आपके सामने घायल-पीड़ित कोई अनजान व्यक्ति है तो वह उतना भी अनजान नहीं है जिसे आपकी बेरुखी बर्दास्त करनी पड़े। कोई न कोई आपकी करनी को देख रहा है और वह भी आपकी अंतरात्मा के साथ। इसका ख्याल जरूर रखिये। हर पल। साथ ही इस दुनिया में अपने किये का कर्म ही हर किसी को भुगतना पड़ता है। यदि आपने किसी की मदद की या फिर ऐसे किसी व्यक्ति की मदद करने से आप पीछे हट रहे हैं तो तनिक सोचिये जरूर। यह बात इसलिये भी बहुत अधिक आवश्यक है कि यदि आपके या फिर आपके किसी अपने के साथ ऐसी ही घटना घटती है और उसे किसी की मदद नहीं मिलती है तो आपके ऊपर क्या गुजरेगी?

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

तनहाई करने लगी, कुछ ऐसा व्यवहार।
जैसे खासमखास हो, कोई नातेदार।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

## शरणार्थीः दर्द, दृढ़ता और दुनिया से उम्मीद की कहानी

# हकदार सिर्फ घर के नहीं गरिमा के भी हैं वे

जब रात का सन्नाटा बमों की गड़गड़ाहट में बदल जाए, जब आपके बच्चों की हँसी डर के साये में दब जाए, और जब आपका घर सिर्फ़ एक याद बनकर रह जाए, तब "शरणार्थी" शब्द का वास्तविक अर्थ समझ आता है। यह सिर्फ़ एक शब्द नहीं, बल्कि उन अनगिनत जिंदगियों का दर्दनाक सच है, जो युद्ध, हिंसा, उत्पीड़न या प्राकृतिक आपदाओं की वजह से अपनी जड़ों से उखड़कर अनिश्चितता के सागर में भटक रही हैं। 20 जून, विश्व शरणार्थी दिवस, केवल एक तारीख नहीं, बल्कि मानवता के उस ज़ख्म का प्रतीक है, जो तब तक नहीं भरेगा, जब तक हर इंसान को सम्मान और सुरक्षा के साथ जीने का हक़ न मिले। यह दिन हमें उन करोड़ों लोगों की पीड़ा, साहस और उम्मीद की कहानियों से जोड़ता है, जिन्हें दुनिया ने "शरणार्थी" का लेबल दे दिया, लेकिन जिनके दिलों में अभी भी अपने परिवार, अपने सपनों और एक बेहतर कल की चाह बाकी है। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायोग (यूएनएचसीआर) के अनुसार, 2025 तक दुनिया भर में 11.4 करोड़ से अधिक लोग जबरन विस्थापित हो चुके हैं। इनमें 3.2 करोड़ शरणार्थी हैं, जो अपने देश की सीमाओं को छोड़कर अन्य देशों में शरण लेने को मजबूर हुए हैं। इसके अलावा, 6.8 करोड़ लोग अपने ही देश में विस्थापित हैं, और लगभग 60 लाख लोग शरण माँगने की प्रक्रिया में हैं। ये आँकड़े केवल संख्याएँ नहीं, बल्कि उन माता-पिताओं की कहानियाँ हैं जो अपने बच्चों को गोद में लेकर युद्धग्रस्त इलाकों से भागे, उन युवाओं की हैं जिनके सपने बमबारी में दफन हो गए, और उन बच्चों की हैं जिन्हें स्कूल की जगह शरणार्थी शिविरों में बड़ा होना पड़ रहा है। सीरिया, अफगानिस्तान, दक्षिण सूडान, म्यांमार और यूक्रेन जैसे देशों में चल रहे संघर्षों ने लाखों लोगों को बेघर कर दिया है। इसके अलावा, जलवायु परिवर्तन भी एक नया संकट बनकर उभरा है, जिसने बांग्लादेश, मालदीव और अफ्रीका के कई हिस्सों में लोगों को अपनी जमीन छोड़ने के लिए मजबूर किया है।

विश्व शरणार्थी दिवस की शुरुआत 2001 में यूएनएचसीआर द्वारा की गई थी, ताकि दुनिया का ध्यान उन लोगों की ओर जाए, जिन्हें न चाहते हुए भी अपने घर छोड़ने पड़े। इसका उद्देश्य न केवल इन लोगों के संघर्षों को पहचान देना है, बल्कि उन नीतियों और प्रयासों को बढ़ावा देना भी है, जो उनके जीवन को बेहतर बना सकें। यह दिन हमें याद दिलाता है कि शरणार्थी कोई बोझ नहीं, बल्कि वे लोग हैं जिन्हें परिस्थितियों ने मजबूर किया है। कोई भी जन्म से शरणार्थी नहीं होता; यह एक ऐसी स्थिति है, जो युद्ध, अत्याचार या प्राकृतिक आपदा के कारण किसी भी इंसान पर थोप दी जाती है। फिर भी, समाज में अक्सर उन्हें संदेह की नज़रों से देखा जाता है, उनके इरादों पर सवाल उठाए जाते हैं, और उनकी पीड़ा को नजरअंदाज कर दिया जाता है। यह मानवता की विफलता का द्योतक है।

दुनियाभर में कई देशों ने शरणार्थियों के प्रति उदारता और मानवता का परिचय दिया है। कनाडा ने 2023 तक 1.5 लाख से अधिक शरणार्थियों को पुनर्वासित किया, जबकि जर्मनी ने सीरियाई और अफगान शरणार्थियों को न केवल आश्रय दिया, बल्कि उन्हें शिक्षा और रोजगार के अवसर भी प्रदान किए। स्वीडन और युगांडा जैसे देश भी अपनी जनसंख्या के अनुपात में बड़ी संख्या में शरणार्थियों को अपनाने के लिए जाने जाते हैं। भारत का इतिहास भी शरणार्थियों के प्रति करुणा से भरा है। 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के दौरान 1 करोड़ से अधिक शरणार्थियों को भारत ने शरण दी। तिब्बती समुदाय को धर्मशाला में नया घर मिला, और श्रीलंकाई तमिलों, अफगानों और रोहिंग्या शरणार्थियों को भी भारत ने सीमित संसाधनों के बावजूद आश्रय प्रदान किया। यह हमारी सांस्कृतिक विरासत "अतिथि देवो भव" का जीवंत उदाहरण है। हालांकि, आज वैश्विक परिदृश्य बदल रहा है। बढ़ता राष्ट्रवाद, आर्थिक संकट और सुरक्षा चिंताएँ शरणार्थियों के प्रति दृष्टिकोण को कठोर कर रही हैं। कई देशों में उन्हें "अवैध प्रवासी" या "खतरा" मानकर सीमाएँ बंद की जा रही हैं। इससे शरणार्थियों का जीवन और कठिन हो गया है। यूएनएचसीआर की 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, 70% शरणार्थी उन देशों में रहते हैं जो स्वयं आर्थिक रूप से कमजोर हैं।

### अलग बात



**प्रो. आरके जैन**

विश्व शरणार्थी दिवस

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# तिरुपति जा रही स्पाइसजेट की फ्लाइट तकनीकी खराबी के कारण हैदराबाद लौटी

**हैदराबाद (आईएएनएस)**

हैदराबाद से तिरुपति जा रही स्पाइसजेट की फ्लाइट गुरुवार को तकनीकी खराबी के कारण हैदराबाद एयरपोर्ट से उड़ान भरने के 10 मिनट बाद ही वापस लौट आई। 80 यात्रियों को लेकर एसजी 2696 फ्लाइट ने सुबह 6.10 बजे राजीव गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट, शमशाबाद से तिरुपति के लिए उड़ान भरी थी।

हालांकि, कुछ ही मिनटों बाद पायलट को तकनीकी खराबी का पता चला। फिर तुरंत एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संपर्क किया गया और पायलट द्वारा एयरपोर्ट पर वापस लौटने की अनुमति मांगी गई, फिर विमान को सुरक्षित तरीके से राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर वापस उतारा गया। एयरलाइन ने बताया कि हैदराबाद-तिरुपति मार्ग पर सेवाएं देने वाले स्पाइसजेट क्यू400 विमान में उड़ान भरने के बाद एएफटी बैगेज डोर लाइट में बीच-बीच में रोशनी आती रही। हालांकि, पूरी यात्रा के दौरान केबिन में दबाव सामान्य रहा। एहतियात के तौर पर पायलटों ने हैदराबाद लौटने का फैसला किया। विमान सुरक्षित रूप से उतरा और यात्रियों को सामान्य तरीके से विमान से उतारा गया। विमान ने दोपहर करीब 2.15 बजे फ्रैंकफर्ट हवाई अड्डे से उड़ान भरी। वापस लौटने से पहले इसने भारतीय हवाई क्षेत्र में प्रवेश नहीं किया था। अपनी यात्रा के दो घंटे बाद, फ्लाइट एलएच752 वापस लौटी और फ्रैंकफर्ट हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतरी। 12 जून को अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से लंदन गैटविक हवाई अड्डे के लिए उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों बाद एयर इंडिया का एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया।



### फ्रैंकफर्ट से उड़ान और वापसी

- विमान ने दोपहर करीब 2:15 बजे फ्रैंकफर्ट हवाई अड्डे से उड़ान भरी।
- **यह विमान भारतीय हवाई क्षेत्र में प्रवेश नहीं कर पाया था।**
- उड़ान के करीब दो घंटे बाद, फ्लाइट एलएच752 वापस लौटी और सुरक्षित रूप से फ्रैंकफर्ट में लैंड की।

## एयर इंडिया हादसे के बाद बढ़ी सतर्कता, बम की धमकी पर लुफ्थांसा फ्लाइट फ्रैंकफर्ट लौटी

अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया के विमान हादसे के बाद, जिसमें 274 लोगों की जान चली गई थी, एयरलाइंस लगातार सतर्क बनी हुई हैं और विमान परिचालन में सावधानी बरत रही हैं। स्पाइसजेट ने स्पष्ट किया कि विमान ने आपातकालीन लैंडिंग नहीं की। तिरुपति की आगे की यात्रा संचालित करने के लिए एक वैकल्पिक विमान की व्यवस्था की गई है। 15 जून को फ्रैंकफर्ट से हैदराबाद आने वाली लुफ्थांसा की उड़ान हैदराबाद हवाई अड्डे पर बम की धमकी मिलने के बाद जर्मन हवाई अड्डे पर वापस लौट गई थी। राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के अधिकारियों को 15 जून को शाम 6.01 बजे बम की धमकी वाला ईमेल मिला। अधिकारियों के अनुसार, बम की धमकी का आकलन करने के लिए एक समिति का गठन किया गया था और एसओपी के अनुसार सभी प्रक्रियाओं का पालन किया गया था। सुरक्षा के हित में, एयरलाइन को मूल या निकटतम हवाई अड्डे पर वापस जाने की सलाह दी गई थी। बाद में हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को एक संदेश मिला कि विमान फ्रैंकफर्ट लौट रहा है।

### संभल हिंसा मामले में चार्जशीट दाखिल, एसपी बोले-

## सांसद बर्क और जफर अली समेत 23 को बनाया आरोपी



**संभल (आईएएनएस)**

संभल में पिछले साल 24 नवंबर को शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा मामले में एसआईटी ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की है। इस चार्जशीट में सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क और जामा मस्जिद के सदर जफर अली समेत कुल 23 को आरोपी बनाया गया है। संभल के एसपी कृष्ण बिश्नोई ने आईएएनएस से बातचीत में बताया, "24 नवंबर 2024 को संभल जिले में कोर्ट के आदेश पर सर्वे के दौरान बाधा डालने, हिंसा और आगजनी के संबंध में 12 एफआईआर दर्ज की गई थीं। इनमें से 7 मामले पुलिस और 5 मामले जनता की ओर से दर्ज किए गए थे। इन सभी मामलों में बुधवार को चार्जशीट दाखिल कर दी गई है। उन्होंने कहा, "इनमें सबसे महत्वपूर्ण 335/24 के तहत हिंसा की साजिश के अभियोग में सांसद जियाउर्रहमान बर्क के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई है। इसके अलावा, एक अन्य अभियुक्त सुहैल इकबाल की घटनास्थल पर मौजूदगी पाई गई थी, लेकिन उनसे कई घंटों की पूछताछ और अन्य साक्ष्यों के संकलन के बाद उनके खिलाफ कोई सबूत नहीं मिले। इसी जांच के दौरान उनकी नामजदगी गलत मिली।

साथ ही इस मामले में 23 लोगों को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है। एसपी कृष्ण बिश्नोई ने कहा, "पुलिस को जांच के दौरान साक्ष्य मिले कि जामा मस्जिद के सदर जफर अली और सांसद बर्क की देर रात तक बात हुई थी। उससे पूर्व में 22 नवंबर को उनके द्वारा भीड़ को भी इकट्ठा किया गया था। इस मामले में पुलिस ने चंदौसी कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की है।

## ई-रिक्शा में लगी आग, एक महिला की मौत

**मुजफ्फरपुर (आईएएनएस)।** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में गुरुवार को एक ई-रिक्शा में आग लगने से उस पर सवार एक महिला की मौत हो गई, जबकि अन्य कई लोग बुरी तरह झुलस गए। सभी घायलों को इलाज के लिए एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिसमें दो की हालत चिंताजनक बनी हुई है। मामला मुजफ्फरपुर के गायघाट थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार, मुजफ्फरपुर-दरभंगा मार्ग पर बेरूआ गांव के पास ई-रिक्शा में अचानक आग लग गई थी।

## आज का राशिफल

**मेष :** कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। आनन्ददायक वातावरण बनेगा।

**वृष :** आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है।

**मिथुन :** व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें, शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। नौकरी में अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा।

**कर्क :** अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**सिंह :** नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी।

**कन्या :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें।

**तुला :** लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्याधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक :** शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा।

**मकर :** मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**कुंभ :** आलसी न बनें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा।

**मीन :** बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

# गर्व का पल : विश्व रैंकिंग में भारत की चमक बढ़ी : प्रधान

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 की सराहना करते हुए इसे भारत के लिए "अत्यंत गर्व" का क्षण बताया है। प्रधान ने गुरुवार को एक्स पोस्ट में कहा, "वैश्विक स्तर पर सर्वश्रेष्ठ 54 उच्च शिक्षा संस्थानों में शामिल होने के साथ भारत ने क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी 2026 रैंकिंग में एक नया मुकाम हासिल किया है। 2014 में सिर्फ 11 संस्थानों से अब 54 तक, यह लगभग पांच गुना वृद्धि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में शुरू किए गए परिवर्तनकारी शैक्षिक सुधारों को दर्शाती है।

उन्होंने देश की शिक्षा प्रणाली में क्रांतिकारी बदलाव के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 को श्रेय दिया। उन्होंने कहा, "एनईपी न केवल हमारे शिक्षा परिदृश्य को बदल रहा है, बल्कि क्रांतिकारी बदलाव ला रहा है। यह बहुत गर्व की बात है कि भारत जी-20 देशों में सबसे तेजी से बढ़ने वाली शिक्षा प्रणाली है और अमेरिका, ब्रिटेन और चीन के बाद चौथे स्थान पर है। मुझे विश्वास है कि अनुसंधान, नवाचार और अंतर्राष्ट्रीयकरण पर एनईपी पर जोर के साथ आने वाले समय में और अधिक भारतीय उच्च शिक्षा संस्थान वैश्विक उत्कृष्टता हासिल करेंगे। गुरुवार को जारी क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में कुल 54 भारतीय संस्थानों को स्थान दिया गया है, जो भारत के लिए अब तक का सर्वोच्च स्थान है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली शीर्ष रैंक वाला भारतीय संस्थान बनकर उभरा है, जो वैश्विक स्तर पर 150वें स्थान से 123वें स्थान पर पहुंच गया है, जो अब तक का उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। शिक्षा मंत्रालय ने एक्स पर पोस्ट किया, "आईआईटी दिल्ली भारत के शीर्ष रैंक वाले संस्थान के रूप में अग्रणी है। यह क्यूएस रैंकिंग में संस्थान के लिए एक ऐतिहासिक ऊंचाई है।

- **भारत में क्यूएस रैंकिंग में 390% वृद्धि :** पिछले एक दशक में भारत का प्रतिनिधित्व क्यूएस रैंकिंग में 390% बढ़ा, जो G-20 देशों में सबसे तेज़ है।
- **आईआईटी बॉम्बे की रैंकिंग में गिरावट :** आईआईटी बॉम्बे 2023 में 118वें स्थान पर था, जो 2024 में फिसलकर 129वें स्थान पर आ गया।
- **आईआईटी मद्रास की उल्लेखनीय छलांग :** आईआईटी मद्रास ने पिछले साल के 227वें स्थान से 47 स्थान की छलांग लगाकर 180वें स्थान पर जगह बनाई।
- **गर्व का विषय :** भारत की तेज़ प्रगति को शिक्षा मंत्रालय ने गर्व की बात और वैश्विक पहचान की दिशा में बड़ी उपलब्धि बताया।

## झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
## झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।

74वीं औपबंधिक सूची जिला–पलामू (पार्ट–3)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी चन्द्रधन मेहता एवं भरदुल भुईया द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | | |
| 126. | 1. आवेदन क्र0–25/298 2. आवेदक–कलिन्दा देवी, पति– कौशल किशोर रवि 3. ग्राम–तेतरडीह, पोस्ट–पदुमा, थाना–मनातु, प्रखण्ड–मनातु 4. लिंग–महिला, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें पैर में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 127. | 1. आवेदन क्र0–25/299 2. आवेदक–लक्ष्मण राम, पिता–बबन राम 3. ग्राम–कालापहार, पोस्ट–लोइंगा, थाना–पाटन, प्रखण्ड–लेस्लीगंज 4. लिंग–पुरूष, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 128. | 1. आवेदन क्र0–25/300 2. आवेदक–मंजू देवी, पति –स्व0 रामेश्वर साव 3. ग्राम–उडहुलिया, पोस्ट–बसौरा, थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज 4. लिंग–महिला, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 129. | 1. आवेदन क्र0–25/301 2. आवेदक–रमेश राम, पिता–गनेश्वर मांझी 3. ग्राम–डंडई, पोस्ट–पाण्डेपुर, थाना–पाटन, प्रखण्ड–पाटन 4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 130. | 1. आवेदन क्र0–25/302 2. आवेदक–राम प्रवेश राम, पिता–रतन राम 3. ग्राम–मनहू, पोस्ट–छतरपुर, थाना– छतरपुर, प्रखण्ड– छतरपुर 4. लिंग–पुरूष, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 131. | 1. आवेदन क्र0–25/303 2. आवेदक–मालती देवी, पति –राज कुमार बैठा 3. ग्राम–मुन्दरिया, पोस्ट–बसौरा, थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज 4. लिंग– महिला, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायें कपाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 132. | 1. आवेदन क्र0–25/304 2. आवेदक–सविता देवी, पति–स्व0 सत्येन्द्र बैठा 3. ग्राम–मुन्दरिया, पोस्ट–बसौरा, थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज 4. लिंग–महिला, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 133. | 1. आवेदन क्र0–25/305 2. आवेदक–फुलमती देवी, पति–रमेश राम 3. ग्राम–डंडई, पोस्ट–पाण्डेपुर, थाना–पाटन, प्रखण्ड–पाटन 4. लिंग–महिला, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें पैर में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 134. | 1. आवेदन क्र0–25/306 2. आवेदक–सोनमति देवी, पति–रामप्रवेश राम 3. ग्राम–मनहु, पोस्ट– मुन्केरी, थाना–छतरपुर, प्रखण्ड–छतरपुर 4. लिंग–महिला, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 135. | 1. आवेदन क्र0–25/307 2. आवेदक–सकेन्द्र राम, पिता–स्व0 जीवालक राम 3. ग्राम–साहद, पोस्ट–गुरूवा, थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज 4. लिंग–पुरूष, आयु–51वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 136. | 1. आवेदन क्र0–25/308 2. आवेदक–फूलमती देवी, पति–सुचित राम 3. ग्राम–रबदा, पोस्ट– रबदा, थाना–विश्रामपुर, प्रखण्ड– विश्रामपुर 4. लिंग–महिला, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 137. | 1. आवेदन क्र0–25/309 2. आवेदक–निरावती देवी, पति–सुदेश राम 3. ग्राम–हरतुआ, पोस्ट–सांगबार, थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज 4. लिंग–महिला, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 138. | 1. आवेदन क्र0–25/310 2. आवेदक–देवरानी देवी, पति–सुदेश्वर बैठा 3. ग्राम–डबरा, पोस्ट–डबरा, थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज 4. लिंग–महिला, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 139. | 1. आवेदन क्र0–25/311 2. आवेदक– सुदेश्वर बैठा, पिता –तपेश्वर बैठा 3. ग्राम–डबरा, पोस्ट–डबरा, थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज 4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 140. | 1. आवेदन क्र0–25/312 2. आवेदक–बिदुं देवी, पति–स्व0 जय प्रकाश कुमार 3. ग्राम–सांगबार, पोस्ट–सांगबार, थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज 4. लिंग–महिला, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 141. | 1. आवेदन क्र0–25/313 2. आवेदक–रेणु देवी, पति–उपेन्द्र राम 3. ग्राम– बगैया, पोस्ट–नावाजयपुर, थाना– पाटन, प्रखण्ड–पाटन 4. लिंग–महिला, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 142. | 1. आवेदन क्र0–25/ 2. आवेदक–शीला देवी, पति–निर्मल भुइयां 3. ग्राम– रंकी कलां, पोस्ट–रंकी कलां, थाना– मनिका, प्रखण्ड–मनिका 4. लिंग–महिला, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 143. | 1. आवेदन क्र0–25/314 2. आवेदक– अनिल कुमार रवि, पिता –राजेद्र राम 3. ग्राम–तिसिबार, पोस्ट–तिसिबार कला, थाना–पांडु, प्रखण्ड– पांडु 4. लिंग–पुरूष, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 144. | 1. आवेदन क्र0–25/315 2. आवेदक–विनीता देवी, पति–शत्रुघ्न आजाद 3. ग्राम–गोपालगंज, पोस्ट– लेस्लीगंज, थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज 4. लिंग–महिला, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–कंठ के पास मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 145. | 1. आवेदन क्र0–25/316 2. आवेदक–प्रभु दयाल विश्वकर्मा, पिता –स्व0 मानकी मिस्त्री 3. ग्राम–चेयरमेन रोड हमीगंज मेदिनीनगर, पोस्ट– मेदिनीनगर, थाना–मेदिनीनगर, प्रखण्ड–मेदिनीनगर 4. लिंग–पुरूष, आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–आँख के निकट कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 146. | 1. आवेदन क्र0–25/317 2. आवेदक–पूरन बैठा, पिता–नंदकिशोर बैठा 3. ग्राम–मुन्दरिया, पोस्ट–बसौरा, थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज 4. लिंग–पुरूष, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 147. | 1. आवेदन क्र0–25/318 2. आवेदक–रीता देवी, पति–सरयु राम 3. ग्राम–हरतुआ, पोस्ट–सांगबार, थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज 4. लिंग–महिला, आयु–62वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 148. | 1. आवेदन क्र0–25/319 2. आवेदक–कमोदा देवी, पति–प्रगासी राम 3. ग्राम–हरतुआ, पोस्ट–सांगबार, थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज 4. लिंग–महिला, आयु–78 वर्ष, पहचान चिन्ह तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 149. | 1. आवेदन क्र0–25/320 2. आवेदक–सकुन्तला देवी, पति–मीरचू राम 3. ग्राम–डंडई, पोस्ट–पाण्डेपुर, थाना–पाटन, प्रखण्ड–लेस्लीगंज 4. लिंग–महिला, आयु–74 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 150. | 1. आवेदन क्र0–25/321 2. आवेदक–विदेश राम, पिता – रतन राम 3. ग्राम–मनहु, पोस्ट– छतरपुर, थाना– छतरपुर, प्रखण्ड–छतरपुर 4. लिंग–पुरूष, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–हाथ में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 151. | 1. आवेदन क्र0–25/322 2. आवेदक–रामजनम महतो, पिता–स्व0 कबल महतो 3. ग्राम–बनुआँ, पोस्ट–सांगबार, थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज 4. लिंग–पुरूष, आयु–72 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 152. | 1. आवेदन क्र0–25/323 2. आवेदक–लकमीनिया देवी, पति–विदेश राम 3. ग्राम–मनहु, पोस्ट– छतरपुर, थाना–छतरपुर, प्रखण्ड–छतरपुर 4. लिंग–महिला, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 153. | 1. आवेदन क्र0–25/ 2. आवेदक–विदेश्वरी पाल, पिता–रामसुन्दर पाल 3. ग्राम–खजुरी, पोस्ट–मुसुआ, थाना–मंझिआव, प्रखण्ड– मंझिआव 4. लिंग–पुरूष, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 154. | 1. आवेदन क्र0–25/324 2. आवेदक–आनंद कुमार, पिता–सकलदीप सिंह 3. ग्राम–तुर्काडीह, पोस्ट–बसौरा, थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज 4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 155. | 1. आवेदन क्र0–25/325 2. आवेदक–आशपति देवी, पति–युगेश्वर राम 3. ग्राम–हरतुआ, पोस्ट–सांगबार, थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज 4. लिंग–महिला, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 156. | 1. आवेदन क्र0–25/326 2. आवेदक–आशा देवी, पति–अवध बिहारी राम 3. ग्राम–सहदेवा, पोस्ट–पाण्डेपुर, थाना–पाटन, प्रखण्ड– पाटन 4. लिंग–महिला, आयु–55वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 157. | 1. आवेदन क्र0–25/327 2. आवेदक–उर्मिला देवी, पति–उदेश राम 3. ग्राम–हरतुआ, पोस्ट–सांगबार, थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज 4. लिंग–महिला, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 158. | 1. आवेदन क्र0–25/328 2. आवेदक–सुषमा कुंवर, पति–स्व0 संतोष राम 3. ग्राम–जेलहाटा वार्ड न0–20, पोस्ट–डालटनगंज, थाना–डालटनगंज, प्रखण्ड–डालटनगंज 4. लिंग–महिला, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 159. | 1. आवेदन क्र0–25/329 2. आवेदक–अशोक प्रसाद यादव, पिता–आनन्दमोहन प्रसाद यादव 3. ग्राम–कठौधा, पोस्ट–लेस्लीगंज, थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज 4. लिंग–पुरूष, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 160. | 1. आवेदन क्र0–25/330 2. आवेदक–गोविन्द राम, पिता –स्व0 रामदेव राम 3. ग्राम–जेलहाटा वार्ड न0–20, पोस्ट–डालटनगंज, थाना–डालटनगंज, प्रखण्ड–डालटनगंज 4. लिंग–पुरूष, आयु–57वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 161. | 1. आवेदन क्र0–25/331 2. आवेदक–रामवचन राम, पिता –महेश्वर राम 3. ग्राम–कुटमू, पोस्ट–कुटमू, थाना–पांडु, प्रखण्ड–पांडु 4. लिंग–पुरूष, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 162. | 1. आवेदन क्र0–25/332 2. आवेदक–लोकनाथ महतो, पिता–नेपाल महतो 3. ग्राम–दारूडीह, पोस्ट–सांगबार, थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज 4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 163. | 1. आवेदन क्र0–25/ 2. आवेदक–मंजीता कछप, पति–सीताराम उराँव 3. ग्राम–बन्दुआ, पोस्ट–लातेहार, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार 4. लिंग–महिला, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 164. | 1. आवेदन क्र0–25/333 2. आवेदक–प्रियंका देवी, पति–बसंत कुमार 3. ग्राम–सांगबार, पोस्ट–सांगबार, थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज 4. लिंग–महिला, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 165. | 1. आवेदन क्र0–25/334 2. आवेदक–राजेन्द्र राम, पिता–लाल मोहन राम 3. ग्राम–आबादगंज वार्ड न0–22, पोस्ट–डालटनगंज, थाना–डालटनगंज, प्रखण्ड–डालटनगंज 4. लिंग–पुरूष, आयु–74 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 166. | 1. आवेदन क्र0–25/ 2. आवेदक–राजेश्वर राम, पिता–देवकी राम 3. ग्राम–खुरा लातेहार, पोस्ट–लातेहार, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार 4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 167. | 1. आवेदन क्र0–25/335 2. आवेदक–अवध बिहारी राम, पिता–खेमन राम 3. ग्राम–साहदेवा, पोस्ट–पाण्डेपुरा, थाना– पाटन, प्रखण्ड– पाटन 4. लिंग– पुरूष, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 168. | 1. आवेदन क्र0–25/336 2. आवेदक–राणा प्रताप सिंह, पिता–स्व0 देवकी नन्दन सिंह 3. ग्राम–झगरपुर, पोस्ट–बसौरा, थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज 4. लिंग–पुरूष आयु–61वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 169. | 1. आवेदन क्र0–25/337 2. आवेदक–रणविजय प्रसाद यादव, पिता–आनन्दमोहन प्रसाद यादव 3. ग्राम–कठौधा, पोस्ट–लेस्लीगंज, थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज 4. लिंग–पुरूष, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 170. | 1. आवेदन क्र0–25/338 2. आवेदक–भीम महतो, पिता–स्व0 रामवृक्ष महतो 3. ग्राम–सोंस, पोस्ट– लेस्लीगंज, थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज 4. लिंग–पुरूष, आयु–71 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 171. | 1. आवेदन क्र0–25/339 2. आवेदक–विरेन्द्र कुमार, पिता–बलराम महतो 3. ग्राम–नावा, पोस्ट–चैनपुर, थाना–रामगढ, प्रखण्ड– रामगढ 4. लिंग–पुरूष, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 172. | 1. आवेदन क्र0–25/ 2. आवेदक–सूरज मोहन सिंह, पिता–रामबली सिंह 3. ग्राम–जोडातलाब इन्द्रप्रस्थकॉलोनी, पोस्ट–बरियातु, थाना–बरियातु प्रखण्ड–सदर 4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 173. | 1. आवेदन क्र0–25/340 2. आवेदक–सुजान्ती देवी, पति–कामेश्वर राम 3. ग्राम–हरतुआ, पोस्ट–सांगबार, थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज 4. लिंग–महिला, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 174. | 1. आवेदन क्र0–25/341 2. आवेदक–किसमति देवी, पति–आनन्द सिंह 3. ग्राम–तुर्कडीह, पोस्ट–बसौरा, थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज 4. लिंग–महिला, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 175. | 1. आवेदन क्र0–25/342 2. आवेदक–महेन्द्र ठाकुर, पिता–हरिनाथ ठाकुर 3. ग्राम–उडहुलिया, पोस्ट–बसौरा, थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज 4. लिंग– पुरूष, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 176. | 1. आवेदन क्र0–25/343 2. आवेदक–सुनील कुमार, पिता–सुर्यनाथ राम 3. ग्राम–बारालोटा जी एल ए कॉंवेज, पोस्ट–बारालोटा, थाना–डालटनगंज, प्रखण्ड–डालटनगंज 4. लिंग–पुरूष, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 177. | 1. आवेदन क्र0–25/344 2. आवेदक–कृष्णा कान्त सिंह, पिता–स्व0 भुनेश्वर सिंह 3. ग्राम–हरतुआ, पोस्ट–सांगबार, थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज 4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 178. | 1. आवेदन क्र0–25/345 2. आवेदक–हरिदर्शन राम, पिता–स्व0 चतुरगुन राम 3. ग्राम–कारिहार, पोस्ट–गहर पथरा, थाना– पाटन, प्रखण्ड– पाटन 4. लिंग–पुरूष, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें पैर में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 179. | 1. आवेदन क्र0–25/346 2. आवेदक–कुसंती देवी, पति–कृष्णा कान्त सिंह 3. ग्राम–हरतुआ, पोस्ट–सांगबार, थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज 4. लिंग–महिला, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 180. | 1. आवेदन क्र0–25/347 2. आवेदक–दिलबसिया देवी, पति–युगेश्वर राम 3. ग्राम–सांगबार, पोस्ट–सांगबार, थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज 4. लिंग–महिला, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 181. | 1. आवेदन क्र0–25/348 2. आवेदक–राज कुमार राम, पिता–दलू महरा 3. ग्राम–हरतुआ, पोस्ट–सांगबार, थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज 4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 182. | 1. आवेदन क्र0–25/349 2. आवेदक–अमृत प्रसाद यादव, पिता–स्व0 रामनारायण प्रसाद यादव 3. ग्राम–कठौंधा, पोस्ट–लेस्लीगंज, थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज 4. लिंग– पुरूष, आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 183. | 1. आवेदन क्र0–25/350 2. आवेदक–अशोक कुमार मेहता, पिता–स्व0 पुराण महतो 3. ग्राम–अजलतुआ, पोस्ट–चैनपुर, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर 4. लिंग–पुरूष, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें कंधे पर मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 184. | 1. आवेदन क्र0–25/351 2. आवेदक–रामजी बैठा, पिता–परशु बैठा 3. ग्राम–साहदेवा, पोस्ट–पाण्डेपुरा, थाना–पाटन, प्रखण्ड–पाटन 4. लिंग–पुरूष, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गर्दन में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 185. | 1. आवेदन क्र0–25/352 2. आवेदक–मूरत देवी, पति–रणविजय प्रसाद यादव 3. ग्राम–कठौंधा, पोस्ट–लेस्लीगंज, थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज 4. लिंग–महिला, आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ बाहं पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 186. | 1. आवेदन क्र0–25/353 2. आवेदक–दासो देवी, पति–हिरा सिंह 3. ग्राम–हरतुआ, पोस्ट–सांगबार, थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज 4. लिंग–महिला, आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 187. | 1. आवेदन क्र0–25/354 2. आवेदक–अनार देवी, पति–स्व0 कृष्णा राम 3. ग्राम–सांगबार, पोस्ट–सांगबार, थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज 4. लिंग–महिला, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें पैर में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 188. | 1. आवेदन क्र0–25/355 2. आवेदक–लखिया देवी, पति–संजय राम 3. ग्राम–सांगबार, पोस्ट–सांगबार, थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज 4. लिंग–महिला, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 189. | 1. आवेदन क्र0–25/356 2. आवेदक–उपेन्द भुईयाँ, पिता–स्व0 मकुन भुईयाँ 3. ग्राम–सांगबार, पोस्ट–सांगबार, थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज 4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

PR.NO. 355454 Home(25-26):D

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य (नरसिंह मुर्मू) सदस्य (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

# खालिस्तानी कनाडा से भारत विरोधी हिंसा की रचते रहे हैं साजिश?



**नई दिल्ली । एजेंसी**

कनाडा की शीर्ष खुफिया एजेंसी ने आधिकारिक तौर पर स्वीकार किया है कि कनाडा स्थित खालिस्तानी चरमपंथियों (सीबीकेई) का एक छोटा समूह मुख्य रूप से भारत को निशाना बनाकर हिंसा की घटनाओं को बढ़ावा देने, वित्तपोषित करने या योजना बनाने के लिए कनाडाई धरती का उपयोग करके राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करना जारी रखे हुए है। कनाडाई सुरक्षा खुफिया सेवा (सीएसआईएस) ने संसद को सौंपी अपनी नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट में कहा है, "केवल कुछ व्यक्तियों के समूह को खालिस्तानी चरमपंथी माना जाता है, क्योंकि वे मुख्य रूप से भारत में हिंसा को बढ़ावा देने, धन जुटाने या योजना बनाने के लिए कनाडा को आधार के रूप में उपयोग करते रहते हैं। सीएसआईएस ने दावा किया कि इस तरह की गतिविधि राजनीतिक रूप से प्रेरित हिंसक उग्रवाद (पीएमवीई) के अंतर्गत आती है, जिसे वह नई राजनीतिक व्यवस्था लाने या मौजूदा व्यवस्था में परिवर्तन लाने के लिए हिंसा के प्रयोग के रूप में परिभाषित करता है। राजनीति से प्रेरित हिंसक उग्रवाद (पीएमवीई) मौजूदा व्यवस्थाओं के भीतर नई राजनीतिक व्यवस्था या नई संरचना या मानदंड स्थापित करने के लिए हिंसा के इस्तेमाल को प्रोत्साहित करता है। पीएमवीई के कर्ता नई राजनीतिक व्यवस्था या संस्थाएं स्थापित करने के लिए वैश्विक स्तर पर हमलों की योजना बनाने, उन्हें वित्तपोषित करने और उन्हें सुविधाजनक बनाने में संलग्न होते हैं। सीएसआईएस के अनुसार, 1980 के दशक के मध्य से, कनाडा में पीएमवीई सीबीकेई के रूप में सबसे अधिक दिखाई दिया है, जो "खालिस्तान नामक एक स्वतंत्र राष्ट्र राज्य बनाने के लिए हिंसक साधनों का उपयोग और समर्थन करना चाहता है, जो मुख्य रूप से पंजाब, भारत में है। यद्यपि 2024 में कनाडा की धरती पर सीबीकेई से जुड़ा कोई हमला दर्ज नहीं किया गया, फिर भी सीएसआईएस ने चेतावनी दी कि खतरा अभी भी सक्रिय है।

### सीएसआईएस रिपोर्ट में हुआ बड़ा खुलासा

- **सीएसआईएस की परिभाषा अनुसार पीएमवीई :** राजनीति से प्रेरित हिंसक उग्रवाद ऐसी गतिविधियां हैं जिनका उद्देश्य मौजूदा राजनीतिक व्यवस्था को हिंसा के माध्यम से बदलना होता है।
- **पीएमवीई के तरीके और उद्देश्य :** पीएमवीई समर्थक नई राजनीतिक व्यवस्था स्थापित करने के लिए वैश्विक स्तर पर हमलों की योजना, वित्तपोषण और सुविधा प्रदान करने में संलग्न रहते हैं।

## अमेरिका में 'स्टूडेंट वीजा' फिर से शुरू, ट्रंप सरकार ने रखी शर्त

**वाशिंगटन (आईएएनएस)।** अमेरिकी विदेश विभाग ने घोषणा की है कि वह विदेशी छात्रों के लिए वीजा आवेदन की प्रक्रिया फिर से शुरू करेगा। इसी के साथ विभाग ने शर्त रखी है कि आवेदकों को सरकारी समीक्षा के लिए अपने 'सोशल मीडिया अकाउंट्स' सार्वजनिक करने होंगे। अमेरिकी विदेश विभाग ने बुधवार को बयान में कहा, "नए दिशा-निर्देशों के तहत, हम एफ, एम और जे गैर-प्रवासी वर्गों में आने वाले सभी छात्र और एक्सचेंज विजिटर आवेदकों की व्यापक और गहन जांच करेंगे, जिसमें उनकी ऑनलाइन उपस्थिति (सोशल मीडिया गतिविधियां) भी शामिल होगी। इस जांच को सुविधाजनक बनाने के लिए, एफ, एम और जे गैर-अप्रवासी वीजा के सभी आवेदकों को अपने सभी सोशल मीडिया प्रोफाइल पर प्राइवेसी सेटिंग को 'सार्वजनिक' करने का निर्देश दिया जाएगा।

## ट्रंप ने न्यायाधीश पद के लिए चाड मेरेडिथ को किया नामित

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को चाड मेरेडिथ को केंटकी के ईस्टर्न डिस्ट्रिक्ट की यूएस डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में न्यायाधीश के रूप में नामित करने के अपने इरादे की घोषणा की। ट्रंप ने 'ट्रुथ' पर लिखा, "केंटकी के पूर्वी जिले के लिए, यूनाइटेड स्टेट्स डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में जज के रूप में सेवा करने के लिए चाड मेरेडिथ को नामित करना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। चाड बेहद अनुभवी और पूरी तरह से योग्य हैं। इससे पहले वह केंटकी के कॉमनवेल्थ के सॉलिसिटर जनरल और गवर्नर के कार्यालय के लिए चीफ डिप्टी जनरल काउंसल के रूप में सेवा दे चुके हैं।

# इजरायली सेना का हिजबुल्लाह कमांडर को मार गिराने का दावा

**तेल अवीव (आईएएनएस)**

इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने गुरुवार को लेबनान में हिज्बुल्लाह के लिटानी सेक्टर में आर्टिलरी के कमांडर यासीन अब्देल मेनम एज अल-दीन को मार गिराने का दावा किया। आईडीएफ ने बुधवार को दक्षिणी लेबनान के बारिश इलाके में आतंकवादी यासीन अब्देल मेनम एज अल-दीन पर विमान से हमला किया और उसे मार गिराया। आतंकवादी ने युद्ध के दौरान देश के उत्तर की ओर कई फायरिंग लाइनें शुरू की थीं और आतंकवादी संगठन हिज्बुल्लाह की आर्टिलरी टीम को फिर से खड़ा करने के प्रयासों में लगा हुआ था। आईडीएफ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "यासीन अब्देल मेनम एज अल-दीन की हरकतें इजरायल और लेबनान के बीच समझ का स्पष्ट उल्लंघन हैं।

आईडीएफ ने जोर देकर कहा कि वह "ईरान के साथ युद्ध में इजरायल को नुकसान पहुंचाने की तत्परता को बढ़ावा देने के लिए आतंकवादी संगठन हिज्बुल्लाह" के प्रयासों की निगरानी और उन्हें विफल करना जारी रखेगा, और इजरायल के नागरिकों के लिए किसी भी खतरे को खत्म करने के लिए काम करना जारी रखेगा।एक अन्य घटनाक्रम में आईडीएफ ने यह भी उल्लेख किया कि उसने समीर हुसैन के घर को ध्वस्त कर दिया था, जिसने नवंबर 2024 में एरियल (वेस्ट बैंक) में गिट्टी अविशर चौराहे पर गोलीबारी की थी। आईडीएफ ने एक्स पर पोस्ट किया, "सामरिया



ब्रिगेड के इंजीनियरिंग बलों ने कल रात एइनाबस गांव में आतंकवादी समीर हुसैन के घर को ध्वस्त करने के लिए ऑपरेशन चलाया, जिसने एरियल में गिट्टी अविशर चौराहे पर गोलीबारी की थी। इस हमले में पांच इजरायली नागरिक और चार सैनिक घायल हुए थे।"सेना की रिपोर्ट के अनुसार, समीर हुसैन हमास से जुड़ा हुआ था। उसने नवंबर 2024 में एक बस और एक बस स्टॉप पर गोलीबारी की, जहां कई सैनिक मौजूद थे। हमले में चार सैनिक समेत नौ लोग घायल हुए थे।

पोस्ट में कहा गया है, "कानूनी अधिकारियों के समर्थन से सुरक्षा प्रतिष्ठान ने निवारक नीति के तहत आतंकवादियों के घर को ध्वस्त करने का फैसला किया। इसके अनुसार, कोई भी व्यक्ति जो असामान्य आतंकवादी हमला करता है, भले ही उस हमले में कोई भी मारा न जाए, उसका घर ध्वस्त कर दिया जाएगा।

## इजरायली सेना की उपलब्धियों से वर्ल्ड लीडर्स प्रभावित : नेतन्याहू

**तेल अवीव (आईएएनएस)।** इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के अनुसार वर्ल्ड लीडर्स ने इजरायली सेना के दृढ़ संकल्प और उपलब्धियों को सराहा है। इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष की शुरुआत बीते शुक्रवार से हुई। नेतन्याहू ने ईरान के खिलाफ 'ऑपरेशन राइजिंग लायन' शुरू करने की घोषणा की, जो ईरान के परमाणु हथियारों के खतरे को कम करने के लिए एक टारगेटेड सैन्य अभियान है। इसके बाद तेहरान की ओर से तीव्र और आक्रामक जवाबी कार्रवाई शुरू हुई, जिससे क्षेत्र एक व्यापक युद्ध के कगार पर पहुंच गया।नेतन्याहू ने बुधवार को राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा "मुझे आपको बताना चाहिए कि मैं विश्व नेताओं से बात करता हूं। वह हमारे दृढ़ संकल्प और हमारी सेना की उपलब्धियों से बहुत प्रभावित हैं। वह आपसे, इजरायल के नागरिकों से, आपकी दृढ़ भावना और आपकी दृढ़ता से भी बहुत प्रभावित हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिले उनके समर्थन को लेकर इजरायली प्रधानमंत्री ने कहा, "मैं इजरायल के एक महान मित्र राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को हमारे साथ खड़े होने और इजरायल के एयरस्पेस की रक्षा में मदद करने में अमेरिका के सपोर्ट के लिए धन्यवाद देता हूं। हम अक्सर बात करते हैं, जिसमें पिछली रात की बातचीत भी शामिल है। हमारी बातचीत बहुत गर्मजोशी से हुई। मैं ट्रंप को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं। नेतन्याहू ने कहा कि ईरान के खिलाफ 'ऑपरेशन राइजिंग लॉयन' अभियान का उद्देश्य इजरायल के लिए दो अस्तित्वगत खतरों को दूर करना था।



# अब मूत्र से होगा आपका इलाज

- इससे डेंटल व बोन इम्प्लांट भी किया जा सकेगा
- यह दांतों के इनेमल और हड्डियों के खनिज का घटक है

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारत में तो तमाम बड़े पावरफुल नेताओं के मूत्र पान के बारे में लोग जानते ही हैं , लेकिन अब यह बाहर भी चर्चा में है। क्योंकि दिल, दिमाग, किडनी, कैंसर व दांत से संबंधित समस्याओं को लेकर तमाम तरह के शोध किए जा रहे हैं, जिससे दवा व इंजेक्शन बनाए जा सकें। इस सब तरह के एक शोध में हाल ही में मानव के शरीर से निकले मूत्र से दांतों व हड्डियों के इलाज की संभावना तलाशी गई है। कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी इरविन के शोधकर्ताओं ने अमेरिकी व जापानी संस्थानों के साथ मिलकर एक शोध की है, जिसमें यूरिन को हाइड्रॉक्सी एपेटाइट के प्रोसेस की खोज की है, जो दांतों के इनेमल और हड्डियों के खनिज का घटक है। ऐसे में मूत्र सिर्फ फ्लशिंग पानी बनकर नहीं रहेगा, बल्कि इससे डेंटल और बोन इम्प्लांट के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा। वैज्ञानिकों के मुताबिक, इस सिस्टम में यीस्ट पेशाब में मौजूद यूरिया को तोड़ता है और साथ ही उसके पीएच स्तर को बढ़ाता है, जिससे हाइड्रोक्सी एपेटाइट का निर्माण होता है। हाइड्रोक्सी एपेटाइट एक प्राकृतिक रूप से पाया जाने वाला कैल्शियम फॉस्फेट खनिज है, जिसका रासायनिक सूत्र $Ca(PO)(OH)$ है। यह मानव शरीर में विशेष रूप से हड्डियों और दांतों में पाया जाता है। यह दांतों और हड्डियों की मजबूती और संरचना के लिए महत्वपूर्ण है।



### हाइड्रोक्सी एपेटाइट क्या है

- हड्डियों व दांतों का निर्माण- यह हड्डियों और दांतों की संरचना का मुख्य घटक है, जो उन्हें मजबूत और स्थिर बनाता है।
- डेंटल उत्पाद- यह टूथपेस्ट और अन्य दंत चिकित्सा उत्पादों में उपयोग किया जाता है, क्योंकि यह दांतों की सुरक्षा करता है और उनकी मरम्मत में मदद करता है।
- बायोमेडिकल अनुप्रयोग- इसका उपयोग हड्डियों के ग्राफ्ट, इम्प्लांट्स व अन्य चिकित्सा उपकरणों में किया जाता है।
- औद्योगिक अनुप्रयोग- इसका उपयोग सिरेमिक, पॉलिमर व अन्य सामग्रियों के उत्पादन में भी किया जाता है।

यूसी इरविन के प्रोफेसर ऑफ मटेरियल साइंस के डेविड किसेलस के अनुसार, इस प्रक्रिया से दो फायदे हो सकते हैं। पहला यूरिन को निकालना तो पर्यावरणीय प्रदूषण को कम करना और बिजनेस के रूप में एचएपी सामग्री का निर्माण करना। हालांकि, मानव यूरिन के इस्तेमाल से पहले उसकी जांच जरूरी है, जिससे किसी भी बीमारी का पता चल सके। क्योंकि, यूरिन का इस्तेमाल दांतों के ट्रीटमेंट में सुनकर ही लोग हैरान हो जाएंगे और इलाज के लिए मना कर देंगे। ऐसे इसके इस्तेमाल व इसकी जरूरतों को लेकर समझाना और लोगों को जागरूक करना बहुत आवश्यक है

### बीच समुंदर उतार दिए 50 जहाज

## ईरान जंग में अमेरिका को उलझा देख चीन ने कहां खुराफात शुरू कर दी?

**नई दिल्ली । एजेंसी**

ईरान और इजरायल के बीच छिड़ी जंग की चिंगारी इस वक्त पूरे मीडिल ईस्ट को अपनी चपेट में लेने की तैयारी में है। वहीं अमेरिका की भी इस जंग में कभी भी एंट्री हो सकती है। उधर चीन कहां शांत रहने वाला था, उसने साउथ चाइना सी में अपनी कारगुजारी फिर से शुरू कर दी है। फिलीपींस ने चीन पर दक्षिण चीन सागर में स्थित रोजुल रीफ नामक एक द्वीप पर अवैध रूप से घुसपैठ करने का आरोप लगाया है। रोजुल रीफ द्वीप दोनों देशों के बीच क्षेत्रीय विवाद का विषय रहा है। फिलीपीन तटरक्षक बल (पीसीजी) ने (पीसीजी) ने बुधवार को त्वरित प्रतिक्रिया तैनाती के बाद, पश्चिमी फिलीपीन सागर में देश के विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) के अंतर्गत आने वाले रोजुल रीफ के पास 50 से अधिक चीनी समुद्री मिलिशिया (सीएमएम) जहाजों की उपस्थिति की पुष्टि की। पश्चिम फिलीपीन सागर संबंधी मामलों के लिए पीसीजी प्रवक्ता कमोडोर जे टैरिएला के अनुसार, संदिग्ध अवैध गतिविधि की खुफिया रिपोर्ट मिलने के बाद, दो पीसीजी जहाजों और एक निगरानी विमान को पलावन से लगभग 130 समुद्री मील दूर स्थित क्षेत्र में भेजा गया। वहां पहुंचने पर, पी.सी.जी. ने पुष्टि की कि दर्जनों चीनी जहाज चट्टान के आसपास बिखरे हुए थे या एक साथ इकट्ठे हुए थे। टैरिएला ने कहा कि पीसीजी कर्मियों ने तुरंत



रेडियो पर जहाजों को चुनौती दी, उन्हें बताया कि वे फिलीपीन जल के अंदर काम कर रहे थे और उनसे वहां से चले जाने का आग्रह किया। पीसीजी ने फिलीपीन समुद्री क्षेत्र अधिनियम, समुद्र के कानून पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (यूएनसीएलओएस) और 2016 के मध्यस्थ पुरस्कार का हवाला दिया, जिसने अपने ईईजेड पर फिलीपींस के संप्रभु अधिकारों की पुष्टि की और क्षेत्र में चीन के विशाल समुद्री दावों को अमान्य घोषित किया।

चीनी जहाजों को अपनी उपस्थिति स्पष्ट करने, झुंड में घुसना बंद करने और अंतरराष्ट्रीय और घरेलू कानूनों के अनुसार नेविगेट करने का निर्देश दिया गया था। हालांकि, पीसीजी अधिकारियों ने कहा कि सीएमएम जहाजों से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। आगे के सबूत इकट्ठा करने के लिए, पीसीजी ने मिलिशिया जहाजों के करीब जाने और उनके धनुष संख्या को दस्तावेज करने के लिए कठोर पतवार वाली inflatable नौकाओं को तैनात किया।

## इलॉन मस्क के स्टारशिप में टेस्ट के दौरान धमाका

**लपटें और धुआं दूर-दूर तक दिखाई दिया, आस-पास के घरों की खिड़कियां हिल गईं**



**टेक्सास । एजेंसी**

दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी इलॉन मस्क का स्टारशिप-36 रॉकेट टेक्सास के स्टारबेस टेस्टिंग साइट पर अचानक धमाके के साथ फट गया। इसकी लपटें और धुआं दूर-दूर तक दिखाई दिया। ये धमाका भारतीय समयानुसार आज यानी, 19 जून को सुबह करीब 09:30 बजे हुआ। धमाका उस वक्त हुआ जब 29 जून को होने वाले स्टारशिप के 10वें टेस्ट फ्लाइट से पहले रॉकेट का दूसरा स्टैटिक फायर टेस्ट चल रहा था। इस टेस्ट में रॉकेट को जमीन पर ही रखकर उसके इंजन को चालू किया जाता है, ताकि लॉन्च से पहले सब कुछ ठीक हो, ये चेक किया जा सके। ऊपरी हिस्से में विस्फोट हुआ, रॉकेट आग के गोले में बदल गया। टेस्ट शुरू होने से ठीक पहले, रॉकेट के ऊपरी हिस्से में, जहां फ्यूल टैंक होते हैं, अचानक विस्फोट शुरू हुआ। देखते ही देखते पूरा रॉकेट आग के गोले में बदल गया। आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों ने बताया कि धमाका इतना जोरदार था कि उनके घरों की खिड़कियां हिल गईं। इस धमाके का जो वीडियो सामने आया है उसमें दिख रहा है कि रॉकेट के नोज यानी, ऊपरी हिस्से से अचानक आग की लपटें निकलती हैं।

## वोडाफोन आइडिया व एएसटी स्पेस मोबाइल लाएंगे सैटेलाइट ब्रॉडबैंड

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** वोडाफोन आइडिया व एएसटी स्पेस मोबाइल मिलकर भारत में सैटेलाइट से चलने वाला ब्रॉडबैंड नेटवर्क लाएंगे। इससे उन क्षेत्रों में भी मोबाइल नेटवर्क पहुंचेगा, जहां अभी तक कनेक्टिविटी नहीं है। वोडाफोन आइडिया का नेटवर्क व एएसटी स्पेस मोबाइल की तकनीक मिलकर काम करेंगे। इससे उपभोक्ताओं को को कॉल, वीडियो व इंटरनेट जैसी सुविधाएं मिलेंगी।वोडाफोन आइडिया ने स्टॉक एक्सचेंज में



जानकारी देते हुए कहा कि "हम भारत में डायरेक्ट-टू-डिवाइस सैटेलाइट ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी लाने के लिए सहयोग कर रहे हैं, जिससे डिजिटल इंडिया के हर नागरिक तक मोबाइल सेवा पहुंच सके।" इस टेक्नोलॉजी की मदद से चाहें गांव और दूर दराज के इलाकों में जहां इंटरनेट नहीं आता था, वहां भी अब मोबाइल नेटवर्क पहुंच पाएगा। जो टेक्नोलॉजी वोडाफोन आइडिया लाने की तैयारी कर रहा है उसकी खास बात यह है कि इसे स्टारलिंक की तरह किसी अलग डिवाइस की जरूरत नहीं होगी।

विश्व की सबसे ज्यादा आबादी वाला देश भारत 1.1 अरब से ज्यादा मोबाइल उपभोक्ता वाला दुनिया के सबसे बड़े व तेजी से बढ़ते टेलीकॉम बाजारों में से एक है।लेकिन अभी भी दूर-दराज के इलाके ऐसे हैं जहां मोबाइल टावर लगाना आसान नहीं है। ऐसे में सैटेलाइट कम्युनिकेशन तकनीक जमीन पर मौजूद नेटवर्क को मजबूत करने में मदद करेगी और इन इलाकों में भी ब्रॉडबैंड मोबाइल कनेक्शन पहुंच पाएगा। इसे लेकर वोडाफोन आइडिया ने कहा कि "इस पार्टनरशिप से वोडाफोन आइडिया के मजबूत नेटवर्क और एएसटी स्पेस मोबाईल की नई स्पेस-बेस्ड टेक्नोलॉजी को जोड़ा जाएगा। यह तकनीक सीधा सैटेलाइट से आम स्मार्टफोन को कनेक्ट कर सकती है, और इसके लिए किसी खास ऐप, सॉफ्टवेयर या एक्स्ट्रा डिवाइस की जरूरत नहीं होती।






### कहानी फिल्म जगत की

*सन ऑफ सरदार 2012 में रिलीज हुई थी और इसका निर्देशन अश्विनी धीर ने किया था। इस फिल्म में अजय देवगन, सोनाक्षी सिन्हा, संजय दत्त और जूही चावला ने भी काम किया था। जो लोग नहीं जानते, उनके लिए यह फिल्म 2010 की तेलुगु फिल्म मर्यादा रमन्ना की हिंदी रीमेक थी।*



## 'सन ऑफ सरदार 2' बॉक्स ऑफिस पर सिद्धार्थ-जान्हवी की 'परम सुंदरी' से टकराएगी

अजय देवगन 2012 की अपनी एक्शन-कॉमेडी सन ऑफ सरदार के सीक्वल सन ऑफ सरदार 2 के साथ कॉमेडी में वापसी करने के लिए तैयार हैं। विजय कुमार अरोड़ा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में देवगन जस्सी के रूप में अपनी प्रतिष्ठित भूमिका को दोहराएंगे और गुरुवार को फिल्म का पहला पोस्टर और रिलीज की तारीख का खुलासा किया। अजय देवगन 2012 की अपनी एक्शन-कॉमेडी सन ऑफ सरदार के सीक्वल सन ऑफ सरदार 2 के साथ कॉमेडी में वापसी करने के लिए तैयार हैं। विजय कुमार अरोड़ा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में देवगन जस्सी के रूप में अपनी प्रतिष्ठित भूमिका को दोहराएंगे और गुरुवार को फिल्म का पहला पोस्टर और रिलीज की तारीख का खुलासा किया। देवगन ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्टर के साथ लिखा, "सरदार की वापसी। #SOS2 25 जुलाई को आपके नज़दीकी सिनेमाघरों में।" इस पोस्टर में उन्हें पगड़ी पहने हुए दिखाया गया है। सिंघम अगेन, शैतान, भोला और मैदान जैसी गंभीर एक्शन फिल्मों की एक श्रृंखला के बाद इस सीक्वल में उनकी हल्की-फुल्की, हास्य भूमिकाओं में वापसी हुई है। सन ऑफ सरदार 2 उसी तारीख को रिलीज होगी जिस दिन सिद्धार्थ मल्होत्रा और जान्हवी कपूर की परम सुंद री सिनेमाघरों में आने वाली थी। इसका सीधा मतलब है कि थैंक गॉड के अभिनेता सिड और अजय इस जुलाई में बॉक्स ऑफिस पर भिड़ेंगे।

## पृष्ठ एक के शेष

**महिलाओं के विरुद्ध बढ़ते अपराधों पर...**
यह कोषांग महिला पीड़ितों के लिए संवाद और समाधान का एक मजबूत मंच बनेगा। पलामू, गढ़वा और लातेहार जिलों के पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिया गया है कि वे उक्त आदेशों का तत्काल अनुपालन सुनिश्चित करें और कोषांग गठन की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूरा करें।

**अनियंत्रित हाईवा ट्रेलर ने बाइक...**
लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। हरिहरगंज थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए भाग रहे हाईवा ट्रेलर को जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया। गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरिहरगंज ले जाया गया, जहां रंजन कुमार सिंह को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि दीपक कुमार यादव को बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया था। इस दुर्घटना में दोनों मृतकों के शव का पोस्टमार्टम गुरुवार को कराया गया, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। गुरुवार को गमगीन माहौल में दोनों युवकों का अंतिम संस्कार किया गया।

**सिकल सेल पर नियंत्रण के लिए राज्य...**
**स्क्रीनिंग बढ़ाने की है जरूरत :** मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बीमारी की प्रारंभिक पहचान और उपचार सुनिश्चित करने के लिए स्क्रीनिंग को बढ़ाने की जरूरत है। क्योंकि, लोगों को पता ही नहीं होता है कि वे इस बीमारी से पीड़ित हैं। ऐसे में जाने-अनजाने वे इसे अगली पीढ़ी में स्थापित कर सकते हैं। ऐसे में ज्यादा से ज्यादा लोगों का स्क्रीनिंग किया जाना चाहिए और जिन लोगों में इस बीमारी के लक्षण पाए जाएं, उनकी काउंसलिंग कर जांच दवाइयां और अन्य सुविधाएं उन्हें उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि इस बीमारी के निदान की दिशा में यह प्रयास होना चाहिए कि बच्चों के जन्म के साथ ही उसकी स्क्रीनिंग कराई जाए, ताकि किसी प्रकार की समस्या हो तो उसका इलाज और समाधान हो सके।

**हेल्थ प्रोफाइल के डेटा को निरंतर अपडेट करें :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हेल्थ प्रोफाइल के डेटा को एक नियत समय पर अपडेट करते रहना चाहिए। क्योंकि इससे हमें पता चलेगा कि किस बीमारी के कितने मरीज मिले थे। कितने मरीज का इलाज के बाद बीमारी खत्म हो गया और कितने नए मरीज सामने आए। डेटा के अपडेट रहने से हम विभिन्न बीमारियों से निपटने की दिशा में आगे की रणनीति तैयार कर सकेंगे। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार , स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह के अलावा डॉ कनीनिका मित्र, प्रमुख, यूनिसेफ झारखंड, डॉ विवेक सिंह प्रमुख, एआई, स्वास्थ्य, यूनिसेफ इंडिया, सुश्री आस्था अलंग, संचार विशेषज्ञ, यूनिसेफ, डॉ वनेश माथुर, हेल्थ ऑफिसर यूनिसेफ और शिवानी संचार विशेषज्ञ ,यूनिसेफ मौजूद थीं।

**झारखंड पर आफत बनकर बरसा...**
पीड़ित लोगों को रहने और खाने में काफी परेशानी हो रही है। वहीं,चान्हो के बढ़ईया में पड़ोसी की दीवार गिरने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई।

**डैम ने लिया विकराल रूप :** झारखंड में लगातार हो रही बारिश ने डैम को भी विकराल बना दिया है। लगातार हो रही बारिश के चलते डैम का पानी खतरे के निशान से ऊपर बह रहा है। चांडिल डैम का जलस्तर 181.20 मीटर पर पहुंच गया है। खतरे को देखते हुए बांध के 7 फाटक खोल दिए गए हैं। इसके बाद स्वर्णरेखा नदी पूरे उफान पर आ गई। स्वर्णरेखा नदी के तटीय इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। बता दें कि बुधवार को चांडिल डैम का जलस्तर 179.80 मीटर पर था तथा दो फाटक खुले हुए थे। पिछले 24 घंटे में डैम का जलस्तर में 1.40 मीटर की बढ़ोतरी हुई। चांडिल डैम के जल स्तर बढ़ने से करीब आधा दर्जन विस्थापित गांव में डैम का पानी दस्तक देने लगा है।

**योजना विभाग राज्य की रीढ़, ऊर्जा क्षेत्र में बदलाव समय...**
यह पहल झारखंड को एशिया का पहला राज्य बनाएगी जहां ऐसा सूचकांक विकसित होगा। अपने संबोधन में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि यह कार्य सतत विकास लक्ष्य के अनुरूप झारखंड को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाएगा। उन्होंने कहा कि झारखंड कोयला आधारित ऊर्जा पर निर्भर है, जिसके सामाजिक व पर्यावरणीय प्रभाव दीर्घकालिक हैं। इसलिए ऊर्जा की दिशा में बदलाव आज की आवश्यकता है। उन्होंने प्लानिंग डिपार्टमेंट को 'मदर ऑफ ऑल डिपार्टमेंट्स' बताते हुए कहा कि इस विभाग की जिम्मेदारी पूरे राज्य की दिशा तय करने में है। मंत्री ने इस प्रयास के लिए योजना सचिव एवं अधिकारियों की सराहना की और कहा कि ऐसे नवाचारों से झारखंड देश के अन्य राज्यों के लिए मॉडल स्टेट बनकर उभरेगा।

**ईरान ने इजरायल के सोरोका अस्पताल...**
का रिएक्टर और नतांज़ में एक साइट शामिल है, जिसका उपयोग उसने कहा कि परमाणु-हथियार विकास के लिए किया जा रहा था। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्होंने ईरान की परमाणु सुविधाओं पर हमला करने का फैसला किया है, ट्रम्प ने कहा, "मैं ऐसा कर सकता हूं, मैं ऐसा नहीं भी कर सकता हूं।" और उन्होंने ईरान के बिना शर्त आत्मसमर्पण पर अपना जोर दोहराया: "अगला सप्ताह बहुत बड़ा होने वाला है, शायद एक सप्ताह से भी कम।" अमेरिका ने हाल के दिनों में इस क्षेत्र में सैन्य बलों का निर्माण किया है।

**भारत देश के सजग प्रहरी...**
मजबूर किया जाता है तो हमारा अपने स्वाभिमान की रक्षा हेतु हमारा समर्थन है । हम दृढ़ संकल्पित हैं सदैव देश हित में देश और देश के सुरक्षा प्रहरी और हम हमारे हर क्षेत्र के वीर जवानों के साथ हैं । अपनी राष्ट्रीय अस्मिता व स्वाभिमान के साथ हैं । वे हैं तो हम सुरक्षित हैं, चैन की नींद सो रहे हैं । ऑपरेशन सिन्दूर को शत् शत् नमन वंदन है । देश के सेवक व प्रधानमंत्री के निर्णय का हम हर तरह से समर्थन करते हैं । हम मानवता विरोधी नहीं हैं लेकिन स्वाभिमान की रक्षा के लिए शस्त्र उठाना भी जानते हैं । श्री कृष्ण ने गीता में कहा भी है धर्मो रक्षति रक्षितः । अपनी रक्षा करना हमारा कर्तव्य है धर्म है । हाँ सत्य वचन को तोल गया, देखो भारत बोल गया । जय हिन्द । जय भारत । वंदेमातरम् । जय जवान जय शस्त्र बल ।।

### झारखंड में बनेगी विश्वस्तरीय मेडिको सिटी

# सिकल सेल उन्मूलन में झारखंड बना देश का मॉडल राज्य : डॉ. इरफान

- झारखंड बना सिकल सेल उन्मूलन का पावरहाउस
- झारखंड के गांव-गांव तक सिकल सेल की स्क्रीनिंग, रांची में खुलेगा बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट

**नवीन मेल संवाददाता**




मंत्री डॉ. अंसारी ने सिकल सेल जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और कार्यक्रम के दौरान आयोजित नुक्कड़ नाटक की भी सराहना की

**रांची।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने विश्व सिकल सेल दिवस पर रांची सदर अस्पताल में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह का उद्घाटन किया। मौके पर उन्होंने घोषणा किया कि "झारखंड अब पीछे नहीं, सिकल सेल उन्मूलन में देश का मॉडल राज्य बन गया है।"
डॉ. अंसारी ने कहा, "हमने 25 लाख 94 हजार लोगों की जांच की है। इनमें से मात्र 2099 लोग सिकल सेल एनीमिया से ग्रसित पाए गए हैं, यानी 1% से भी कम। ये हमारे संगठित प्रयास और ज़मीनी काम का नतीजा है।"
उन्होंने आगे कहा, "डॉक्टर, नर्स, एएनएम, सहिया दीदियां आप सब हमारे सच्चे हीरो हो। आप मेहनत करो, सैलरी बढ़ाने का काम हम करेंगे। सभी सहिया बहनों को जल्द ही टैबलेट भी दिया जाएगा ताकि तकनीक के साथ आप और तेज़ी से काम कर सको।
डॉ. अंसारी ने ऐलान किया कि सिकल सेल जैसी गंभीर बीमारी के इलाज के लिए रांची सदर अस्पताल में बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट की स्थापना जल्द होगी। उन्होंने कहा कि इससे झारखंड को गंभीर बीमारियों के इलाज में एक नई दिशा मिलेगी।
मंत्री ने यह भी कहा कि राज्य सरकार झारखंड में विश्वस्तरीय मेडिको सिटी बनाने जा रही है, जिससे राज्यवासियों को इलाज के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। "मैं खुद डॉक्टर हूं, मुझे झारखंड के आम आदमी का दर्द पता है। गठरी-मोटरी लेकर बाहर इलाज कराने जाने वाले हर मरीज की तकलीफ अब हमारी सरकार समझती है। अब उन्हें न ज़मीन बेचनी होगी, न खेत — इलाज की सारी व्यवस्था यहीं होगी।"
स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा कि वर्ष 2047 तक देश को सिकल सेल मुक्त करने का लक्ष्य है, और झारखंड इसमें निर्णायक भूमिका निभा रहा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड के अभियान निदेशक अबु इमरान ने बताया कि 40 लाख स्क्रीनिंग का लक्ष्य था, जिसमें अब तक 25 लाख जांच पूरी हो चुकी है। "अभी भी हमें और मेहनत करनी होगी। जितनी जल्दी लोग जांच कराएंगे, उतना आसान होगा इस बीमारी को जड़ से खत्म करना।" इस कार्यक्रम में रांची के सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार, रक्त कोषांग प्रभारी डॉ. जॉन एफ. कैनेडी, राज्य यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. कमलेश, अंधापन नियंत्रण नोडल पदाधिकारी डॉ. पंकज, सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. विमलेश सिंह, कार्यक्रम प्रबंधक अनीमा किस्कु, रांची डीपीएम प्रवीण सिंह सहित बड़ी संख्या में स्वास्थ्यकर्मी एवं सहिया बहनें मौजूद थीं।

## सीएम से मिले जगन्नाथपुर मंदिर न्यास समिति के सुधांशु नाथ

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुरुवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में जगन्नाथपुर मंदिर न्यास समिति के प्रधान सेवक- सेवायत ठाकुर सुधांशु नाथ शाहदेव ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को 27 जून को जगन्नाथपुर मंदिर में आयोजित होने वाले रथ यात्रा महोत्सव में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया । इस मौके पर जगन्नाथपुर मंदिर न्यास समिति के सेवक- सहयोगी श्री अमरदीप कौशल और श्री हरिदास चौधरी भी मौजूद थे।

## बारिश से तबाही में हेल्पलाइन जारी करें हेमंत सरकार : विजय शंकर नायक



**रांची।** झारखंड में लगातार हो रही भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इस स्थिति को देखते हुए आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से राज्य और सभी जिलों में आपदा राहत निगरानी सेल गठित कर तत्काल हेल्पलाइन नंबर जारी करने की मांग की है। गुरुवार को उन्होंने कहा कि कई जिलों में नदियां उफान पर हैं, पुल-पुलिया टूट गए हैं, सड़कें धंसी हैं और बिजली आपूर्ति बाधित है। तोरपा-सिमडेगा रोड पर पुल टूटने से आवागमन बंद है, पर राहत कार्य अब तक नहीं पहुंचा है। नायक ने कहा कि सुदूरवर्ती इलाकों में राहत देर से पहुंचती है, इसलिए आपातकालीन टोल-फ्री नंबर जारी कर त्वरित सहायता सुनिश्चित की जाए, ताकि जानमाल की रक्षा हो सके।


**झारखण्ड सरकार**
**पथ निर्माण विभाग**
**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, लातेहार**

**(1st Call), ई-प्रोक्योरमेंट सूचना**

ई-टेन्डर रिफरेंस संख्या- RCD/LATEHAR/416/2025-26
दिनांक-16.06.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | जुबली चौक (NH-75) से हेरहंज भाया नवादा (SH-10) पथ के चैनेज 2.500 कि0मी0 से 28.700 कि0मी0 (कुल लम्बाई-26.200 कि0मी0) का राईडिंग क्वालिटी में सुधार (Improvement of Riding Quality) कार्य। |
| 2क. | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | रू0 :- 17,95,69,074.00 (सतरह करोड़ पंचानबे लाख उनहत्तर हजार चौहत्तर रूपये) मात्र |
| 2ख. | बिड सिक्यूरिटी – (रू0 में) | रू0-18,00,000.00 (अठारह लाख) मात्र |
| 3. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 (छः) माह |
| 4. | वेवसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 24.06.2025 को पूर्वाह्न 10.30 बजे से |
| 5. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 15.07.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक |
| 6. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियन्ता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमडल लातेहार, पिन कोड- 829206 |
| 7. | ई-प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का संपर्क संख्या | 06565-247907 |
| 8. | ई-प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651-2403007 |

नोट : निविदा की प्राक्कलित राशि घट-बढ़ सकती है।
निविदा की अन्य जानकारी http://jharkhandtenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियन्ता
PR 355435 Relief(25-26)#D पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, लातेहार



**समाहरणालय, गढ़वा**
**(सामाजिक सुरक्षा कोषांग)**
**कार्यालय:-जिला बाल संरक्षण इकाई,गढ़वा**
**Email Id : dcpsgarhwa@gmail.com**

**बाल कल्याण समिति, गढवा के आदेशानुसार**

**आम सूचना**



नाम : लक्ष्मी कुमारी (काल्पनिक)
लिंग : स्त्री0
माता का नाम : अज्ञात
पिता का नाम : अज्ञात
उम्र : 26 दिन (लगभग)
वजन : 2.500 कि0ग्रा0
बालिका का रंग : सावला

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त बालिका गढ़वा जिला के ग्राम-गोपालपुर, पोस्ट -हरिगांवा, थाना-मझिआंव, जिला-गढ़वा अंतर्गत प्राप्त हुई है। बालिका बाल कल्याण समिति, गढ़वा में उपस्थापन के पश्चात् विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान, देवघर में संरक्षित है।
बालिका के जैविक माता-पिता एवं विधिक संरक्षक का पता ज्ञात करने हेतु राज्य स्तरीय एवं स्थानीय सभी समाचार पत्रों में यह विज्ञापन प्रकाशित की गई है। सूचना प्रकाशित होने के 60 (साठ) दिनों के अंदर यदि कोई बालक के जैविक माता-पिता/विधिक संरक्षक होने का दावा प्रस्तुत करना चाहते हैं तो बाल कल्याण समिति, गढ़वा/जिला बाल संरक्षण इकाई, गढ़वा/जिला सामाजिक सुरक्षा कोशांग, गढ़वा में सम्पर्क कर बालिका से संबंधित दस्तावेज/साक्ष्य के साथ अपना दावा प्रस्तुत कर सकते है। दावा प्रस्तुत करने हेतु दिये गये समय सीमा की समाप्ति के पश्चात् उक्त बालिका से संबंधित किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा एवं दत्तक ग्रहण मार्गदर्शिका-2022 के नियम-6 के उपनियम-13 के अंतर्गत उक्त शिशु को दत्तक ग्रहण हेतु बाल कल्याण समिति, गढ़वा द्वारा विधिक रूप से स्वतंत्र घोशित कर दिया जाएगा।
कार्यालय पता:- जिला बाल संरक्षण इकाई, गढ़वा/बाल कल्याण समिति, पुराना समाहरणालय भवन, गढ़वा। जिला सामाजिक सुरक्षा कोशांग, नया समाहरणालय, कल्याणपुर, गढ़वा।
सम्पर्क नम्बर :- 7739067700, 6200118854, 7870520029

PR 355485 Social Welfare,Women and Child Development(25-26).D
जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, गढ़वा



**झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**
**झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।**

74वीं औपबंधिक सूची जिला-पलामू (पार्ट-4)

| क्र0 | आवेदनकर्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रॉंची के संकल्प संख्या-1938, दिनांक-20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| विवरण :-चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी चन्द्रधन मेहता एवं भरदुल भुईया द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | | |
| 190. | 1. आवेदन क्र0-25/357 2. आवेदक-रमेश प्रसाद , पिता-कंगलू बैठा<br>3. ग्राम-मुन्दरिया ,पोस्ट-बसौरा , थाना-लेस्लीगंज ,प्रखण्ड-लेस्लीगंज<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-69 वर्ष, पहचान चिन्ह-दायें गाल पर तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 191. | 1. आवेदन क्र0-25/358 2. आवेदक-सिरिसता भुईयाँ , पिता-स्व0 जगधारी भुईयाँ<br>3. ग्राम-कमलकेडीया , पोस्ट-पाठकपगार,थाना-तरहसी , प्रखण्ड-तरहसी<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-54 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें हाथ पर गोदना का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 192. | 1. आवेदन क्र0-25/359 2. आवेदक-सुशीला देवी , पति-अमरेश भुईयाँ<br>3. ग्राम-लिघकी पश्चिम, पोस्ट-कटुअल, थाना-चैनपुर , प्रखण्ड-चैनपुर<br>4. लिंग-महिला, आयु-53 वर्ष , पहचान चिन्ह-बायें आँख के बगल में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 193. | 1. आवेदन क्र0-25/360 2. आवेदक-धनवती देवी, पति-वेद प्रकाश साव<br>3. ग्राम-रेडमा काली मंदिर के पास , पोस्ट-डालटनगंज ,थाना-डालटनगंज, प्रखण्ड-डालटनगंज<br>4. लिंग-महिला, आयु-60 वर्ष, पहचान चिन्ह-दायें गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 194. | 1. आवेदन क्र0-25/361 2. आवेदक-राजू राम , पिता-स्व0 केश्वर राम<br>3. ग्राम-हरतुआ , पोस्ट-सांगबार ,थाना-लेस्लीगंज , प्रखण्ड-लेस्लीगंज<br>4. लिंग-पुरूष आयु-64 वर्ष, पहचान चिन्ह-दायें गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 195. | 1. आवेदन क्र0-25/362 2. आवेदक-बृजनन्दन प्रसाद कुशवाहा , पिता-तुलास महतो<br>3. ग्राम-बरवाडीह , पोस्ट-लामिपतरा ,थाना-पंडवा , प्रखण्ड-पंडवा<br>4. लिंग-पुरूष आयु-63 वर्ष, पहचान चिन्ह-दायें हाथ में कट का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 196. | 1. आवेदन क्र0-25/363 2. आवेदक-प्रतिमा देवी , पति-स्व0 लखन भुईयाँ<br>3. ग्राम-सांगबार , पोस्ट-सांगबार ,थाना-लेस्लीगंज , प्रखण्ड-लेस्लीगंज<br>4. लिंग-महिला, आयु-43 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें हाथ में कट का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 197. | 1. आवेदन क्र0-25/364 2. आवेदक-बिंदु राम , पिता-रूपधारी राम<br>3. ग्राम-हरतुआ , पोस्ट-सांगबार ,थाना-लेस्लीगंज , प्रखण्ड-लेस्लीगंज<br>4. लिंग-पुरूष आयु-55 वर्ष, पहचान चिन्ह-दायें पैर में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 198. | 1. आवेदन क्र0-25/365 2. आवेदक-जोगेन्द्र बैठा , पिता-कंगलू बैठा<br>3. ग्राम-मुन्दरिया ,पोस्ट-बसौरा ,थाना-लेस्लीगंज ,प्रखण्ड-लेस्लीगंज<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-59 वर्ष, पहचान चिन्ह-दायें गर्दन में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 199. | 1. आवेदन क्र0-25/366 2. आवेदक-उदम प्रसाद यादव , पिता-बच्चु यादव<br>3. ग्राम-मुन्दरिया ,पोस्ट-बसौरा ,थाना-लेस्लीगंज ,प्रखण्ड-लेस्लीगंज<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-62वर्ष, पहचान चिन्ह-दायें हाथ में कट का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 200. | 1. आवेदन क्र0-25/367 2. आवेदक-श्यामपति देवी , पति-राम लखन राम<br>3. ग्राम-हरतुआ , पोस्ट-सांगबार ,थाना-लेस्लीगंज , प्रखण्ड-लेस्लीगंज<br>4. लिंग-महिला आयु-60 वर्ष, पहचान चिन्ह- दायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 201. | 1. आवेदन क्र0-25/368 2. आवेदक-नंदकिशोर रजक , पिता-प्रभु रजक<br>3. ग्राम-चक ,पोस्ट-चक ,थाना-मनातू ,प्रखण्ड-मनातू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-56 वर्ष, पहचान चिन्ह-दायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 202. | 1. आवेदन क्र0-25/369 2. आवेदक-सकुन्तला देवी , पति-रमेश प्रसाद<br>3. ग्राम-मुन्दरिया ,पोस्ट-बसौरा ,थाना-लेस्लीगंज ,प्रखण्ड-लेस्लीगंज<br>4. लिंग-महिला, आयु-60 वर्ष, पहचान चिन्ह-दायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 203. | 1. आवेदन क्र0-25/370 2. आवेदक-प्रमिला देवी , पति-उपेन्द्र भुईयाँ<br>3. ग्राम-सांगबार , पोस्ट-सांगबार ,थाना-लेस्लीगंज , प्रखण्ड-लेस्लीगंज<br>4. लिंग-महिला, आयु-55 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 204. | 1. आवेदन क्र0-25/371 2. आवेदक-छठनी देवी , पति-बच्चू महतो<br>3. ग्राम-मुन्दरिया ,पोस्ट-बसौरा ,थाना-लेस्लीगंज ,प्रखण्ड-लेस्लीगंज<br>4. लिंग-महिला, आयु-71 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 205. | 1. आवेदन क्र0-25/372 2. आवेदक-कमेश राम , पिता-रामजीत राम<br>3. ग्राम-उताकी ,पोस्ट-पाटन ,थाना-पाटन ,प्रखण्ड-पाटन<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-63 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 206. | 1. आवेदन क्र0-25/373 2. आवेदक-कुर्बन मियाँ , पिता-सराजुदीन मियाँ<br>3. ग्राम-हरतुआ , पोस्ट-सांगबार ,थाना-लेस्लीगंज , प्रखण्ड-लेस्लीगंज<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-57 वर्ष, पहचान चिन्ह- बायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 207. | 1. आवेदन क्र0-25/374 2. आवेदक-हिरा सिंह , पिता-स्व0 राजनाथ सिंह<br>3. ग्राम-हरतुआ , पोस्ट-सांगबार ,थाना-लेस्लीगंज , प्रखण्ड-लेस्लीगंज<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-54 वर्ष, पहचान चिन्ह- दायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 208. | 1. आवेदन क्र0-25/375 2. आवेदक-प्रभावती कुमारी , पति-रामजीत महतो<br>3. ग्राम-दारूडीह , पोस्ट-सांगबार ,थाना-लेस्लीगंज , प्रखण्ड-लेस्लीगंज<br>4. लिंग-महिला, आयु-62 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें हाथ नहीं है विकलांग का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 209. | 1. आवेदन क्र0-25/376 2. आवेदक-प्रमोद प्रसाद , पिता-सत्यनरायण साह<br>3. ग्राम-लोहडी , पोस्ट-लामीपतरा ,थाना-पंडवा , प्रखण्ड-पंडवा<br>4. लिंग- पुरूष, आयु-54 वर्ष, पहचान चिन्ह- दायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 210. | 1. आवेदन क्र0-25/377 2. आवेदक-अजय राम , पिता-यमुना राम<br>3. ग्राम-करर खुर्द , पोस्ट-सुठा ,थाना-पाटन , प्रखण्ड-पाटन<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-51 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 211. | 1. आवेदन क्र0-25/378 2. आवेदक-लीलावती देवी , पति-फकीरचंद राम<br>3. ग्राम-दारूडीह , पोस्ट-सांगबार ,थाना-लेस्लीगंज , प्रखण्ड-लेस्लीगंज<br>4. लिंग-महिला, आयु-51 वर्ष, पहचान चिन्ह- दायें गाल पर तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 212. | 1. आवेदन क्र0-25/379 2. आवेदक-फूलमती देवी , पति-जीतू राम<br>3. ग्राम-दारूडीह , पोस्ट-सांगबार ,थाना-लेस्लीगंज , प्रखण्ड-लेस्लीगंज<br>4. लिंग-महिला, आयु-51 वर्ष, पहचान चिन्ह-दायें गर्दन के नीचे तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 213. | 1. आवेदन क्र0-25/ 2. आवेदक-विनोद कुमार मेहता , पिता-राम मेहता<br>3. ग्राम-वार्ड न0-04 , पोस्ट-नगवा ,थाना-गढवा , प्रखण्ड-गढवा<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-64 वर्ष, पहचान चिन्ह-दायें गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 214. | 1. आवेदन क्र0-25/380 2. आवेदक-शीला देवी , पति-विन्देश्वर मेहता<br>3. ग्राम-बनुआ , पोस्ट-सांगबार ,थाना-लेस्लीगंज , प्रखण्ड-लेस्लीगंज<br>4. लिंग-महिला, आयु-56 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें कान में मासा का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 215. | 1. आवेदन क्र0-25/381 2. आवेदक-अमरेश भुईयाँ , पिता-रामलगन भुईयाँ<br>3. ग्राम-लिधकी पश्चिम , पोस्ट-कंटुअल, थाना-चैनपुर, , प्रखण्ड-चैनपुर<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-62 वर्ष , पहचान चिन्ह-दायें गाल में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 216. | 1. आवेदन क्र0-25/382 2. आवेदक-जयपाल बैठा , पिता-कंगलु बैठा<br>3. ग्राम-मुन्दरिया ,पोस्ट-बसौरा ,थाना-लेस्लीगंज ,प्रखण्ड-लेस्लीगंज<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-51 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें पैर में घाव का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 217. | 1. आवेदन क्र0-25/383 2. आवेदक-उषा देवी , पति-सुरेन्द्र महतो<br>3. ग्राम-हाउसिंग , पोस्ट-डालटनगंज,थाना-मेदिनीनगर , प्रखण्ड-मेदिनीनगर<br>4. लिंग-महिला, आयु-60 वर्ष, पहचान चिन्ह-गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 218. | 1. आवेदन क्र0-25/384 2. आवेदक-युगेश्वर राम , पिता-भवानी महरा<br>3. ग्राम-हरतुआ , पोस्ट-सांगबार ,थाना-लेस्लीगंज , प्रखण्ड-लेस्लीगंज<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-61 वर्ष, पहचान चिन्ह दायें आँख में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 219. | 1. आवेदन क्र0-25/385 2. आवेदक-गुंजा देवी , पति-अशोक दास<br>3. ग्राम-ईमली, पोस्ट-किशुनपुर ,थाना-पाटन , प्रखण्ड-पाटन<br>4. लिंग-महिला, आयु-56 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें कंधा पर मासा का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 220. | 1. आवेदन क्र0-25/386 2. आवेदक-राजेन्द्र महतो , पिता-सुरेश महतो<br>3. ग्राम-मुन्दरिया ,पोस्ट-बसौरा ,थाना-लेस्लीगंज ,प्रखण्ड-लेस्लीगंज<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-65 वर्ष, पहचान चिन्ह-दायें गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 221. | 1. आवेदन क्र0-25/387 2. आवेदक-राजकिशोर बैठा , पिता-यदुवर रजक<br>3. ग्राम-मुन्दरिया ,पोस्ट-बसौरा ,थाना-लेस्लीगंज ,प्रखण्ड-लेस्लीगंज<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-53 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें गाल में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 222. | 1. आवेदन क्र0-25/388 2. आवेदक-सत्येन्द्र राम , पिता-स्व0 सेवकी राम<br>3. ग्राम-सतगावाँ ,पोस्ट-हरिहरगंज ,थाना- हरिहरगंज ,प्रखण्ड-हरिहरगंज<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-50 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नही । | कंडिका-2(ix) |
| 223. | 1. आवेदन क्र0-25/389 2. आवेदक-पुरण यादव , पिता-स्व0 लक्ष्मण यादव<br>3. ग्राम-बनुआ , पोस्ट-सांगबार ,थाना-लेस्लीगंज , प्रखण्ड-लेस्लीगंज<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-64 वर्ष, पहचान चिन्ह- दायें गाल में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 224. | 1. आवेदन क्र0-25/390 2. आवेदक-जफरू खलीफा , पिता-स्व0 रफीक खलीफा<br>3. ग्राम-लेस्लीगंज , पोस्ट-लेस्लीगंज ,थाना-लेस्लीगंज , प्रखण्ड-लेस्लीगंज<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-65 वर्ष, पहचान चिन्ह- दायें गाल पर कट का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 225. | 1. आवेदन क्र0-25/391 2. आवेदक-कलावती देवी , पति-गोविन्द साहू<br>3. ग्राम-रेडमा, पोस्ट-डालटनगंज , थाना-डालटनगंज , प्रखण्ड-डालटनगंज<br>4. लिंग-महिला, आयु-53 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 226. | 1. आवेदन क्र0-25/392 2. आवेदक-राजेन्द्र राम , पिता-स्व0 सुरजन राम<br>3. ग्राम-दारूडीह , पोस्ट-सांगबार ,थाना-लेस्लीगंज , प्रखण्ड-लेस्लीगंज<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-59 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 227. | 1. आवेदन क्र0-25/393 2. आवेदक-सुरेश ठाकुर, पिता-मानकी ठाकुर<br>3. ग्राम-चक ,पोस्ट-चक ,थाना-मनातू ,प्रखण्ड-मनातू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-68 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 228. | 1. आवेदन क्र0-25/394 2. आवेदक-उदेश राम , पिता-लखन राम<br>3. ग्राम-हरतुआ , पोस्ट-सांगबार ,थाना-लेस्लीगंज , प्रखण्ड-लेस्लीगंज<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-63 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें लिलाट में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 229. | 1. आवेदन क्र0-25/395 2. आवेदक-रघुनी भुईयां , पिता-स्व0 तेतर भुईयां<br>3. ग्राम-सांगबार , पोस्ट-सांगबार ,थाना-लेस्लीगंज , प्रखण्ड-लेस्लीगंज<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-63 वर्ष, पहचान चिन्ह-दायें गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 230. | 1. आवेदन क्र0-25/396 2. आवेदक-तारा देवी , पति-बाबूलाल सिंह<br>3. ग्राम-उडहुलिया ,पोस्ट-बसौरा ,थाना-लेस्लीगंज ,प्रखण्ड-लेस्लीगंज<br>4. लिंग-महिला, आयु-62 वर्ष, पहचान चिन्ह-दायें गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 231. | 1. आवेदन क्र0-25/397 2. आवेदक-अशोक बैठा , पिता-विन्देश्वर रजक<br>3. ग्राम-मुन्दरिया ,पोस्ट-बसौरा ,थाना-लेस्लीगंज ,प्रखण्ड-लेस्लीगंज<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-59 वर्ष, पहचान चिन्ह-दायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 232. | 1. आवेदन क्र0-25/398 2. आवेदक-ममता देवी , पति-प्रदिप कुमार<br>3. ग्राम-सांगबार , पोस्ट-सांगबार ,थाना-लेस्लीगंज , प्रखण्ड-लेस्लीगंज<br>4. लिंग-महिला, आयु-52 वर्ष, पहचान चिन्ह-दायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 233. | 1. आवेदन क्र0-25/399 2. आवेदक-रामरेखा सिंह , पिता-राजनाथ सिंह<br>3. ग्राम-हरतुआ , पोस्ट-सांगबार ,थाना-लेस्लीगंज , प्रखण्ड-लेस्लीगंज<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-65 वर्ष, पहचान चिन्ह-गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 234. | 1. आवेदन क्र0-25/400 2. आवेदक-पृथ्वीनाथ मेहता , पिता-जोगल महतो<br>3. ग्राम-पड़वा , पोस्ट-रजधरा ,थाना-पड़वा , प्रखण्ड-पड़वा<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-65 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें पैर में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| विवरण :-चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी दाउद केरकेट्टा , बालकिशुन उरांव एवं सतीश कुमार द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के अनुमोदन के आधार पर। | | |
| 235. | 1. आवेदन क्र0-401/25 2. आवेदक-मंजू कुमारी , पति-अनजन कुमार राम<br>3. ग्राम-कुम्हार टोली , पोस्ट-रेडमा ,थाना-डालटनगंज, प्रखण्ड-डालटनगंज<br>4. लिंग-महिला , आयु-40 वर्ष, पहचान चिन्ह-दोनों आँख पर कट का निशान । | कंडिका-2(ix) |
| 236. | 1. आवेदन क्र0-402/25 2. आवेदक-रेयाज अंसारी , पिता-स्व0 जासिम मियां<br>3. ग्राम-चान्दो , पोस्ट-चान्दो , थाना-चैनपुर , प्रखण्ड-चैनपुर<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-56 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 237. | 1. आवेदन क्र0-403/25 2. आवेदक-जोसेफ कंडुलना , पिता-कोका कंडुलना<br>3. ग्राम-करमा, पोस्ट-सेमरा , थाना-चैनपुर , प्रखण्ड-चैनपुर<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-49 वर्ष, पहचान चिन्ह-छाती में कट का निशान । | कंडिका-2(ix) |
| 238. | 1. आवेदन क्र0-404/25 2. आवेदक-राजू उराँव , पिता-देवनाथ उराँव<br>3. ग्राम-कुलिया, पोस्ट-घावाडीह , थाना-लेस्लीगंज , प्रखण्ड-लेस्लीगंज<br>4. लिंग-पुरूष, आय-55 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 239. | 1. आवेदन क्र0-405/25 2. आवेदक-मिथिलेश कुमार गुप्ता , पिता-शेषनाथ साव<br>3. ग्राम-चैनपुर, पोस्ट-चैनपुर , थाना-चैनपुर , प्रखण्ड-चैनपुर<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-49 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिना कलाई में जला का निशान । | कंडिका-2(ix) |
| 240. | 1. आवेदन क्र0-406/25 2. आवेदक-प्रदीप प्रजापति , पिता-दलु प्रजापति<br>3. ग्राम-गोदरमाकला, पोस्ट-रेहला , थाना-रेहला , प्रखण्ड-विश्रामपुर<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-49 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिना पैर में कट का निशान । | कंडिका-2(ix) |
| 241. | 1. आवेदन क्र0-407/25 2. आवेदक-विनय साव , पिता-स्व0 रामकरण साव<br>3. ग्राम-सरहुआ , पोस्ट-रामगढ , थाना- रामगढ , प्रखण्ड-रामगढ<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-54 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिना आँख के नीचे मासा का निशान । | कंडिका-2(ix) |
| 242. | 1. आवेदन क्र0-408/25 2. आवेदक-राजू राम चंद्रवंशी, पिता-विश्वनाथ राम चंद्रवंशी<br>3. ग्राम-चैनपुर, पोस्ट-चैनपुर , थाना-चैनपुर , प्रखण्ड-चैनपुर<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-46 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 243. | 1. आवेदन क्र0-409/25 2. आवेदक-रविन्द्र पासवान , पिता-राजमुनी मांझी<br>3. ग्राम-हरिजन मुहल्लाह , पोस्ट-शाहपुर , थाना-चैनपुर , प्रखण्ड-चैनपुर<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-44 वर्ष, पहचान चिन्ह-सीना में लाल मासा का निशान । | कंडिका-2(ix) |
| 244. | 1. आवेदन क्र0-410/25 2. आवेदक-नन्दकिशोर ठाकुर , पिता-स्व0 जगदेव ठाकुर<br>3. ग्राम-दोकरा , पोस्ट-चान्दो , थाना-चैनपुर , प्रखण्ड-चैनपुर<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-62 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 245. | 1. आवेदन क्र0-411/25 2. आवेदक-अनजन कुमार राम, पिता-वंशी राम<br>3. ग्राम-कुम्हार टोली , पोस्ट-रेडमा ,थाना-मेदनीनगर , प्रखण्ड-मेदनीनगर<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-42 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिना आँख के उपर कट का निशान । | कंडिका-2(ix) |
| 246. | 1. आवेदन क्र0-412/25 2. आवेदक-हिरामन साव , पिता-स्व0 भुनेश्वर साव<br>3. ग्राम-बसरियाकला , पोस्ट-चान्दो , थाना-चैनपुर , प्रखण्ड-चैनपुर<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-65 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 247. | 1. आवेदन क्र0-413/25 2. आवेदक-यमुना ठाकुर , पिता-स्व0 अर्जुन ठाकुर<br>3. ग्राम-दोकरा , पोस्ट-चान्दो , थाना-चैनपुर , प्रखण्ड-चैनपुर<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-74 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 248. | 1. आवेदन क्र0-414/25 2. आवेदक-ऐनुल अंसारी , पिता-वली मोहम्मद<br>3. ग्राम-दिनाबार , पोस्ट-रामगढ , थाना- रामगढ , प्रखण्ड-रामगढ<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-64 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |

नोट :- 1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य (नरसिंह मुर्मू) सदस्य (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR.NO. 355459 Home(25-26):D



# नए डब्ल्यूटीसी चक्र की शुरुआत के लिए उत्साहित है 'नई' भारतीय टेस्ट टीम

4th

**एजेंसी। लीड्स**

भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों के सीरीज़ की शुरूआत हेडिंग्ले के लीड्स टेस्ट से हो रही है। यह दोनों टीमों के लिए नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र की भी शुरूआत होगी। भारत पहले दोनों डब्ल्यूटीसी चक्र के फाइनल में पहुंचा था, लेकिन पिछले साल न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज और फिर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद वे लगातार तीसरा फाइनल खेलने से चूक गए। अब भारत की नजरें नए डब्ल्यूटीसी चक्र की सकारात्मक शुरूआत पर होगी, ताकि वे तीसरी बार फाइनल में पहुंचे।

भारत के लिए यह ना सिर्फ नए डब्ल्यूटीसी चक्र की शुरुआत है बल्कि नए टेस्ट युग की भी शुरूआत है। विराट कोहली, आर अश्विन और रोहित शर्मा की अनुभवी टेस्ट तिकड़ी के संन्यास लेने के बाद भारत की यह पहली पूर्ण टेस्ट सीरीज है। इसके अलावा इस टीम में पिछले कुछ इंग्लैंड दौरों पर शानदार प्रदर्शन करने वाले अनुभवी मोहम्मद शमी भी नहीं हैं।

रवींद्र जडेजा 19-सदस्यीय भारी भरकम दल के एकमात्र सदस्य हैं, जिनके नाम 60+ टेस्ट मैचों का अनुभव है, जबकि टीम की कमान युवा शुभमन गिल के पास है। टीम का बल्लेबाजी क्रम एकदम नया है और सलामी बल्लेबाजी से शुरूआत कर तीसरे नंबर पर आने वाले गिल अब कोहली की जगह नंबर चार पर खेलने के लिए तैयार हैं। इसका मतलब यह भी है कि करूण नायर की लगभग आठ साल बाद टेस्ट टीम में वापसी होगी, वहीं साई सुदर्शन को भी डेब्यू का मौका मिल सकता है।

## टेस्ट कप्तानी की शुरुआत से पहले गिल को शास्त्री की सलाह



**नई दिल्ली।** भारत जहां शुभमन गिल के नेतृत्व में टेस्ट क्रिकेट में एक नए युग की शुरुआत करने की तैयारी कर रहा है, वहीं पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने युवा कप्तान के लिए कुछ विचारशील सलाह साझा की है। आईसीसी रिव्यू पर बोलते हुए, शास्त्री ने गिल से धैर्य रखने और संयमित रहने का आग्रह किया, क्योंकि वह विश्व क्रिकेट में सबसे चुनौतीपूर्ण भूमिकाओं में से एक में कदम रख रहे हैं - इंग्लैंड में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में भारत का नेतृत्व करना। शास्त्री ने 25 वर्षीय खिलाड़ी को अपना मार्गदर्शन देते हुए कहा, "मुझे लगता है, अपना समय लें।" "यह आसान नहीं होने वाला है। उन्हें एक कठिन काम करने के लिए कहा गया है - वह है इंग्लैंड दौरे पर भारत की कप्तानी करना।" रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे अनुभवी खिलाड़ियों ने हाल ही में लंबे प्रारूप से संन्यास की घोषणा की है।

## गिल में एक अच्छा कप्तान बनने के लिए सभी आवश्यक गुण हैं: गैरी कर्स्टन



**नई दिल्ली।** लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज शुरू करने से पहले, पूर्व मुख्य कोच गैरी कर्स्टन ने कहा कि शुभमन गिल में एक महान कप्तान बनने की पूरी क्षमता है। उन्होंने कहा कि वह ऐसे व्यक्ति हैं जो अपने शब्दों को कामों से साबित करते हैं। शुक्रवार को हेडिंग्ले में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज की शुरुआत करने वाली भारतीय टीम में गिल पूरी तरह से चर्चा में रहेंगे। पिछले महीने रोहित शर्मा के टेस्ट से संन्यास लेने के बाद गिल ने टीम के टेस्ट कप्तान का पद संभाला है। विराट कोहली के भी टेस्ट से संन्यास लेने के बाद गिल भारतीय बल्लेबाजी क्रम में चौथे नंबर पर अनुभवी बल्लेबाज की जगह भरने की अतिरिक्त जिम्मेदारी भी संभालेंगे। कर्स्टन को आईपीएल में गुजरात टाइटन्स के बल्लेबाजी कोच के रूप में गिल को करीब से देखने का मौका मिला था। "मुझे लगता है कि शुभमन एक बेहतरीन लीडर बनने जा रहे हैं। वह एक स्मार्ट क्रिकेटर हैं - उनके पास खेल के लिए एक अच्छा दिमाग है और वह अपने खेल को समझते हैं। वह बहुत प्रतिभाशाली और एक अच्छे इंसान हैं, जो मुझे लगता है कि वास्तव में महत्वपूर्ण है।''

### ब्लिट्ज सेमीफाइनल में दिव्या का उलटफेर

# नंबर-1 खिलाड़ी को हराया

**एजेंसी। नई दिल्ली**



● पीएम मोदी ने दी बधाई

फिडे विश्व रैपिड एंड ब्लिट्ज टीम चैंपियनशिप के दूसरे चरण के ब्लिट्ज सेमीफाइनल में दिव्या देशमुख ने जीत दर्ज की। दिव्या ने दुनिया की नबंर-1 खिलाड़ी होउ यिफान को शिकस्त दी, जिसके बाद पीएम मोदी ने उनको सराहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 'एक्स' हैंडल पर लिखा, "लंदन में वर्ल्ड टीम ब्लिट्ज चैंपियनशिप के दूसरे चरण के ब्लिट्ज सेमीफाइनल में दुनिया की नंबर-1 खिलाड़ी होउ यिफान को हराने पर दिव्या देशमुख को बधाई। उनकी सफलता उनके धैर्य और दृढ़ संकल्प को दर्शाती है। यह कई उभरते शतरंज खिलाड़ियों को भी प्रेरित करती है। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।"

दिव्या देशमुख ने पीएम मोदी के ट्वीट को शेयर करते हुए लिखा, "धन्यवाद, आदरणीय प्रधानमंत्री का मुझे सम्मानित करना, मेरे लिए बहुत सम्मान और प्रोत्साहन की बात है।"

दिव्या की जीत के बाद केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने भी विश्व की नंबर एक खिलाड़ी पर उनकी शानदार जीत की सराहना की है।

मनसुख मांडविया ने 'एक्स' पर लिखा, "लंदन में विश्व टीम ब्लिट्ज चैंपियनशिप में ब्लिट्ज सेमीफाइनल के दूसरे चरण में विश्व की नंबर एक खिलाड़ी होउ यिफान पर उनकी शानदार जीत के लिए हमारी शतरंज स्टार दिव्या देशमुख को हार्दिक बधाई। भविष्य के लिए आपको शुभकामनाएं।"

'हेक्सामाइंड शतरंज क्लब' का प्रतिनिधित्व करते हुए, 18 वर्षीय दिव्या ने 74 चालों के रोमांचक मुकाबले में यिफान को शिकस्त दी है।

ब्लिट्ज फॉर्मेट में दिव्या ने आठ में से छह गेम जीत, एक ड्रॉ और सिर्फ एक हार दर्ज की, जिससे उनकी एलीट परफॉरमेंस रेटिंग 2606 रही।

इसके बाद उन्होंने तीसरे स्थान के प्लेऑफ में दबदबा बनाया, जिससे उनकी टीम ने दोनों राउंड में उज्बेकिस्तान को 3.5-2.5 से हराकर टीम कांस्य रैपिड फॉर्मेट में दिव्या को पांच जीत, छह ड्रॉ और सिर्फ एक हार मिली। उन्होंने बोर्ड 6 पर 2420 की प्रदर्शन रेटिंग के साथ टीम रजत और एक व्यक्तिगत कांस्य पदक हासिल किया।

फिडे विश्व रैपिड और ब्लिट्ज टीम चैंपियनशिप का तीसरा संस्करण 10 से 16 जून के बीच लंदन में हुआ। इसकी कुल पुरस्कार राशि 5,00,000 यूरो थी। रैपिड टूर्नामेंट के लिए 3,10,000 यूरो और ब्लिट्ज के लिए 190,000 यूरो निर्धारित किए गए थे।

## वर्ल्ड कप से पहले पूरी तरह से तैयार होगा मदुरै हॉकी स्टेडियम

**एजेंसी**



**चेन्नई।** भारत दिसंबर 2025 में एफआईएच जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप की मेजबानी की तैयारी में जुटा है। हॉकी इंडिया के जनरल सेक्रेटरी भोलानाथ सिंह ने बताया है कि मदुरै में स्टेडियम वर्ल्ड कप से पहले पूरी तरह तैयार हो जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने भारतीय हॉकी के अगले लक्ष्य के बारे में भी बताया है।

भोलानाथ सिंह ने 'आईएएनएस' से कहा, "इसमें 24 टीमें हिस्सा लेने जा रही हैं। चेन्नई और मदुरै में यह टूर्नामेंट खेला जाना है। चेन्नई में 42 मुकाबले खेले जाएंगे, जबकि मदुरै में 32 मैच होंगे। इस तरह कुल 72 मैचों का आयोजन होगा।"

उन्होंने आगे बताया, "चेन्नई का स्टेडियम पूरी तरह से अंतरराष्ट्रीय स्तर का है। मदुरै में भी सरकार पूरी तरह से तैयारी कर रही है। वहां स्टेडियम वर्ल्ड कप से पहले पूरी तरह से तैयार हो जाएगा। हम हर एक टूर्नामेंट (जूनियर, सब-जूनियर, सीनियर) को लेकर चल रहे हैं। ग्रासरूट डेवलपमेंट पर काम किया जा रहा है।"

उन्होंने आगे कहा, "बहुत दिनों के बाद इंडियन हॉकी ऊपर आई है। पूरी कोशिश है कि इसका लेवल बरकरार रखा जाए। हमारा अगला टारगेट 2026 वर्ल्ड कप है। जूनियर वर्ल्ड कप भी चेन्नई में हो रहा है। आगामी एशियन गेम्स, आगामी ओलंपिक भी हमारा लक्ष्य है। टीम अच्छा परफॉर्म कर रही है। थोड़े उतार-चढ़ाव कभी-कभी होते हैं, लेकिन जरूरत के समय हमारे खिलाड़ी अच्छा खेलेंगे और मेडल लाएंगे।"एफआईएच हॉकी जूनियर विश्व कप-2025 का आयोजन 28 नवंबर से 10 दिसंबर के बीच होगा। यह भारत में आयोजित होने वाला लगातार तीसरा एफआईएच जूनियर पुरुष विश्व कप होगा। इस प्रतिष्ठित आयोजन के पिछला संस्करण साल 2021 में भुवनेश्वर में आयोजित हुआ था। इससे पहले साल 2016 में लखनऊ इसकी मेजबानी कर चुका है।

## वेस्टइंडीज की दो खिलाड़ियों पर आईसीसी ने लगाया जुर्माना

**दुबई।** वेस्टइंडीज की महिला खिलाड़ी आलियाह एलीने और कियाना जोसेफ पर आईसीसी ने जुर्माना लगाया है। इन दोनों खिलाड़ियों को पिछले हफ्ते दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे वनडे में आईसीसी आचार संहिता के लेवल-1 के उल्लंघन का दोषी पाया गया है। दोनों खिलाड़ियों और प्लेयर सपोर्ट पर्सनल को आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 का उल्लंघन करते हुए पाया गया है, जो 'अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति दिखाने' से संबंधित है। आईसीसी ने प्रेस रिलीज में बताया कि एलीने पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इसके साथ उनके अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है। जब अंपायर ने एलीने को आउट करार दिया, तो उन्होंने हाथों से इशारा करते हुए मैदान से बाहर जाने में देरी की थी। जोसेफ ने भी कुछ ऐसा ही किया था, जिसके चलते उन पर मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इसके साथ ही उनके अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में दो डिमेरिट अंक जोड़े गए हैं।

## मेक्सिको ने सूरीनाम और कोस्टा रिका ने डोमिनिकन रिपब्लिक को दी शिकस्त

**टेक्सास।** मेक्सिको ने गुरुवार (आईएसटी) को टीएंडटी स्टेडियम में सूरीनाम के खिलाफ 2-0 से जीत दर्ज की। इसी के साथ उसने कॉनकाकाफ गोल्ड कप ग्रुप चरण में अपनी दूसरी जीत हासिल की। जेवियर एगुइरे की टीम शुरुआत से ही मजबूत नजर आ रही थी, लेकिन वह पहले हाफ में स्कोरबोर्ड पर दबदबा दिखाने में विफल रहे। हालांकि, इस बीच लगातार विरोधी गोल के सामने खतरे जरूर पैदा किए। शुरुआती 45 मिनट के दौरान, मेक्सिको ने गेंद पर ज्यादा कंट्रोल रखा। एलेक्सिस वेगा, जूलियन क्विनोनेस और रॉबर्टो अल्वाराडो ने मौके बनाए, लेकिन गोल नहीं हो सका। मुकाबले के 57वें मिनट में सीजर मोंटेस ने कॉर्नर किक में हेडर लगाकर स्कोर 1-0 कर दिया। यहां से टीम को लीड मिल चुकी थी। इसके ठीक छह मिनट बाद, मोंटेस ने अपना डबल स्कोर किया। उन्होंने दूसरे सेट पीस से बॉक्स के अंदर रिबाउंड को गोल में बदला। यह डिफेंडर दो गोल करके मैच का स्टार बन गया। इसी के साथ मेक्सिको ने मैच 2-0 से अपने नाम कर लिया। इस परिणाम के साथ, मेक्सिको के छह अंक हो गए हैं। यह टीम अपना अगला मैच रविवार को कोस्टा रिका के खिलाफ खेलेगी। यह मैच ग्रुप में पहला स्थान हासिल करने के लिए महत्वपूर्ण होगा। इस बीच, एक अन्य मुकाबले में कोस्टा रिका ने ग्रुप ए में डोमिनिकन गणराज्य के खिलाफ 2-1 से जीत दर्ज की।





## गोल्ड लोन पर आरबीआई के नए नियमों से बिजनेस मॉडल में आ सकता है बदलाव

**एजेंसी**



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक के नए दिशा-निर्देश 'गोल्ड लोन' क्षेत्र में बड़ा बदलाव लाने वाले हैं। जिन ऋणदाताओं के पास अपने बिजनेस मॉडल को तेजी से बदलने की क्षमता होगी, वे इन नए नियमों से लाभान्वित हो पाएंगे। यह जानकारी गुरुवार को जारी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स की रिपोर्ट में दी गई।


रिपोर्ट का मानना है कि ऋणदाताओं के पास गोल्ड-समर्थित उपभोग ऋणों के लिए कम अवधि के ऋण देने की अधिक स्वतंत्रता होगी, जिससे छोटे उधारकर्ता अपनी गिरवी रखी गई सोने की संपत्तियों से अधिक मूल्य प्राप्त कर सकेंगे। ऋणदाताओं के पास बदलावों के लिए तैयार होने के लिए 1 अप्रैल, 2026 तक का समय है। रिपोर्ट में नए नियमों के दो तत्वों को लेकर जानकारी दी गई है। पहला लोन-टू-वैल्यू (एलटीवी) रेश्यो की गणना में मैच्योरिटी तक ब्याज भुगतान को शामिल करना। यह प्रभावी रूप से वितरित किए जाने वाले अग्रिम ऋण राशि को सीमित कर सकता है, जिसे ऋणदाता दूर करने का प्रयास करेंगे। दूसरा 3,000 डॉलर से अधिक के उपभोग-केंद्रित ऋणों और सभी आय-उत्पादक ऋणों के लिए उधारकर्ताओं के नकदी प्रवाह विश्लेषण के आधार पर ऋण मूल्यांकन का अनुप्रयोग। रिपोर्ट के अनुसार, मुथूट फाइनेंस लिमिटेड (बीबी+/स्टेबल/बी) और मणप्पुरम फाइनेंस लिमिटेड (बीबी-/स्टेबल/बी) जैसी प्रमुख गोल्ड-बेस्ड लोन बुक्स वाली गैर-बैंक वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के लिए ऋण मूल्यांकन में समायोजन बड़ा होगा। एनबीएफसी को नकदी प्रवाह के आधार पर उधारकर्ताओं की पुनर्भुगतान क्षमताओं का मूल्यांकन करने के लिए जोखिम प्रबंधन नीतियों और प्रक्रियाओं को विकसित करने की आवश्यकता है। रिपोर्ट बताती है कि परंपरागत रूप से, वे कोलेटरल वैल्यूएशन पर निर्भर रहे हैं। पुनर्भुगतान क्षमता का आकलन करने के लिए ऋण अधिकारियों को नियुक्त करने और प्रशिक्षित करने के लिए कौशल अंतराल को पाटना इन ऋणदाताओं के लिए एक अग्रिम लागत और बाधा दोनों है। रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि मॉडल में त्वरित समायोजन की संभावना है।

### भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते से द्विपक्षीय व्यापार दोगुना होगा

# निवेश के नए रास्ते खुलेंगे : पीयूष गोयल

● मुक्त व्यापार समझौता दोनों देशों के बीच संबंधों में स्थिरता और पूर्वानुमानशीलता लाता है

**एजेंसी**



**लंदन।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इंडिया ग्लोबल फोरम (आईजीएफ) में अपने संबोधन में भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते की प्रगति - कार्यान्वयन के साथ दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को गहरा करने और निवेश के नए रास्ते खोलने की इसकी क्षमता पर प्रकाश डाला। आईजीएफ में अपने ब्रिटिश समकक्ष जोनाथन रेनॉल्ड्स के साथ केंद्रीय मंत्री गोयल ने इस बात पर जोर दिया कि भारत की ग्रोथ स्टोरी ब्रिटेन को जबरदस्त अवसर प्रदान करती है।

उन्होंने बताया कि किस तरह दोनों पक्षों के व्यवसाय साझा विकास के लिए पूरक शक्तियों का लाभ उठा सकते हैं।

केंद्रीय मंत्री गोयल ने एफटीए को दोनों देशों के बीच सहमत अच्छे संबंध के रूप में संदर्भित किया, जिससे अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार दोगुना हो जाएगा।

केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि मुक्त व्यापार समझौता दोनों देशों के बीच संबंधों में स्थिरता और पूर्वानुमानशीलता लाता है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, "इससे व्यवसायों को एक-दूसरे की अर्थव्यवस्था में निवेश शुरू करने का विश्वास मिलता है और मुझे लगता है कि इससे दोनों अर्थव्यवस्थाओं में अधिक निवेश का मार्ग भी प्रशस्त होगा।"

उन्होंने कहा, "भारत और ब्रिटेन अधिक मजबूत सप्लाई चेन लाने, एक-दूसरे के साथ काम करने, एक-दूसरे के पूरक बनने और दोनों देशों के लिए मूल्य और लाभ जोड़ने के लिए इनोवेशन में भागीदार बन सकते हैं।"

रेनॉल्ड्स ने कहा कि वह भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर के साथ पेश होने वाली संभावनाओं को लेकर वास्तव में उत्साहित हैं।

ब्रिटेन की यात्रा पर गए केंद्रीय मंत्री गोयल ने मुक्त व्यापार समझौते को लागू करने के बारे में रेनॉल्ड्स के साथ द्विपक्षीय बैठक भी की।

बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा, "ब्रिटेन के व्यापार और वाणिज्य मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स के साथ एक उत्पादक वार्ता बैठक हुई। हमने व्यापक और पारस्परिक रूप से लाभकारी मुक्त व्यापार समझौते को लागू करने के अपने साझा लक्ष्य को दोहराया, जो दोनों देशों की महत्वाकांक्षाओं को दर्शाता है।"

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने यह भी कहा कि उन्होंने ब्रिटेन की संस्कृति, मीडिया और खेल मामलों की मंत्री लिसा नंदी के साथ भी वार्ता की।

केंद्रीय मंत्री ने एक्स पर एक बयान में कहा, "हमारे वाइब्रेंट द्विपक्षीय संबंधों के एक आवश्यक स्तंभ, अधिक सांस्कृतिक सहयोग और रचनात्मक आदान-प्रदान के लिए रास्ते तलाशे गए।"

## एयर इंडिया ने अहमदाबाद विमान हादसे की याद में 'एक्स' पर शेयर किया पोस्ट

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने गुरुवार को अहमदाबाद विमान हादसे की याद में अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल से एक पोस्ट साझा की। कंपनी ने 12 जून एआई-171 विमान हादसे में जान-माल को लेकर हुए नुकसान के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एयरलाइन ने एक लेटेस्ट पोस्ट में लिखा, "हमारे दिलों में और हमारे उद्देश्य में।" इस पोस्ट के साथ कंपनी ने 'इन रिमेम्बरेंस' के साथ एक एयर होस्टेस को हाथ जोड़ते हुए दिखाया है। पोस्ट पर सोशल मीडिया एक्स यूजर्स की अलग-अलग प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। कुछ यूजर्स एयरलाइन से सवाल पूछते नजर आए कि इस पोस्ट के जरिए आखिर एयरलाइन क्या संदेश देना चाहती है। वहीं, कुछ यूजर्स ने कहा कि वे एयर इंडिया के यात्रियों और परिवार के साथ इस दुख की घड़ी में साथ खड़े हैं। एक एक्स हैंडल यूजर ने पोस्ट पर रिप्लाई करते हुए लिखा, "विमान के रखरखाव को गंभीरता से लें और उम्मीद है कि यह स्थिति दोबारा नहीं आएगी।

## अमेजन इंडिया 2,000 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश करेगी

**एजेंसी**




**नई दिल्ली।** अमेजन ने गुरुवार को कहा कि वह 2025 में परिचालन बुनियादी ढांचे का विस्तार और अपग्रेड करने, सहयोगी सुरक्षा और कल्याण कार्यक्रमों में सुधार करने, साथ ही अपने फुलफिलमेंट नेटवर्क के लिए नए टूल्स और टेक्नोलॉजी विकसित करने के लिए 2,000 करोड़ रुपए (233 मिलियन डॉलर) से अधिक का निवेश करेगी।

कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह नया निवेश अमेजन द्वारा एक परिचालन नेटवर्क बनाने में किए गए निवेश के अतिरिक्त है, जो कंपनी को देश भर में सभी सर्विस वाले पिन-कोड तक डिलीवरी करने में मदद करता है। अमेजन इंडिया और ऑस्ट्रेलिया के परिचालन के वीपी, अभिनव सिंह ने कहा, "भारत में अब एक दशक से अधिक समय से हम सर्वश्रेष्ठ श्रेणी के लॉजिस्टिक्स इन्फ्रास्ट्रक्चर के निर्माण पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जिसे देश भर में हमारे ग्राहकों के लिए सुरक्षा, गति और विश्वसनीयता के साथ डिलीवरी करने के लिए डिजाइन किया गया है।" सिंह ने कहा, "अपनी बुनियादी संरचना क्षमताओं को मजबूत करके, प्रसंस्करण क्षमता को बढ़ाकर और अत्याधुनिक तकनीक को लागू करके, हम अपने कर्मचारियों, सहयोगियों और भागीदारों का समर्थन करते हुए पूरे भारत में ग्राहकों को बेहतर सेवा देने के लिए अमेजन को तैयार कर रहे हैं।"

## वैश्विक अस्थिरता से हल्के लाल निशान में बंद सेंसेक्स

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार गुरुवार के कारोबारी सत्र में लाल निशान में बंद हुआ। बाजार में चौतरफा बिकवाली देखने को मिली। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 82.79 अंक या 0.10 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 81,361.87 और निफ्टी 18.80 अंक या 0.08 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,793.25 पर बंद हुआ। बाजार में गिरावट का नेतृत्व मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों ने किया। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 949.25 अंक या 1.63 प्रतिशत की गिरावट के साथ 57,159.95 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 365.35 अंक या 1.99 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,013.10 पर था।